चैत्र शुक्ल पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

बुधवार, 17 अप्रैल 2024
वर्ष-2, अंक-249, पृष्ठ-20
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार


अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार



जबरदस्त विस्फोटों की चपेट में है सूर्य 20
मिस्टर एंड मिसेज माही देखने के लिए एक्साइटेड हूं 19

रामनवमी



अयोध्या में राम जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर रामलला के मंदिर को रंग-बिरंगी लाइटों से सजा दिया गया। रामलला के गर्भगृह को भी आकर्षक फूलों से सजाया गया है। बुधवार को 12 बजे राम जन्म मनाया जाएगा। 12 बजकर 16 मिनट पर सूर्य की किरणें रामलला का मस्तकाभिषेक करेंगी। फोटो : प्रशांत शेखर

**यूपीएससी की ओर से आयोजित परीक्षा में 1016 अभ्यर्थियों का हुआ चयन, इनमें 664 पुरुष और 352 महिलाएं शामिल**

## सिविल सेवा परीक्षा में लखनऊ के आदित्य रहे टॉपर, अनिमेष द्वितीय

नई दिल्ली, एजेंसी

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से मंगलवार को सिविल सर्विस परीक्षा-2023 का परिणाम घोषित किया गया। लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि अनिमेष प्रधान द्वितीय और डोनुरु अनन्या रेड्डी तीसरे स्थान पर रहीं। कुल 1016 अभ्यर्थियों ने (664 पुरुष और 352 महिलाओं) ने परीक्षा उत्तीर्ण की और आयोग ने विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए उनके नामों की सिफारिश की है।

यूपीएससी ने बताया कि शीर्ष पांच स्थानों पर तीन पुरुष और दो महिलाएं हैं जिन्हें कामयाबी मिली। वहीं पी. के. सिद्धार्थ रामकुमार और रुहानी ने चौथा और पांचवां स्थान हासिल किया। टॉपर आदित्य ने अपने वैकल्पिक विषय के रूप में 'इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग' को चुना था। उन्होंने कानपुर आईआईटी से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में ही स्नातक (बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी) किया है। वहीं, राउरकेला स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) से कंप्यूटर विज्ञान में स्नातक (बीटेक) अनिमेष प्रधान ने अपने वैकल्पिक विषय के रूप में समाजशास्त्र को चुना था।

दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस से भूगोल में स्नातक (ऑनर्स) की पढ़ाई करने वाली डोनुरु अनन्या रेड्डी का वैकल्पिक विषय मानव विज्ञान था।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिविल सेवा परीक्षा के सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी।

### आदित्य पहले आईपीएस और अब आईएएस



**लखनऊ।** सिविल सेवा परीक्षा-2023 में लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने टॉप कर लखनऊ का मान बढ़ाया है। पिछले वर्ष उनका चयन आइपीएस के लिए हुआ था और वर्तमान में वे हैदराबाद में ट्रेनिंग कर रहे हैं। आदित्य श्रीवास्तव की प्रारंभिक शिक्षा सीएमएस लखनऊ की अलीगंज शाखा में हुई। वर्ष 2014 में इंटर में इन्हें 98 .4 फीसदी अंक मिले थे। मां आभा श्रीवास्तव बताती हैं कि 12 वीं पास करने के बाद आदित्य का चयन आईआईटी कानपुर के लिए हो गया। वर्ष 2019 में कानपुर से बीटेक किया। सीएजी में ऑडिट ऑफिसर पिता अजय श्रीवास्तव बताते हैं कि आदित्य ने पिछले वर्ष दूसरे प्रयास में 226 रैंक प्राप्त की थी। पहले प्रयास में आदित्य सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा में असफल रहे थे। पिता अजय ने यह भी बताया कि बीटेक करने के बाद आदित्य ने बेंगलुरु की एक निजी कंपनी में कुछ दिनों तक सेवाएं भी दी थी। आदित्य श्रीवास्तव अपनी सफलता का श्रेय पिता और मामा को देते हैं। उनके मामा विनोद कुमार मसूरी स्थित आईएएस ट्रेनिंग सेंटर के डायरेक्टर रह चुके हैं। अजय श्रीवास्तव बताते हैं आदित्य ने फोन करके अपने टाप करने की जानकारी दी। का फोन आया। उसने परीक्षा में टॉपर होने की जानकारी दी। यह सुनकर उनकी आंखों में खुशी के आंसू आ गए। आदित्य की बहन भी दिल्ली में रहकर सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रही है।

### शीर्ष 25 में 10 महिलाएं

शीर्ष 25 अभ्यर्थियों में 10 महिलाएं और 15 पुरुष हैं। आईएएस, आईएफएस और आईपीएस के अधिकारियों का चयन करने के लिए यूपीएससी हर वर्ष तीन चरणों में प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार में सिविल सेवा परीक्षा आयोजित करता है। सफल अभ्यर्थियों में 30 दिव्यांग (16 अस्थिबाधित, छह दृष्टिबाधित, पांच श्रवणबाधित और तीन बहुदिव्यांग) भी शामिल हैं।









### झेलम में नाव पलटने से छह लोगों की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में गंडबल से बटवारा जा रही नाव मंगलवार सुबह झेलम नदी में पलट गई, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लापता हैं। नाव में स्कूली बच्चों सहित 20 से अधिक लोग सवार थे। वहीं हादसे का कारण नदी पार करने में मदद करने वाली रस्सी के टूट को बताया जा रहा है।

## एक सप्ताह में सार्वजनिक रूप से माफी मांगे रामदेव-बालकृष्ण : सुप्रीम कोर्ट

**कोर्ट ने कहा- आपका काम अच्छा लेकिन एलोपैथी को नीचा नहीं दिखा सकते**

नई दिल्ली, एजेंसी

**भ्रामक विज्ञापन मामला**

- **रामदेव और बालकृष्ण ने व्यक्तिगत रूप से बिना शर्त कोर्ट से माफी मांगी**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बाबा रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद को भ्रामक विज्ञापन मामले में सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने के लिए एक सप्ताह का समय दिया, लेकिन यह भी कहा कि वह अभी उन्हें इस चरण में राहत नहीं देने जा रहा है। सुनवाई के दौरान रामदेव और बालकृष्ण दोनों उपस्थित थे और उन्होंने व्यक्तिगत रूप से शीर्ष अदालत से बिना शर्त माफ़ी मांगी।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने स्पष्ट किया कि उन्होंने उन्हें इस चरण में राहत देने का फैसला नहीं किया है। पीठ ने बालकृष्ण से कहा कि आप अच्छा काम कर रहे हैं लेकिन आप एलोपैथी को नीचा नहीं दिखा सकते। रामदेव ने पीठ से कहा कि उनका किसी भी तरह से अदालत का अनादर करने का कोई इरादा नहीं था। हालांकि, पीठ ने बालकृष्ण से कहा कि वे (पतंजलि) इतने सीधे साधे नहीं हैं कि उन्हें नहीं पता कि कोर्ट ने मामले में अपने पहले के आदेशों में क्या कहा था। रामदेव और बालकृष्ण के वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने पीठ से कहा कि वह सार्वजनिक रूप से माफी मांगने को तैयार हैं। इस पर अदालत ने रामदेव और बालकृष्ण को बातचीत के लिए आगे बुलाया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए 23 अप्रैल की तिथि तय की है। रामदेव और बालकृष्ण ने अपने उत्पादों की औषधीय प्रभावशीलता के बारे में बड़े-बड़े दावे करने वाले विज्ञापनों पर उच्चतम न्यायालय के समक्ष पिछले सप्ताह बिना शर्त मांगी थी। कोर्ट में दाखिल दो अलग-अलग हलफनामों में रामदेव और बालकृष्ण ने कोर्ट के पिछले साल 21 नवंबर के आदेश में दर्ज बयान के उल्लंघन के लिए बिना शर्त माफी मांगी। उच्चतम न्यायालय ने 21 नवंबर, 2023 के आदेश में कहा था कि पतंजलि आयुर्वेद का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने उसे आश्वासन दिया था कि अब से खासकर पतंजलि आयुर्वेद द्वारा निर्मित और विपणन किए गए उत्पादों के विज्ञापन या ब्रांडिंग के संबंध में किसी भी कानून का उल्लंघन नहीं होगा। पतंजलि ने कहा था कि असर के संबंध में या चिकित्सा की किसी भी पद्धति के खिलाफ कोई भी बयान मीडिया में जारी नहीं किया जाएगा। कोर्ट ने कहा था कि पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड इस तरह के आश्वासन का पालन करने के लिए बाध्य है। आश्वासन का पालन नहीं करने और उसके बाद मीडिया में बयान जारी किए जाने पर कोर्ट ने अप्रसन्नता जताई थी। कोर्ट ने बाद में पतंजलि को कारण बताओ नोटिस जारी किया कि क्यों न उसके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाए।



भ्रामक विज्ञापन मामले में सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट जाते बाबा रामदेव। ● एजेंसी

## छत्तीसगढ़ में बड़ी कार्रवाई, 29 नक्सलियों को मार गिराया

कांकेर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 29 नक्सलियों को मार गिराया है। मुठभेड़ में तीन जवान भी घायल हो गए। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि जिले के छोटेबेठिया पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीनागुंडा और कोरोनार गांवों के मध्य हापाटोला गांव के जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी।

उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों को माओवादियों के उत्तरी बस्तर डिवीजन के नक्सली शंकर, ललिता, राजू समेत अन्य की मौजूदगी की सूचना मिली थी। जिसके बाद छोटेबेठिया थाना क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के संयुक्त दल को गश्त के लिए रवाना किया गया। दल मंगलवार दोपहर लगभग दो बजे हापाटोला गांव के जंगल में था तभी नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की।

प्रारंभिक जानकारी के घटनास्थल से एके-47 राइफल, एसएलआर राइफल, इंसास राइफल और 303 बंदूक समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किया गया है। सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर हो रही गोलीबारी के बीच इलाके में अब भी खोजी अभियान जारी है। सुंदरराज ने बताया, मुठभेड़ में तीन जवान घायल हुए हैं जिन्हें अस्पताल भेजा गया। तीनों की हालत खतरे से बाहर है।



घटनास्थल पर खड़ा सुरक्षाबल का जवान।

### असम राइफल्स और उग्रवादियों में मुठभेड़, एक जवान घायल

**तिनसुकिया/गुवाहटी।** असम के तिनसुकिया जिले में मंगलवार को असम राइफल्स और उग्रवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक जवान घायल हो गया। तिनसुकिया के एसपी गौरव अभिजीत दिलीप के अनुसार, आज सुबह असम-अरुणाचल प्रदेश सीमा के पास मार्गेरिटा के नामदांग में जवानों और उग्रवादियों में मुठभेड़ हुई थी।

## डॉक्टर से परामर्श के केजरीवाल के अनुरोध पर ईडी से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

- **रक्त शर्करा स्तर घटने-बढ़ने पर चिकित्सकीय परामर्श के लिए दिल्ली के सीएम ने किया आवेदन**

दिल्ली की अदालत ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से डॉक्टर से परामर्श करने के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के अनुरोध वाले आवेदन पर मंगलवार को ईडी से जवाब मांगा है। विशेष न्यायाधीश राकेश स्याल के समक्ष दायर आवेदन में केजरीवाल ने कहा कि उनका रक्त शर्करा स्तर घट-बढ़ रहा है और वह अपने डॉक्टर से परामर्श करना चाहते हैं। न्यायाधीश ने ईडी को 18 अप्रैल तक उसका जवाब देने का निर्देश दिया। अदालत उस दिन इस पर सुनवाई कर सकती है। याचिका के विरोध में ईडी के वकील ने दलील दी कि जेल में रोगियों के लिए सुविधाएं हैं तथा उनका चिकित्सा परीक्षण हो सकता है।

### 'मेरा नाम अरविंद केजरीवाल है और मैं आतंकवादी नहीं हूं'

**नई दिल्ली।** आप नेता संजय सिंह ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री ने तिहाड़ जेल से एक संदेश जारी कर कहा है मेरा नाम अरविंद केजरीवाल है और मैं कोई आतंकवादी नहीं हूं। सिंह ने जेल में केजरीवाल से किए जा रहे व्यवहार पर भाजपा) की आलोचना की। सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा प्रतिशोध और दुर्भावना के चलते उन्हें तोड़ना चाहती है, लेकिन वह इन सबसे और अधिक मजबूत होकर उभरेंगे।

## शशांक और विश्वदीप को भाजपा ने दिया टिकट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **देवरिया से सांसद रमापति राम त्रिपाठी और फिरोजाबाद से चंद्रसेन जादौन का टिकट काटा**

**अमृत विचार :** भाजपा ने मंगलवार को लोकसभा की दो और उप्र. की चार विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए भी उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने देवरिया से मौजूदा सांसद रमापति राम त्रिपाठी का टिकट काटकर पूर्व सांसद लेफ्टिनेंट जनरल श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी के पुत्र शशांक मणि त्रिपाठी को दिया है। फिरोजाबाद से मौजूदा सांसद चंद्रसेन जादौन का टिकट काटकर ठाकुर विश्वदीप सिंह को प्रत्याशी बनाया है। लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट के उपचुनाव में पार्टी ने ओपी श्रीवास्तव पर दांव लगाया है। वहीं, गैंसड़ी विस. उप चुनाव के लिए से पूर्व विधायक शैलेंद्र सिंह शैलू, ददरौल से विधायक रहे मानवेंद्र सिंह की जगह उनके बेटे अरविंद सिंह को उम्मीदवार बनाया है। जबकि, दुद्धी सीट पर श्रवण गोंडगों को टिकट दिया है। उप चुनाव के लिए लखनऊ में 20 मई, ददरौल में 13 मई, गैसड़ी में 25 मई और दुद्धी में एक जून को वोटिंग होगी।

## कानूनी प्रक्रिया में बाधा पहुंचाने वाले कदम सही नहीं : निर्वाचन आयोग

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों द्वारा सरकार पर उसके नेताओं को निशाना बनाने के लिए जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाये जाने के बीच निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कहा कि वह सभी पार्टियों को समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसा कोई कदम उठाना सही नहीं है जो कानूनी और न्यायिक प्रक्रिया में आड़े आ सकता है। विपक्षी गठबंधन इंडिया के कई घटक दलों ने सरकार पर उनके नेताओं को निशाना बनाने के लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए निर्वाचन आयोग का रुख किया था। कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद विपक्षी दलों ने सरकार पर नये सिरे से हमले शुरू कर दिए। उन्होंने सरकार पर लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी नेताओं की आवाज बंद करने का आरोप लगाया।

## मॉब लिंचिंग पर रोक को क्या उठाए कदम : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- **भीड़ हिंसा की घटनाओं में हुई कार्रवाई से अवगत कराने के लिए राज्यों को दिया छह सप्ताह का समय**

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को विभिन्न राज्य सरकारों से कथित गोरक्षकों और भीड़ की ओर से पीट-पीटकर हत्या किए जाने के मामलों पर की गई कार्रवाई के बारे में अवगत करने के लिए छह सप्ताह का समय दिया। न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने एक महिला संगठन की याचिका पर सुनवाई छह सप्ताह बाद करने का फैसला किया।

याचिका में अनुरोध किया गया था कि राज्यों को कथित गोरक्षकों की ओर से मुसलमानों के खिलाफ भीड़ हिंसा की घटनाओं से निपटने के लिए शीर्ष अदालत के 2018 के एक फैसले के अनुरूप तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया जाए। पीठ ने आदेश दिया कि हमने पाया है कि अधिकतर राज्यों ने 'मॉब लिंचिंग' के उदाहरण पेश करने वाली रिट याचिका पर अपने जवाबी हलफनामे दाखिल नहीं किए हैं। राज्यों से अपेक्षा थी कि वे कम से कम इस बात का जवाब दें कि ऐसे मामलों में क्या कार्रवाई की गयी है।

## भारत की वृद्धि दर का अनुमान 6.8 प्रतिशत

वाशिंगटन, एजेंसी

- **दुनिया की सबसे तेज रफ्तार से बढ़ रही अर्थव्यवस्था बना भारत**

अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने घरेलू मांग बढ़ने और कामकाजी उम्र की बढ़ती आबादी का जिक्र करते हुए वर्ष 2024 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान मंगलवार को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया। इस तरह भारत दुनिया की सबसे तेज रफ्तार से बढ़ रही अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

इसी अवधि में चीन की आर्थिक वृद्धि दर 4.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। आईएमएफ ने ''विश्व आर्थिक परिदृश्य'' के नवीनतम संस्करण में कहा, भारत में वृद्धि दर वर्ष 2024 में 6.8 प्रतिशत और 2025 में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। घरेलू मांग में निरंतर मजबूती और कामकाजी उम्र की बढ़ती आबादी से इस तेजी को बल मिलता है। मुद्राकोष ने यह रिपोर्ट आईएमएफ और विश्व बैंक की सालाना बसंत बैठकों से पहले जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक, उभरते और विकासशील एशिया में वृद्धि दर पिछले साल के अनुमानित 5.6 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2024 में 5.2 प्रतिशत और 2025 में 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह अनुमान जनवरी में जताए गए पिछले अनुमान की तुलना में थोड़ा बेहतर है।

## पहले चरण के लिए आज थम जाएगा चुनाव प्रचार

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव के पहले चरण की आठ सीटों के चुनाव के लिए 17 अप्रैल की शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा। निर्वाचन आयोग ने 19 अप्रैल को मतदान के लिए तैयारी शुरू कर दी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शाम छह बजे के बाद किसी भी राजनीतिक दल और उनके प्रत्याशियों-प्रतिनिधियों के निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार संबंधी गतिविधियां समाप्त हो जाएंगी। बताया कि पहले चरण में आठ सीटों सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (अजा), मुरादाबाद, रामपुर व पीलीभीत पर मतदान होगा।

## भाजपा, सपा और बसपा के सभी प्रत्याशी करोड़पति

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में आठ सीटों पर 91 प्रत्याशी भाग्य आजमा रहें हैं। इनमें से 42 उम्मीदवार यानि 46 प्रतिशत प्रत्याशी करोड़पति हैं । खास बात है कि भाजपा हो या सपा,बसपा का हर प्रत्याशी करोड़पति है। यही नहीं, छोटे दलों भी करोड़पति को ही प्रत्याशी बना रहें हैं। इस मामले में कांग्रेस पीछे है, इनके चार में से तीन उम्मीदवार करोड़पति हैं।

उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स(एडीआर) ने दूसरे चरण में अलीगढ़, अमरोहा, बागपत, बुलंदशहर, गौतमबुध नगर, गाजियाबाद, मथुरा और मेरठ से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों के शपथ पत्रों का विश्लेषण किया है। यूपी इलेक्शन वॉच के राज्य संयोजक संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि दूसरे चरण में मथुरा से भाजपा के टिकट पर हेमामालिनी चुनाव लड़ रही हैं, जिनकी संपत्ति करीब 278 करोड़ रुपये है। इसी तरह से बीजेपी के ही अलीगढ़ सीट के सतीश कुमार गौतम की संपत्ति 16 करोड़ है। मेरठ लोकसभा सीट पर बसपा प्रत्याशी देवव्रत की संपत्ति पांच करोड रुपये के आसपास हैं। उन्होंने बताया कि, दूसरे चरण के उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 10.05 करोड़ है। पार्टियों की बात की जाये तो बसपा के आठ प्रत्याशियों की औसत संपत्ति लगभग 10.75 करोड़ है। बीजेपी के सात उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 91.23करोड़ है। सपा के चार प्रत्याशियों की औसत संपत्ति 17.34 करोड़ है। वहीं कांग्रेस के चार उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 3.56 करोड़ है। इसके अलावा जय हिंद नेशनल पार्टी के दो प्रत्याशी मैदान में हैं, दोनो ही करोड़पति हैं। इसी प्रकार समाज विकास क्रांति पार्टी का इकलौता प्रत्याशी है वह करोड़पति है।

**निर्दलीय भी अपराधी:** संपत्ति की जानकारी देते हुए एडीआर के संजय सिंह कहा कि आपराधिक मामलों में निर्दलीय प्रत्याशी भी पीछे नही हैं। अलीगढ़ से निर्दल प्रत्याशी पं.केशवदेव गौतम पर पांच मामले दर्ज हैं। दूसरे नम्बर पर सपा के बागपत सीट के उम्मीदवार अमरपाल हैं, नौ आपराधिक मामले है, वही दो आपराधिक मामलों के साथ मेरठ के प्रत्याशी हाजी अफज़ल तीसरे नंबर पर हैं।

### निरक्षर प्रत्याशी मैदान में

यूपी इलेक्शन वॉच के संजय सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में वर्तमान में भी साक्षर एवं निरक्षर लोग अपनी किस्मत अजमा रहे हैं। दुसरे चरण में 33 प्रत्याशियों ने अपनी शैक्षिक योग्यता पांचवीं से 12वीं के बीच में घोषित की है। जबकि 52 उम्मीदवार स्नातक व परास्नातक घोषित हैं। वहीं, दो प्रत्याशियों ने खुद को डिप्लोमा धारक हैं। इसके अलावा दो ने खुद को साक्षर और दो ने खुद को निरक्षर घोषित किया है।

### अपराधों में 21 लिप्त

संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि इन 91 प्रत्याशियों में 21 ने अर्थात 23 प्रतिशत ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किये हैं। इन आठ सीटों पर सपा के चार प्रत्याशी मैदान में हैं और चारों पर अपराध के मामले लंबित हैं। वहीं बसपा के आठ में से तीन (38 प्रतिशत), बीजेपी के सात में से दो, कांग्रेस के चार में दो अर्थात 50 फीसदी, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी ने प्रत्याशी तीन उतारें हैं। इनमें से दो पर आपराधिक मामले चल रहे हैं। इनमें से गंभीर मामलों की बात करें तो बसपा के 25 प्रतिशत उम्मीदवारों पर, बीजेपी के 29 प्रतिशत, सपा व कांग्रेस के 50-50 प्रतिशत, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी ने 33 प्रतिशत प्रत्याशियों पर दर्ज हैं।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# निरीक्षण कर साकेत, जालपा और आजाद पेट्रोल पंप को दिया नोटिस

## रामनवमी को लेकर 39 पेट्रोल पंपों की जांच, तीन पर मिली बदइंतजामी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनवमी पर अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को पेट्रोल पंप पर मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं की हकीकत जानने के लिए जिला आपूर्ति विभाग ने मंगलवार को 39 जगहों का निरीक्षण किया। सभी पंपों पर शौचालय व पेयजल के इंतजाम देखे गए। इस दौरान कई जगहों पर बदइंतजामी पाई गई। कुछ को चेतावनी दी गई है तो तीन पंप मालिकों को नोटिस देकर जवाब मांगा गया है।

अयोध्या में श्रृंगार घाट स्थित साकेत पेट्रोल पंप पर शौचालय मंद स्वच्छता नहीं मिली। न ही पानी का इंतजाम था। वाटर कूलर में भी पानी नहीं आ रहा था। रुदौली तहसील के मियापुरवा स्थित आजाद बल्क कैरियर के पंप पर निरीक्षण के दौरान वाटर कूलर मशीन खराब मिली। फर्म पर स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था नहीं थी। अयोध्या में अमानीगंज क्षेत्र में स्थित जालपा फिलिंग स्टेशन पर शौचालय में न तो साफ-सफाई मिली और न ही हैंडवॉश रखा था। इसलिए इन तीनों को नोटिस देकर तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा है।


पेट्रोल पंप पर निरीक्षण के दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी बृजेश मिश्र।

**शौचालय न पानी की व्यवस्था, जमकर लताड़े गए पंप संचालक**

**नगर निगम क्षेत्र के पंपों की हुई सर्वाधिक जांच**

विभाग की टीम ने चार दिन के भीतर 39 पेट्रोल पंपों पर जांच की। जिसमें अयोध्या नगर निगम क्षेत्र के सर्वाधिक 15 पेट्रोल पंप शामिल हैं। रुदौली व सदर तहसील के सात-सात, मिल्कीपुर के चार, सोहावल व बीकापुर के तीन-तीन पंपों का निरीक्षण किया गया।

> रामनवमी पर दूर-दूर से श्रद्धालु अयोध्या पहुंचेंगे। उन्हें पेट्रोल पंपों पर मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं की जांच की गई थी। तीन संचालकों को नोटिस देकर तीन दिन में स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। जवाब न देने पर एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी। - बृजेश मिश्रा, जिला आपूर्ति अधिकारी

## डंपर से भिड़ा ट्रक खलासी की मौत

**अयोध्या।** रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार को एक ट्रक सड़क किनारे खड़े डंपर से टकरा गया। इससे ट्रक के खलासी की मौत हो गई, जबकि चालक को चोटें आई हैं। ट्रक दाल लादकर अयोध्या की ओर आ रहा था। रायबरेली हाईवे पर कैंट थाना क्षेत्र स्थित बालासराय के पास ट्रक डंपर पीछे से टकरा गया। इससे ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और खलासी सलमान (28) पुत्र मो. शाहिद निवासी भदोखर थाना पूराकलंदर उसी में फंस गया। इसी के गांव का निवासी ट्रक के चालक कदीम अहमद (40) पुत्र जफरुल्लाह मामूली घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने खलासी को बाहर निकलवाया और जिला अस्पताल भेजवाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कैंट थाना प्रभारी संजय मौर्य ने बताया कि खलासी के शव का पोस्टमार्टम कराया है। दोनों वाहनों को कब्जे में लिया है।

# रमेश ने आठवें प्रयास में मारी बाजी

पूराबाजार, अयोध्या

**रामलला की जन्मभूमि से भी बिखरी प्रतिभा की खुशबू**

**पूराबाजार ब्लॉक के जयनगरा गांव में बज रहे खुशी के गिटार**

**अमृत विचार :** यूपीएससी के मंगलवार को आए नतीजों में रामलला की जन्मभूमि से भी प्रतिभा की खुशबू पूरे देश में फैली है। जिले के पूराबाजार ब्लॉक के जयनगरा के रहने वाले रमेश चंद्र वर्मा ने 150 वीं रैंक हासिल कर अयोध्या का भी डंका बजवाया है। रमेश की इस कामयाबी पर उनके पैतृक गांव में खुशी के गिटार बज रहे हैं।

रमेश चंद्र वर्मा दिल्ली में और पूरा परिवार बड़ौदा में है। 25 जून 1992 को जयनगरा गांव में जन्मे रमेश की सारी शिक्षा बाहर हुई, लेकिन वह कभी भी गांव की सोंधी माटी की सुंगध नहीं भूले। यही कारण है कि मंगलवार को नतीजे को लेकर जब उनके मोबाइल पर कॉल की गई तो पूराबाजार कहते ही वह खुशी से झूम उठे। उन्होंने खुद बताया कि उनका जन्म गांव में ही हुआ था। भले ही शिक्षा दीक्षा बाहर हुई हो। उन्होंने कहा कि लक्ष्य निर्धारण से कोई भी सफलता अर्जित की जा सकती है। बस धैर्य के साथ पूरी इमानदारी से कोशिश होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि उनके पिता मंशाराम वर्मा एयरफोर्स में थे। इसलिए उनकी प्राइमरी शिक्षा पठानकोट और हाईस्कूल भुज से हुआ। इंटरमीडिएट की शिक्षा बड़ौदा गुजरात व ग्रेजुएशन एनआईटी सूरत से किया। इसके बाद सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी में लग गए। उन्होंने कहा कि आठवें प्रयास में उन्हें सिविल सेवा परीक्षा में 150 रैंक मिली है।

**150 वीं रैंक**


रमेश चंद्र वर्मा।

**माता को दिया सफलता का श्रेय**

उन्होंने सफलता का श्रेय अपनी माता सृजना देवी को देते हुए कहा कि वह हमेशा आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती रहती हैं। रमेश चंद्र की सफलता से जयनगरा गांव में उनके बाबा संतोषी वर्मा, भाई अशोक वर्मा, रामजी वर्मा, पवन वर्मा व बब्लू वर्मा बेहद खुश हैं। इस सफलता के लिए सांसद लल्लू सिंह, नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, विधायक गोसाईगंज अभय सिंह, पूर्व मंत्री तेजनरायन पांडेय, महानगर के उपाध्यक्ष रामप्रीतवर्मा, प्रधान संघ के जिला सचिव अनूप वर्मा, संग्राम पटेल आदि ने परिवार को बधाई दी है।

## सार-संक्षेप


कार्यक्रम को सम्बोधित करते नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता। अमृत विचार

### भाजपा नए संकल्प के साथ चुनाव मैदान में : वेद प्रकाश

**पूरा बाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** पिछले चुनाव में भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में जो वादे किए जनता से किए थे। वो सभी समय रहते पूरे कर दिए। अब दोबारा अपने नये संकल्प के साथ चुनाव मैदान में है। आप लोगों के सहयोग से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के रूप में अपना तीसरा कार्यकाल प्रारंभ करेंगे। यह बातें मंगलवार को पूरा बाजार में चुनाव कार्यालय के उद्घाटन पर मुख्य अतिथि विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहीं। इस मौके पर लोकसभा प्रभारी डॉ. बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह, विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी अशोक कसौधन, गन्ना समिति के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह, मंडल प्रभारी दिनेश कुमार मिश्रा, चुनाव संयोजक शिवनरायन तिवारी आदि मौजूद रहे।

### अयोध्या के लोगों के लिए हो वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था


पत्रकारों से बातचीत करते समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष।

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या में रहने वाले लोगों के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था हो। ये मांग समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवांश तिवारी ने मंगलवार को उठाई। वो यहां एक होटल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कहा कि अयोध्या में भारी भीड़ के कारण अव्यवस्था से स्कूल जाने वाले छात्र व अभिभावक परेशान हो रहे हैं। उनके घर तक स्कूल वाहन नही पहुंच पा रहे हैं। इसलिए कोई वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की जाए। जिससे दर्शनार्थियों को भी कोई परेशानी न हो और स्कूल जाने वाले बच्चों और लोगों को भी किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। कहा की जल्द मांग पूरी न होने पर अगली रणनीति तय की जाएगी। साहिल सैय्यद, सुशील यादव,अजय मिश्रा, जितेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

### 25 प्रधान व बीडीसी भाजपा में शामिल



सांसद लल्लू सिंह के आवास पर भाजपा का झंडा लेते लोग। अमृत विचार

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** पूराबाजार ब्लॉक के सपा व बसपा के 25 से अधिक प्रधान और बीडीसी आदि मंगलवार को भाजपा में शामिल हुए हैं। प्रधान संघ के जिला महासचिव अनूप वर्मा व सपा के अयोध्या विधानसभा इकाई सचिव संग्राम सिंह पटेल के नेतृत्व में सांसद लल्लू सिंह के आवास पर उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। बसपा से जिला पंचायत पद के प्रत्याशी रहे अजीत वर्मा, सहकारी समिति के संचालक सुजीत वर्मा, पूर्व प्रधान सपा के वीरेंद्र वर्मा, अरुण वर्मा, बीडीसी राज मणि कनौजिया आदि शामिल हैं।

### संविधान बचाने के लिए एकजुट होना होगा


कार्यक्रम को सम्बोधित करते पूर्व मंत्री लाल जी वर्मा।

**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** क्षेत्र के किछुटी किशुनदासपुर स्थित अम्बेडकर पार्क में मंगलवार को आंबेडकर जयंती पर एक कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर पूर्वमंत्री एवं सपा लोकसभा प्रत्याशी लालजी वर्मा ने कहा कि बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने जिस संविधान की रचना करके गरीब, मजलूम, अल्पसंख्यकों को न्याय दिलाने का कार्य किया है, उसे बचाने के लिए एकजुट होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आंबेडकर ने हमेशा समाज के निचले पायदान पर रहने वालों के न्याय के लिए संघर्ष किया। संचालन राम कृपाल पटेल एवं अध्यक्षता सियाराम निषाद ने की। रोली यादव, लवकुश वर्मा, सीतासरन कनौजिया, मो. अकबर आदि मौजूद रहे।

### किशोरियों से दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार।** पूराकलन्दर थाना पुलिस ने क्षेत्र के अलग-अलग गांव से किशोरियों को अगवा कर उनके साथ दुष्कर्म के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी रतन शर्मा ने बताया कि पुलिस ने एक मामले के आरोपी मुर्तुजा निवासी माधवपुर थाना पूराकलंदर को नगर कोतवाली क्षेत्र में शिवनगर कॉलोनी से और दूसरे को डाभासेमर नहर पुलिया के पास से विजय शंकर यादव निवासी पहडियापुर थाना धौरहरा जनपद लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार किया है।

### लापता किशोरी के मामले में नामजद रिपोर्ट

**अयोध्या, अमृत विचार।** नगर कोतवाली के चिथरिया टोला मोहल्ले से एक पखवारे पूर्व लापता किशोरी के मामले में पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। यह रिपोर्ट पीड़ित पिता की तहरीर पर दर्ज हुई है। पीड़ित का कहना है कि होली पर अपने रिश्तेदारी में आया वीरेन्द्र निवासी निवासी ग्राम तेलीपुर दरियाबाद बाराबंकी और हाल पता गांधी नगर भाटिया मोड गाजियाबाद एक अप्रैल की शाम उनकी 13 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। कोतवाली पुलिस का कहना है कि अगवा करने की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर तलाश व छानबीन शुरू कराई गई है।

# ठेकेदार ने आधा राशन कर लिया हजम

सोहावल, अयोध्या

**अमृत विचार :** आपूर्ति विभाग में लूट खसोट का सिलसिला थम नहीं रहा है। गोदाम से लेकर आपूर्ति ठेकेदार और कोटेदार तक सभी अपने अपने हिस्से को हजम करने में लगे है। शासन से मिली वितरण की नई मशीन भी घटतौली रोक नही पाई है।

गत माह तहसील क्षेत्र में सोहावल के कोटेदारों ने आपूर्ति ठेकेदार के विरुद्ध मोर्चा खोला दिया था। बोरी के वजन के बराबर आपूर्ति ठेकेदार से अतिरिक्त राशन की मांग को लेकर आंदोलन की राह पकड़ी तो विभाग की कई पोल खुल गई। इसके बाद उप जिलाधिकारी द्वारा राशन दिलाने के आश्वासन पर कोटेदारों ने मार्च माह में राशन बांटा। ठेकेदार पर शिकंजा कसा तो इस माह का राशन कोटेदारों के दरवाजे उतारने के साथ ठेकेदार ने बोरी के वजन का आधा राशन कोटेदारों को उपलब्ध कराया आधा फिर भी हजम कर लिया। कोटेदारों का कहना है 50 किलो राशन की बोरी का वजन 580 ग्राम कम होता है। ठेकेदार कोटेदारों को डेढ़ से तीन क्विंटल तक की चपत लगाता है। कोटेदारों का कहना है कि इसे पूरा करने के लिए कार्ड धारक को आधा किलो से लेकर एक किलो तक राशन कम देना उनकी मजबूरी है। सोहावल और मसौधा दोनों ब्लॉकों से 150 सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान क्षेत्रीय आपूर्ति विभाग से चलाई जा रही है। इन्हें कार्ड धारकों की संख्या के हिसाब से 200 से 500 बोरी तक हर माह वितरण के लिए राशन दिया जाता है। शासन की आई नई वितरण मशीन में कोटेदार के लिए घटतौली कर पाना अब आसान नहीं रह गया है। इसलिए तौल करने के लिए ज्यादातर कोटेदार अभी भी उसी पुराने तौल कांटा का प्रयोग कर कार्ड धारकों को राशन दे रहे है जो 500 ग्राम से एक किलो राशन कम कर देता है।

**मशीन के बाद भी हो रही है राशन कार्डधारकों से घटतौली**



सोहावल में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान।

> जब तक पूरा राशन वजन में न पाए कोटेदार राशन न उतरवाए। अपने विभाग के उच्च अधिकारियों से मिले। घटतौली के लिए विभाग में कोई जगह नहीं है। कोटेदार न कम राशन ले न कम वितरण करे। अब जांच और छापेमारी होगी। -अशोक कुमार सैनी, उपजिला अधिकारी सोहावल

# विशेष आदेश लेकर पैनल से कराना पड़ा पोस्टमार्टम

**अयोध्या, अमृत विचार।** जहरीले पदार्थ के सेवन से हुई बल्लाहाता निवासी युवती की मौत के मामले में पुलिस ने विशेष आदेश लेकर दो डॉक्टरों के पैनल से शव का पोस्टमार्टम कराया है। बिसरा जाँच के लिए सुरक्षित रखवाया गया है। नगर कोतवाली के बल्लाहाता में संतोषी माता मंदिर गली में रहने वाली आदित्या पांडेय (22) पुत्री स्व राजेश पांडेय को रविवार देर रात गंभीर हाल में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान युवती की मौत हो गई थी। डॉक्टरों ने जहरीले पदार्थ के सेवन की बात बताई थी। युवती को भर्ती कराने वाले उसके चचेरे भाई अजितेश पांडेय का कहना है कि आदित्या एक युवक के साथ लिव इन रिलेशन में रह रही थी। उसके माता-पिता की वर्ष 2016 में मौत हो चुकी है। उसका भाई मोनू पांडेय नोएडा में नौकरी करता है। आशंका है कि आदित्या ने सल्फास खाया नहीं बल्कि उसको खिलाया गया है। वारदात की आशंका के बाद पुलिस ने मजिस्ट्रेट से विशेष आदेश लेकर दो डॉक्टरों के पैनल से वीडियोग्राफी के बीच शव का पोस्टमार्टम कराया है। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद बिसरा को सुरक्षित कराया गया है, जिसको जाँच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजवाया जाएगा।

**जबरिया जहरीला पदार्थ खिलाए जाने का था शक**

## युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** शाहगंज-कुचेरा मार्ग पर मंगलवार को इनायतनगर थाना क्षेत्र में एक युवक का शव मिला है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के टकसरा गांव निवासी कालिका प्रसाद (25) पुत्र राम लखन चौहान के रूप में हुई है। हत्या की आशंका के बाद पुलिस ने एफएसएल की टीम बुला पड़ताल कराई है और शव को पोस्ट लिए भेजवाया है। इनायत नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार सिंह ने बताया कि युवक अपने घर से बगल वाले गांव बसांवां जाने की बात कहकर अपनी बाइक से निकला था। वह अपने घर से तीन किमी दूर शाहगंज के निकट डोभियारा के पास बाइक समेत सड़क पर गिरा मिला। प्राथमिक जांच में कोई संदिग्ध बात सामने नहीं आई है। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

## नौ मंडलों ने विद्यालयीय खेल आयोजन में नहीं ली रुचि

**अयोध्या कार्यालय।** प्रदेश के विद्यालयीय खेलों के विकास व खेलों के संचालन को लेकर शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में बीते दिनों खेल निदेशालय लखनऊ में बैठक हुई। इसमें प्रदेश का विद्यालयीय खेल कार्यक्रम निर्धारित होना था, लेकिन नौ मंडलों ने खेलों के आयोजन के लिए प्रस्ताव नहीं भेजा। ये वह प्रमुख खेल हैं जिसमें प्रदेश के अधिकतर खिलाड़ी प्रतिभाग कर पदक दिलाते हैं। शिक्षा निदेशक माध्यमिक महेंद्र देव की अध्यक्षता में उप शिक्षा निदेशक व्यावसायिक शिक्षा पीसी यादव, सहायक शिक्षा निदेशक खेल शालिनी सिंह और मंडल के क्रीड़ा सचिव व व्यायाम शिक्षकों की सहमति से तय हुआ कि आयोजक मंडल से प्रस्ताव प्राप्त करने के बाद ही खेल कार्यक्रम बनाया जाएगा।

# मतदान के लिए छात्र-छात्राएं लिख रहे चिट्ठी

रुदौली, अयोध्या

**अमृत विचार :** हिन्दू इंटर कॉलेज के छात्रों ने लोकसभा चुनाव में मतदान बढ़ाने के लिए हाथ से चिट्ठी लिखकर मतदान के लिए प्रेरित करने की पहल शुरू की है। छात्र हाथ से लिखी चिट्ठी अपने गांव, मोहल्ले के मतदाताओं के घर पहुंच कर दे रहे है।

छात्रा शिवानी ने कायस्थाना मोहल्ले में, छात्र सुनील कुमार ने जहानपुर में, राम कुमार ने जलालपुर में मंगलवार को मतदाताओं को हाथ से लिखी चिट्ठी देकर मताधिकार का प्रयोग कर मतदान करने की अपील की। अंग्रेजी प्रवक्ता आशीष शर्मा ने इसके लिए प्रेरित किया है। उन्होंने बताया कि बच्चों ने मतदाता जागरूकता को लेकर एक अनूठा तरीका निकाला है। कॉलेज के छात्र -छात्राओं ने अपने हाथ से चिट्टियां लिखीं हैं। ये चिट्ठियां उनके पड़ोस में रहने वाले मतदाताओं को संबोधित हैं। चिट्ठी में मतदान को लोकतंत्र का पर्व बताते हुए इसमे पूरे उत्साह से प्रतिभाग करने की अपील की गई है। जनपद में मतदान की तारीख 20 मई भी मतदाताओं को याद दिलाई गई है। चिट्ठियां छात्र -छात्राएं स्वयं ले जाकर अपने गांव और मोहल्लों में पहुंचा रहे हैं। प्रधानाचार्य रामप्रिया शरण सिंह ने बताया कि देश व समाज हित के ऐसे सभी कार्यक्रमों को विद्यालय परिवार द्वारा पूरे मनोयोग से आयोजित किया जाता है।


रुदौली नगर क्षेत्र में जागरूकता के लिए मतदाता को चिट्ठी देती छात्रा।

**ब्लड बैंक अलर्ट**

## ऑक्सीजन का प्रोडक्शन बढ़ाया

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामनवमी मेले को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। दर्शन नगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में भी सक्रियता बढ़ा दी गई है। ऑक्सीजन का प्रोडक्शन बढ़ाने के साथ ही ब्लर्ड बैंक को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। इसके अलावा ग्लब्स, सिरिंज व दवाओं का भी पर्याप्त मात्रा में स्टॉक रखाया गया है। मेले को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जगह-जगह 12 अस्थायी स्वास्थ्य शिविर लगा रखे हैं। सीएमओ डॉ. संजय जैन के मुताबिक 12 स्थानों पर एम्बुलेंस की भी तैनाती की गई है। पक्का घाट पर 10 बेड का एक अस्थायी अस्पताल भी बनाया गया है। उधर, मेडिकल कॉलेज के सेंट्रल लैब इंचार्ज व मीडिया प्रभारी डॉ. डीके सिंह ने बताया कि हमारे पास करीब 400 यूनिट ब्लड उपलब्ध है। जरूरत पड़ी मेडिकल के विद्यार्थियों की भी मदद ली जा सकेगी।


**रामनवमी को लेकर छुट्टियां निरस्त**

## यात्रियों से करें मधुर व्यवहार : डीआईजी रेलवे

**अयोध्या, अमृत विचार।** ड्यूटी पर तैनात सभी अधिकारी व जवान सतर्क रहें। यात्रियों से मधुर व्यवहार करें। ये हिदायत पुलिस उप महानिरीक्षक रेलवे श्रीमती राकेश पुष्कर ने मंगलवार को दी। वो पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रशांत वर्मा के साथ अयोध्या धाम जंक्शन का निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक रेलवे प्रथम विकास पांडेय, प्रभारी निरीक्षक अयोध्या कैंट राकेश कुमार राय, चौकी प्रभारी अयोध्या धाम जंक्शन सुशील कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## पहले दिन टीमों ने किया 40 हेक्टेयर गन्ने का सर्वे

**अयोध्या, अमृत विचार :** गन्ना सर्वे के पहले दिन 39 गांवों के 40 हेक्टेयर रकबे का सर्वे किया गया। इस दौरान सर्वे टीम के सदस्यों के साथ किसान मौजूद रहे। सर्वे का काम 15 अप्रैल से शुरू किया गया, लेकिन कई टीमों को मशीन न मिलने से सर्वे का काम विधिवत शुरु नहीं हो पाया। टीमों ने मंगलवार को गन्ने के खेतों की ओर रूख किया। जिला गन्ना अधिकारी हुदा सिद्दीकी के साथ ही अन्य अफसर भी निकले। बताया कि 39 गांवों के 40 हेक्टेयर गन्ना क्षेत्र का सर्वे किया गया। इस दौरान किसानों को सर्वे का प्रिंट भी दिया गया।

फैजाबाद जीनियस इण्टर कॉलेज
14 कोसी परिक्रमा मार्ग, फत्तेपुर, कुशमाहा अयोध्या-224001
(हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम एन0सी0ई0आर0टी0 पद्धति पर शिक्षा की उत्तम व्यवस्था) (छात्रावास की व्यवस्था)
नर्सरी से इण्टरमीडिएट तक
प्रवेश प्रारम्भ-2024-25
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
डॉ.जी.सी. यादव
प्रधानाचार्य
कॉलेज, कोड-621440
Email-id: gicfaizabad@gmail.com सम्पर्क सूत्र- 8953649647, 6388304284, 9450018646



## नवम सिद्धिदात्री



मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री है। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। नवरात्र पूजन के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। सृष्टि में कुछ भी उसके लिए अगम्य नहीं रह जाता है। देवी सिद्धिदात्री की पूजा से केतु का असर कम होता है।

बीज मंत्र-ह्रीं क्लीं ऐं सिद्धये नमः।



रामपथ पर देर शाम बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं का जमावड़ा दिखा।

जन्मभूमि पथ के मुख्य द्वार को भी देर शाम तक सजाने का क्रम जारी रहा। सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेडिंग की गई है। इसी पथ से होकर श्रद्धालु रामलला के दर्शन को जाएंगे। अमृत विचार

राम जन्मोत्सव आज



## एक नजर

### सड़क पर दौड़ने लगी शटल बस सेवा की बसें

अयोध्या, अमृत विचार : रामनवमी मेले के लिए मंगलवार से शटल बस सेवा शुरू कर दी गई। यात्रियों की आमद के साथ रोड़वेज बसों की संख्या बढ़ाई जा रही है। शटल बस सेवा के तहत लखनऊ परिक्षेत्र से शुरू की गई है। लखनऊ के अवध, चारबाग और कैसर बाग डिपों से बसे अयोध्या के लिए शुरू की गई है। एआरएम रोडवेज आदित्य प्रकाश ने बताया कि लखऊ परिक्षेत्र से लगने वाली 50 बसों को शटल सेवा के तहत संचालन किया जाएगा। अभी सभी बसें शुरू नहीं की गई हैं। यात्रियों की संख्या बढ़ने के साथ ही बसों का आवागमन तेज होगा।



### अयोध्या सहित अन्य परिक्षेत्रों से बसों का संचालन शुरू

अयोध्या, अमृत विचार : रामनवमी मेले के लिए अयोध्या सहित अन्य परिक्षेत्रों से भी रोडवेज बसों का संचालन शुरू कर दिया गया है। राम नवमी मेले को लेकर कुल 400 बसों के संचालन की योजना बनाई गई है। इनमें लगभग 350 बसों का संचालन मंगलवार से शुरू हो गया है। एआरएम आदित्य प्रकाश ने बताया कि अयोध्या की 190 बसों के साथ गोरखपुर, बस्ती, गोंडा और आजमगढ़ की की सभी 50 बसों को लगा दिया गया है। ये बसें अयोध्या के अस्थायी बस स्टेशन पर पहुंची। यात्रियों की उपलब्धता के आधार पर इनका आना-जाना शुरू हो गया है।

# सजा महल, सात लाइनों में मिलेगा प्रवेश

**11** बजे रात तक मंदिर में भक्तों को मिलेगा प्रवेश

**19** घंटे तक ट्रस्ट ने दर्शन की बनाई है व्यवस्था

तीनों प्रमुख पथों पर बिछाई गई कारपेट

हवा और पानी का रहेगा विशेष इंतजाम, गलियां रहेंगी ब्लॉक

**03:30** पर सुबह से ही लगेगी भक्तों की लाइन

**04** बजे सुबह से रामलला का होगा श्रंगार और साथ-साथ शुरू होगा दर्शन

दोपहर 12 बजकर 16 मिनट सूर्य की किरणें पांच मिनट करेंगी मस्तकाभिषेक

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामलला के जन्मोत्सव को लेकर अयोध्या उल्लास में डूबी हुई है। हर तरफ आस्था का ज्वार हिलोरे मार रहा है। जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अयोध्या में डेरा जमा लिया। दर्शन करने के लिए भक्त बुधवार सुबह 3:30 बजे से ही लाइन में लग सकेंगे। भक्तिपथ पर सात लाइनों के जरिए श्रद्धालुओं को रामलला के दरबार में प्रवेश मिलेगा। श्रद्धालुओं के लिए हर 50-50 मीटर पर पानी की व्यवस्था की गई है। राम मंदिर का मुख्य द्वार श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण बना हुआ है। गेट नंबर 11 को महल द्वार और जन्मभूमि पथ पर स्वागत द्वार के रूप में सजाया गया है।

जन्मभूमि पथ पर फूल व रंग बिरंगी लाइटें श्रद्धालुओं को त्रेता युग की याद दिला रहे हैं। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने मंगलवार को बताया कि गर्मी से राहत दिलाने के लिए जगह-जगह पर पंखे भी लगाए गए हैं। ध्वनि प्रसारण के माध्यम से लोगों को भगवान राम के घर आगमन का अहसास कराया जाएगा। अपने दिव्य महल में विराजमान होने के बाद रामलला का पहला जन्मोत्सव बुधवार को उल्लास के साथ मनाया जाएगा। दोपहर 12 बजते ही रामलला का दिव्य दर्शन प्राप्त होगा। भव्य आरती के दौरान 12:16 पर गर्भगृह में सूर्य की किरणें पांच मिनट के लिए रामलला के मस्तक को स्पर्श करेंगी। धर्म पथ, रामपथ और जन्मभूमि पथ पर कारपेट बिछा दी गई हैं। इन मार्गों से जुड़ने वाले सभी मार्गों को बंद कर दिया गया है। भीड़ नियंत्रण के लिए जगह-जगह पर बैरिकेडिंग की गई है।



रामपथ पर बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु। अमृत विचार

### दर्शन करने जा रहे हैं तो इन बातों का रखें ख्याल

उदया चौराहे से टेढ़ी बाजार की ओर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। अयोध्या की ओर जाने वाले वाहन उदया ओवर ब्रिज से महोबरा चूड़ामणि चौराहा के रास्ते आशिफ बाग चौराहे तक आए और जाएंगे। पार्किंग गैस गोदाम के पास होगी। गोंडा की ओर से कोई वाहन दुर्गागंज माझा बैरियर से पुराने सरयू पुल के इस पार नहीं आ पाएगा। सभी वाहनों को लकड़मंडी चौराहे से लोलपुर के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा। हनुमान गुफा बैरियर से लता मंगेशकर चौक की तरफ, दीनबंधु नेत्र चिकित्सालय से छोटी छावनी की तरफ, रामघाट चौराहे से तपस्वी छावनी की तरफ, टेढ़ी बाजार (गुरु वशिष्ठ चौक) से श्रीराम अस्पताल की ओर व द्वारकाधीश मंदिर राजघाट चौराहा से अशर्फी भवन, पुरानी सब्जी मंडी, पोस्ट ऑफिस की तरफ तथा महोबारा चौराहे से टेढ़ी बाजार की तरफ सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। गुप्तार घाट बांध से होकर आने वाले वाहनों को राजघाट पार्किंग में खड़ा कराया जाएगा व राजघाट से आगे मेला क्षेत्र में वाहनों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

### 11 बजे से देखिए रामलला के जन्मोत्सव का लाइव प्रसारण

अयोध्या, अमृत विचार : श्रीराम जन्मोत्सव के सजीव प्रसारण आज बुधवार को सुबह 11 बजे से किया जाएगा। इसके लिए 146 स्थानों पर एलईडी लगाई गई हैं। विशेष रूप से कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दूरदर्शन से किया जाएगा। जिसका लिंक जारी कर दिया गया है। इससे सभी सरकारी और निजी चैनल लिंक प्राप्त कर सकते हैं। उनको समय-समय पर सूचनाएं दी जाएगी। एलईडी के जरिए आम आदमी और श्रद्धालु जन्मोत्सव को देख सकेंगे। उपनिदेशक सूचना डॉ. मुरलीधर सिंह ने बताया कि सम्बंधित एजेंसी को लाइव प्रसारण के लिए चयनित स्थलों पर एलईडी डिस्प्ले बोर्ड, स्थल की साफ सफाई के साथ लगाने का निर्देश है।

### दशरथ महल व कनक भवन समेत 5000 मंदिरों में धूम

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : राम जन्मोत्सव 5000 मंदिरों में बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। उत्सव को लेकर मंदिरों में बधाइयां गूंज रही हैं। मंदिरों में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा प्रारंभ होने के साथ धार्मिक अनुष्ठान, राम कथा और रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य आकर्षण प्राचीन दशरथ महल और कनक भवन मंदिर है। दूर-दूर से आने वाले भक्त जन्मोत्सव पर बधाई गायन, उत्सव गीत में शामिल हो रहे हैं। अयोध्या के सरयू तट पर आस्था, श्रद्धा और भक्ति का सैलाब उमड़ रहा है। प्रमुख मंदिर हनुमानगढ़ी, जानकी महल, मणि रामदास छावनी, राम बल्लभा कुंज, राम हर्षण कुंज, सतगुरु सेवा सदन, लक्ष्मण किला, अशर्फी भवन सहित 5000 मंदिरों में जन्मोत्सव परंपरा के अनुसार मनाया जा रहा है। मणिरामदास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने बताया कि भगवान के जन्मोत्सव को अयोध्या के हर मठ मंदिरों में मनाया जा रहा है।

### बड़ा भक्त माल में भगवान को धारण कराया गया सोने का धनुष और बाण



500 ग्राम सोने से धनुष व बाण बनाया गया है।

अयोध्या, अमृत विचार : चैत्र शुक्ल की अष्टमी तिथि पर प्राचीन पीठ बड़ा भक्तमाल में विराजमान भगवान जानकी बल्लभ को सोने का धनुष व बाण धारण कराया गया। गुजरात के प्रख्यात कथाव्यास रमेश भाई ओझा व जगद्गुरु डॉ. राघवाचार्य ने विधिविधान पूर्वक वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य भगवान जानकी बल्लभ को सोने का धनुष व बाण धारण कराया। मंदिर के महंत अवधेश दास ने बताया कि बीते साल 24 नवंबर को एक भव्य समारोह में सीएम योगी आदित्यनाथ ने भगवान जानकी बल्लभ को सोने का छत्र व मुकुट धारण कराया था। 500 ग्राम सोने से यह धनुष व बाण बना है। इस दौरान कालीपीठाचार्य नैमिषारण्य के गोपाल शास्त्री समेत अन्य मौजूद रहे।

**पहली बार जूते-चप्पल रखने की व्यवस्था**

मंडलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि पहली बार अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं जूता-चप्पल रखने की व्यवस्था की गई है। पेयजल के व्यापक इंतजाम किया गया है। भक्ति पथ पर कैनोपी भी लगाई गई है। राम जन्मभूमि बहुत ही संवेदनशील है। सुरक्षा के भी विशेष इंतजाम किए गए हैं।

# मेलार्थियों से सूना दिख रहा रामनवमी मेला

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या धाम में पारंपरिक तौर से लगने वाले चैत्र रामनवमी मेले में पहली बार मेलार्थियों की भीड़ नजर नहीं आ रही है। इसे लेकर स्थानीय कारोबारियों के माथे पर पसीना आने लगा है। इसकी वजह क्या है किसी को कुछ नहीं पता। हालांकि व्यापारी इसे लगाए गए प्रतिबंध बता रहे हैं।

22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद बढ़ी भीड़ ने स्थानीय के साथ बाहरी कारोबारियों को आकर्षित कर दिया, जिस कारण अयोध्या धाम में कारोबार करने वाले लोगों की लाइन लग गई, लेकिन इस बार अभी मंगलवार तक हनुमानगढ़ी से लेकर रामपथ तक में भीड़ की आवाजाही न के बराबर दिख रही है। लड्डू प्रसाद के दुकानदार जितेंद्र गुप्ता ने बताया इसके पहले पिछले रामनवमी मेले में सड़क पर गड्ढे थे, फिर भी लाखों लोगों ने मंदिर पर दर्शन-पूजन किया था और अच्छा कारोबार किया था। कॉस्मेटिक समान के थोक व्यापारी उमाशंकर गुप्ता ने कहा गोदाम में लाखों का माल पड़ा है। आठ दिनों से व्यापारी माल खरीदने नहीं आए। चूड़ी कंगन के थोक व्यापारी उमेश गुप्ता ने कहा कि भक्ति पथ, रामपथ के किनारे के व्यापारी मेरे यहां से माल ले जाते हैं, लेकिन एक हफ्ते से कोई माल नहीं उठा रहा है। पहले चैत्र नवरात्र के शुरुआत में ही कारोबार शुरू हो जाता था, लेकिन इस बार अष्टमी तक कोई कारोबार नहीं हो पा रहा है।



भीड़ न होने के कारण सन्नाटे में बैठे दुकानदार। अमृत विचार



56 तरह की मिठाइयां रामलला के पुजारी को भेंट की गई।

### लखनऊ के व्यापारी ने भेंट कीं 56 किस्म की मिठाइयां

अयोध्या, अमृत विचार : राममंदिर में रामलला का पहला जन्मोत्सव बेहद खास और आकर्षक होगा। रामलला के श्रृंगार, पूजन, आरती, भोग प्रसाद के भी विशेष प्रबंध किए गए हैं। आज 17 को सुबह तीन बजे रामलला का अभिषेक और श्रृंगार के बाद आरती पूजन किया जाएगा। दोपहर 12 .30 बजे 56 व्यंजनों और पांच प्रकार की पंजीरी, मौसमी फल, मीठा से भोग लगाया जाएगा। लखनऊ के एक मिठाई विक्रेता सजन गुप्ता ने मंगलवार को 56 प्रकार की मिठाइयां रामलला को अर्पित करने के लिए मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास को भेंट की।




लोकसभा चुनाव

डयूटी आते ही लगने लगीं गुहारें, कई तो खुद को बता रहे गंभीर रूप से अस्वस्थ

# साहब ! गठिया बा हमरे, चुनाव ड्यूटी कईसे करब

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** साहब! हमरे ऑरथारइटिस गठिया बा। ठीक से चल फिर नाही पाइत, मतदान कइसे करऊबे.. हम्मे छुट्टी दैई देव बड़ी कृपा होई...। महोदय, हमें ब्लड शुगर है। चुनाव में ड्यूटी लग गई है। अचानक बेहोश हो जाता हूं। कृपया ड्यूटी काट दें। घर भर परेशान है।



लोकसभा चुनाव में ड्यूटी लगते ही कर्मचारियों द्वारा इस तरह के आवेदन कर ड्यूटी से मुक्ति मांगी जा रही है। हर किसी को कोई न कोई बीमारी हो गई है। हालांकि इस तरह के आवेदनों पर निर्णय 18 और 19 अप्रैल को मेडिकल बोर्ड की जांच में होना है, लेकिन आवेदन देखकर अधिकारी चौंक रहे हैं। अकेले बेसिक शिक्षा विभाग से ही 50 से अधिक आवेदन अधिकारियों के पास पहुंच चुके हैं, जिनमें प्रधानाध्यापक, शिक्षक और शिक्षामित्र समेत अनुचर तक शामिल हैं।

शिक्षा क्षेत्र मसौधा और हैरिंग्टनगंज में तैनात चार शिक्षिकाओं ने एक साथ मातृत्व अवकाश के लिए प्रार्थनापत्र दिया है। मसौधा के एक सहायक अध्यापक ने ब्लड शुगर के तहत तो दूसरे ने हाथ का ऑपरेशन के तहत चुनाव ड्यूटी से छुट्टी मांगी है। इतना ही नहीं तीन ने खुद को गंभीर रूप से अस्वस्थ बताया है, लेकिन कारण नहीं दर्ज किया है। एक महिला शिक्षा मित्र ने खुद को गठिया से पीड़ित बताया है। इसके अलावा हार्ट की दिक्कत बता कर कई आवेदन किए गए हैं। बेसिक शिक्षा के अलावा भी अन्य विभागों के कर्मचारी चुनाव ड्यूटी कटवाने के लिए तरह-तरह से जुगत लगा रहे हैं।

### महंगा पड़ा सीडीओ कार्यालय में टहलना, नोटिस

चुनाव में ड्यूटी कटवाने के लिए विकास भवन में चहलकदमी एक सहायक अध्यापक को महंगी पड़ गई। जनता इंटर कॉलेज जयसिंह मऊ के सहायक अध्यापक अतुल चंद्र वर्मा मंगलवार को कॉलेज समय में मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय में जुगत लगाने के लिए टहल रहे थे। किसी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को सूचित कर दिया। डीआईओएस डॉ. राजेश कुमार आर्या ने नोटिस देते हुए स्पष्टीकरण तलब किया है और एक दिन का वेतन कटौती का आदेश दिया है। हालांकि आदेश में चुनाव ड्यूटी कटवाने का ज़िक्र नहीं है, लेकिन विभागीय लोगों के मुताबिक सहायक अध्यापक गए उसी फेर में थे।

**मेडिकल बोर्ड में जांच के बाद होगा निर्णय**

### 18 और 19 को 11 से चार बजे तक बैठेगा मेडिकल बोर्ड

जिला विकास अधिकारी उपेन्द्र पाल सिंह द्वारा जारी सूचना के अनुसार लोकसभा चुनाव में ड्यूटी को लेकर मेडिकल बोर्ड 18 एवं 19 अप्रैल को विकास भवन में बैठेगा। जिसमें एक महिला चिकित्सा अधिकारी भी शामिल रहेगी।



यह बोर्ड चुनाव ड्यूटी कटवाने के लिए आवेदन करने वाले कर्मचारियों की और उनकी मेडिकल रिपोर्ट का परीक्षण करेगा। दोनों दिवसों में बोर्ड का समय सुबह 11 से सांय चार बजे तक निर्धारित किया गया है।

## सार-संक्षेप

### अज्ञात कारणों से लगी आग में 20 बीघा गेहूं जला

**बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार :** अप्रैल में ही आग लगने की बढ़ती घटनाओं से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। अब तक कई क्षेत्रों में आग लगने से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल राख हो चुकी है। सोहावल तहसील क्षेत्र के सारंगापुर, पिरखौली गांव में मंगलवार को लगभग 20 बीघे गेहूं जल गया। ग्रामीण रामलाल सिंह, तेज बहादुर सिंह ने बताया मंगलवार दोपहर सारंगापुर, पिरखौली गांव की सीमा पर गेहूं के खेत में आग लग गई। धीरे-धीरे आग ने लगभग 20 बीघे गेहूं की फसल को अपने आगोश में ले लिया। जिससे फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल विनोद दूबे ने बताया आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि किसान जयप्रकाश सिंह समेत छह किसानों के गेहूं की फसल जली है। पीड़ित किसानों ने फसल के नुकसानी की मांग की है।

### डॉ. हैनिमैन ने चिकित्सा जगत को दिया नया आयाम : प्राचार्य

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के जनक डॉ. क्रिश्चियन सेमुअल फेरिडिक हैनिमैन के जन्मदिवस पर मंगलवार को राजकीय डॉ. बृजकिशोर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज देवकाली में कार्यक्रम हुआ। प्राचार्य डॉ. विजय कुमार पुष्कर ने केक काटकर शुभारंभ कराया। उन्होंने कहा होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति की खोज कर डॉ. हैनिमैन ने चिकित्सा जगत को नया आयाम दिया है। डॉ. माधुरी गौतम, डॉ. पीएस त्रिपाठी, डॉ. केशव गोस्वामी, डॉ. तुलसीराम, डॉ. सुशीला सिंह, डॉ. अंजु सिंह ने भी होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए डॉ. हैनिमैन के योगदान को सराहा। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा दिखाई।

### सत्संग से जीवन में होता परिर्वतन : आचार्य

**अयोध्या, अमृत विचार :** सत्संग के प्रभाव से जीवन में दिव्य परिवर्तन आता है। नारद जी दासी पुत्र होते हुए संतों की संगति के कारण देवर्षि पद को प्राप्त किए। घड़े से पैदा होने के बाद भी अगस्त मुनि ने समुद्रपान कर लिया। महर्षि वाल्मीकि के जीवन में पवित्र परिवर्तन साधुओं की कृपा से ही हुआ। यह बातें सरस्वतीपुरम् में आयोजित राम कथा में श्रीरामकथा मर्मज्ञ आचार्य ज्ञान चन्द्र द्विवेदी ने कहीं। कथा में कमलेश कुमार, वेदमती, बालक राम दास जी महाराज, मणीन्द्र, डॉ. बीना तिवारी आदि मौजूद रहे।

### शिक्षक संकुल बैठक में नामांकन बढ़ाने पर मंथन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर न्याय पंचायत बचरमपुर की संकुल बैठक का आयोजन मंगलवार को कंपोजिट विद्यालय विश्रामपुर में किया गया। संचालन प्रधानाध्यापक अनिल कुमार सिंह व नोडल शिक्षक संकुल प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने किया। बैठक में नामांकन पर जोर देते हुए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। सभी शिक्षकों ने अपना डीसीएफ भरा। अनिल कुमार सिंह, नोडल शिक्षक संकुल प्रदीप कुमार, रमेश चन्द्र, ऊषा, अखिलेश कुमार, सगीर अख्तर खान, रमाशंकर, सुधीर श्रीवास्तव, सुधा वर्मा, मधू पाण्डेय, योगेन्द्र नाथ पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### जानलेवा हमले में युवक को सात साल की सजा

**अयोध्या, अमृत विचार :** जानलेवा हमले के एक मामले में दोषी पाते हुए कोर्ट ने एक युवक को सात साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। उस पर 25000 हजार रुपये जुर्माना भी हुआ है। फैसला जिला जज गौरव कुमार श्रीवास्तव की अदालत से मंगलवार को हुआ। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुभाष चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि घटना 10 अगस्त 2009 की है। पूरा कलंदर थाना क्षेत्र में ग्राम समाज की जमीन पर कबजेदारी को लेकर गोली चली थी। जिसमें दिनेश कुमार घायल हो गया था। उसके पैर में गोली लगी थी। इसकी रिपोर्ट घायल ने शिवम शुक्ला निवासी गंगौली थाना जगदीशपुर जिला सुल्तानपुर अमरनाथ, हरिनाथ, कपिल देव मिश्रा, प्रदीप कुमार मिश्रा, निवासी मो इया कपूरपुर के खिलाफ जानलेवा हमले की धारा में लिखाई थी। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने शिवम शुक्ला को सजा सुनाई अन्य को दोष मुक्त कर दिया।

### अवध विश्वविद्यालय के फार्मेसी संस्थान में हुआ व्याख्यान

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के फार्मेसी संस्थान में कंपार्टमेंट मॉडल एवं फार्माकोकाईनेटिक पैरामीटर यूजिंग विषय पर व्याख्यान का आयोजन हुआ। सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय, प्रयागराज, इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंस की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. वंदना गुप्ता ने कहा कंपार्टमेंटल मॉडलिंग से दवा डेवलपर्स को सहायता मिलती है। डायरेक्टर प्रो. शैलेंद्र कुमार ने उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर फार्मेसी के कोऑर्डिनेटर डॉ. अनिल कुमार, डॉ. सिंधु सिंह, डॉ. विमल कुमार, डॉ. अजय कुमार, डॉ. अंकुर आदि मौजूद रहे।

# लिहले जनम रघुराइया हो रामा, लिहले जनम

## सोहर, बधाई, चैती से सजा तुलसी मंच, राम जनम के स्वर गूंजे

अयोध्या कार्यालय



राम जन्मोत्सव पर चैती प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

**अमृत विचार :** रामोत्सव में लोक भजनों, लोकगीतों और लोक नृत्यों के माध्यम से मंगलवार को भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया गया। तुलसी मंच पर संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में देश के प्रख्यात कलाकारों ने अपनी कला के माध्यम से जन्मोत्सव को अविस्मरणीय बना दिया।

अयोध्या के अवधी लोकगीत गायक रविंद्र पांडेय और उनके साथियों ने सबसे पहले भगवती सरयू की आराधना करते हुए भजन प्रस्तुत किया हे सरयू मैया, हे सरयू मैया। इसके बाद राम रस बरसे, आज मोरे अंगना, गाकर जन्मोत्सव के उल्लास को व्यक्त किया। कलाकारों ने प्रस्तुत किया राम जी के सुंदर नगरिया हो तो सभी अभिभूत हो गए। कलाकारों ने चैती प्रस्तुत की, रामनवमी के दिनवा, लिहले राम जनमवा हो और अंत में भगवान से प्रार्थना की, कब लेहो, हमारी खबरिया हो राम, तो सभी मगन हो गए। सहगायक के रूप में राजन और विशाल जबकि आर्गन पर अमित, पैड पर रामकुमार, तबले पर कान्हा और ढोलक पर कन्हैया ने संगत किया।

सत्यांशु पटेल और उनके दल ने राम रघुरइया आए हैं अवध में, भजन गाकर किया तो दर्शकों ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। जन्मोत्सव के रंग में रंगी अयोध्या के वैभव को, अयोध्या घूम रहा है, सब नगर वासी, गाकर उन्होंने श्रद्धालुओं की भक्ति का चित्रण किया। कलाकारों ने माई के अंचरवा जैसे पारंपरिक लोकगीतों को प्रस्तुत करके सभी को माटी के सुगंध से परिचित कराया। संचालन आकाशवाणी के उद्घोषक देश दीपक मिश्रा किया।



अष्टमी पर्व पर बड़ी देवकाली मंदिर परिसर में हवन करते भक्त।

### श्रीराम की धरती पर शक्ति की उपासना

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** भगवान श्रीराम की धरती पर मंगलवार को महाअष्टमी पर्व पर शक्ति उपासना की धूम रही। जिले के 1040 आंगनबाड़ी केंद्रों पर लगभग 21 हजार कन्याओं का पूजन और भोज का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी केंद्रों पर शक्ति स्वरुपा कन्याओं के पूजन की धूम रही। कार्यक्रम स्वप्रेरित बताया गया। कार्यकत्रियां सक्रिय रही। छह वर्ष तक की कन्याओं के पैर धुले गए। उनकी पूजा की गई। उन्हें भोजन में पूड़ी-सब्जी और खीर खिलाई गई। फल और दक्षिणा अर्पित की गई। यह हॉटकुक्ड मील से अलग था। कन्या पूजन के जरिए कन्याओं के प्रति सम्मान भाव के साथ भगवती आदिशक्ति के प्रति आस्था और सामजिक जागरुकता के लिए आयोजित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी एके त्रिपाठी ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर 21 हजार कन्याओं का पूजन और भोज का आयोजन किया गया। इसका पूरा व्यय भार बाल विकास परियोजना अधिकारी व मुख्य सेविकाओं ने वहन किया।

### आर्थिक संघ के महासचिव बने प्रो. विनोद

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रो. विनोद कुमार श्रीवास्तव को वर्ष 2024 से वर्ष 2027 तक तीन वर्ष के लिए उत्तर प्रदेश उत्तराखंड आर्थिक संघ का महासचिव बनाया गया है। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. विजेंद्रु ने बताया कि उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड आर्थिक संघ के 19वें राष्ट्रीय अधिवेशन, बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ में प्रो. श्रीवास्तव को चयनित किया गया। इस राष्ट्रीय आर्थिक अधिवेशन में यूपीयूइए के राष्ट्रीय आर्थिक अधिवेशन में देश एवं विदेश से लगभग 500 विषय विशेषज्ञ, शोध अवेन्षण द्वारा शोधपत्र प्रस्तुत किए गए।

# दुर्घटनाओं में किशोरी की मौत, तीन घायल

सोहावल, अयोध्या


**हादसा**

**अमृत विचार :** रौनाही थाना क्षेत्र अन्तर्गत सोमवार देर रात हुई अलग - अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक किशोरी की मौत हो गई। तीन लोग घायल हो गए।

रौनाही थाना अंतर्गत लखौरी पुल के पास स्कार्पियो ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। ई-रिक्शा के पलटने से आंगनबाड़ी कार्यकत्री कृष्णावती निवासी जिगना मिश्र का पुरवा तहसीनपुर व रौनाही निवासी जमील अहमद गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। इसी बीच स्कूटी से सोहावल की ओर जा रही सत्तीचौरा चौकी क्षेत्र की पिरखौली निवासी शिवानी (17) पुत्री धर्मवीर और किन्हूपुर निवासी वीरेंद्र कुमार पुत्र विशुन दयाल को विपरीत दिशा से आ रही कार ने टक्कर मार दी। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने शिवानी को मृत घोषित कर दिया। घायल वीरेंद्र की हालत गंभीर बनी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया घटना के आरोपी मौके से फरार हो गए। दोनों वाहनों की खोजबीन कराई जा रही है।

### अवैध कटान व खनन पर नियंत्रण के लिए प्रवर्तन दल का किया गया गठन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अवैध कटान व खनन पर नियंत्रण लगाने के लिए मुख्य वन संरक्षक की ओर से पहली बार अयोध्या और देवीपाटन मंडल के लिए जोन स्तरीय प्रवर्तन दल का गठन किया है। इसमें दोनों मंडलों के कर्मचारियों को शामिल किया गया है। टीम का नेतृत्व व प्रवर्तन दल का प्रभार अयोध्या के मया रेंज में डिप्टी रेंजर के पद पर तैनात रवि शंकर प्रसाद को मिला है। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक रेणु सिंह की ओर से जारी पत्र के अनुसार प्रवर्तन दल के सभी सदस्य अपने पूर्व आवंटित कार्यों के साथ-साथ प्रवर्तन दल का भी कार्य करेंगे। साथ ही प्रत्येक कार्रवाई की सूचना भी देनी अनिवार्य होगी। देवीपाटन मंडल के उप वन राजिक उमेश कुमार को टीम में उपप्रभारी का जिम्मा मिला है। सदस्य के रूप में गोंडा रेंज के उप वन राजिक अमरीश चौधरी, श्रावस्ती रेंज के उप वन राजिक योगेंद्र यादव, बहराइच वन प्रभाग के जहीरूद्दीन खान, सुल्तानपुर कादीपुर रेंज के वन दारोगा चंद्रभान सोनकर, रामसनेहीघाट रेंज के मो. आशिफ, गोंडा के टिकरी रेंज के वन रक्षक मनीष सिंह, अमेठी गौरीगंज के वन रक्षक आलोक सिंह, बीकापुर के माली राम प्रकाश व कुमारगंज रेंज के वन रक्षक लोकेश शर्मा को शामिल किया गया है। प्रभारी रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि टीम के गठन के साथ ही सक्रियता बढ़ा दी गई है। हमारा प्रयास रहेगा कि दोनों मंडलों में अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाया जाए।



प्रवर्तन दल प्रभारी रवि शंकर प्रसाद।

### बैंकर्स इलेवन ने एचडीएफसी ब्लास्टर को 90 रनों से हराया

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** बैंकर्स प्रीमियर लीग के मुकाबले में बैंकर्स इलेवन ने एचडीएफसी ब्लास्टर टीम को 90 रनों से पराजित कर पूल में अपनी स्थित मजबूत कर ली। बैंकर्स इलेवन के अमरनाथ ने बेहतरीन 77 रनों की पारी खेली और मैन-ऑफ-द-मैच रहे। उन्हें आयोजन अध्यक्ष रवि यादव ने सम्मानित किया। डाभासेमर स्थित नवोदय विद्यालय के स्टार स्पोर्ट्स स्टेडियम में बीपीएल सीजन-3 का लीग मुकाबला बैंकर्स इलेवन व एचडीएफसी ब्लास्टर टीमों के बीच खेला गया। बैंकर्स इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.2 ओवरों में सभी विकेट खोकर 199 रन बनाए। इसमें अमरनाथ ने तीन छक्के व 11 चौके की मदद से 77 रन, एजाज अली ने पांच चौके की मदद से 22 रनों का योगदान दिया। एचडीएफसी के आलोक ने तीन व पंकज सिंह ने दो विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी एचडीएफसी टीम 14.5 ओवरों में नौ विकेट खोकर 109 रनों पर सिमट गई। पंकज सिंह ने टीम में 30 रनों का सहयोग दिया। बैंकर्स इलेवन के विपिन ने दो विकेट लिए। इस मौके पर रवि यादव, दिलीप, विपिन, टिंकू सहित खेल प्रेमी बैंक कर्मी मौजूद रहे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/गतिशक्ति यूनिट/वाराणसी निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन (ई-टेण्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदायें आमंत्रित करते हैं।

**क्रम सं.-01,** निविदा सूचना संख्या: ई-निविदा-गशयू-एल-01-24-25, कार्य का नाम: अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत वाराणसी मंडल के मैरवा, कप्तानगंज और देवरिया सदर स्टेशनों के विकास के लिये एम.ई.ए. के तहत विद्युतीय कार्य का प्रावधान। अनुमानित लागत: ₹ 1,71,15,078.66, अमानत राशि: ₹ 2,35,600/-, कार्य समापन का समय: 120 दिन। निविदा समापन की तिथि एवं समय: 07-05-2024, 14:30 बजे, निविदा खोलने की तिथि एवं समय: 07-05-2024, 14:30 बजे।

• उपरोक्त ई-निविदा कार्यों के पूर्ण विवरण एवं निविदाओं में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जायें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/ग.श.यू.**
मुजाधि/विद्युत-07 **वाराणसी**

**गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई-निविदा सूचना सं. व.मं.वि.इ./गति शक्ति/इज्जत/इलै./05/2024 दि.16.04.2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/विद्युत/पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर द्वारा आमन्त्रित की जाती हैः- **क्रम सं.:- 01, कार्य का नाम:-** इज्जतनगर मंडल के अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत (कासगंज, फर्रुखाबाद, कन्नौज, इज्जतनगर, बरेली सिटी, काठगोदाम, टनकपुर, काशीपुर, पीलीभीत तथा लालकुआं) रेलवे स्टेशनों के लिए यात्री लिफ्टों की व्यवस्था के संबंध में विद्युत कार्य। **विवरण:- अनुमानित लागत रु. में:-** 50,98,367.95, **धरोहर राशि रु. में:-** 1,02,000.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में:-** शून्य, **ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय:-** 09.05.2024 11.00 बजे तक, **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:-** चार माह, **क्रम सं.:-02, कार्य का नाम:-**इज्जतनगर मंडल के फर्रुखाबाद स्टेशन के विद्युत सब स्टेशन की शिफ्टिंग के संबंध में विद्युत कार्य।, **अनुमानित लागत रु. में:-** 61,70,063.76, **धरोहर राशि रु. में:-** 1,23,500.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में:-** शून्य, **ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय:-** 09.05.2024 11.00 बजे तक, **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:-** चार माह, • इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा।, • पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है।, • निविदादाता के पास क्लास III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए।, • केवल पंजीकृत निविदादाता ही ई टेण्डरिंग में भाग ले सकते हैं।, • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लने के समय में अपलोड किये जाने चाहिए।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा./गति शक्ति)/इज्जतनगर**
मुजाधि/विद्युत-13

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**




आप सभी को भगवान श्रीराम के पावन जन्मोत्सव

# श्री रामनवमी

की हार्दिक शुभकामनाएं







जय श्रीराम

रामनवमी हिन्दुओं का लोकप्रिय और पवित्र त्यौहार है जिसे विष्णु भगवान के अवतार श्री राम के जन्म की स्मृति में मनाया जाता है। श्री राम को भगवान विष्णु के सातवें अवतार के रूप में भी जाना जाता है। रामनवमी के दिन श्री राम ने अयोध्या के राजा दशरथ और रानी कौशल्या के घर में जन्म लिया था।

समस्त शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और सम्मानित जनपदवासियों, मित्रों, शुभचिंतकों को
नवरात्र एवं रामनवमी
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं



दीप चन्द यादव
उर्फ लालू
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत गौरा कमाल

समस्त शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और सम्मानित जनपदवासियों, मित्रों, शुभचिंतकों को
नवरात्र एवं रामनवमी
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं



नरेन्द्र देव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत अशरफपुर भुवा

समस्त शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और सम्मानित जनपदवासियों, मित्रों, शुभचिंतकों को
नवरात्र एवं रामनवमी
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं



वीरेन्द्र कुमार यादव
प्रधान
ग्राम पंचायत सुल्तानपुर खुर्द

समस्त शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और सम्मानित जनपदवासियों, मित्रों, शुभचिंतकों को
नवरात्र एवं रामनवमी
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं



सावित्री देवी
ग्राम प्रधान, भाऊकुआ, जलालपुर
अभिषेक यादव
प्रधान प्रतिनिधि

समस्त शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और सम्मानित जनपदवासियों, मित्रों, शुभचिंतकों को
नवरात्र एवं रामनवमी
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं



पिन्टू
ग्राम प्रधान
कला चितौना, जलालपुर

समस्त शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और सम्मानित जनपदवासियों, मित्रों, शुभचिंतकों को
नवरात्र एवं रामनवमी
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं



राजित राम राजभर
ग्राम प्रधान
भदोई, जलालपुर

समस्त शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और सम्मानित जनपदवासियों, मित्रों, शुभचिंतकों को
नवरात्र एवं रामनवमी
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं



शैलेष कुमार यादव
उर्फ बबलू
ग्राम प्रधान भिखा चितौना

समस्त शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और सम्मानित जनपदवासियों, मित्रों, शुभचिंतकों को
नवरात्र एवं रामनवमी
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं



अनिल यादव
उर्फ ताऊ
ग्राम प्रधान पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष
ग्राम पंचायत गुआपाकड़

समस्त शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और सम्मानित जनपदवासियों, मित्रों, शुभचिंतकों को
नवरात्र एवं रामनवमी
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं



राधेश्याम यादव
उर्फ रणधीर यादव
ग्राम प्रधान, प्रधान संघ अध्यक्ष
ग्राम पंचायत आजनपारा



The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
Video Recto Scope
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com 7388913338, 8005423919




## एक नजर

### महिला को स्कूली बस ने मारी टक्कर, मौत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** सड़क के किनारे खड़ी महिला को तीव्र गति से जा रही स्कूल बस ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे घटनास्थल पर ही महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना जैतपुर थाना क्षेत्र के मंझरिया मोड़ की मंगलवार दोपहर की है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के किशनपुर हड़बड़िया गांव निवासी सुरेश अपनी पत्नी को जलालपुर से लेकर घर बाइक से जा रहे थे, की मंझरिया मोड पर सड़क के किनारे खड़े थे। तभी जलालपुर से आ रही रेडिएंट कॉलेज की बस ने उन्हें टक्कर मार दिया। जिससे घटनास्थल पर ही सुरेश की पत्नी संगीता उम्र 45 वर्ष की मौत हो गई। क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार और जलालपुर कोतवाल संतोष कुमार सिंह समेत अन्य थानों के पुलिस कर्मियों ने ग्रामीणों को काफी देर तक समझाया बुझाया और मामले को शांत कराया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### उपजिलाधिकारी ने ईओ से मांगा स्पष्टीकरण

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** बीते 31 मार्च को जलालपुर नगर पालिका के वरिष्ठ लिपिक अज्ञाराम वर्मा सेवानिवृत होने के वावजूद नगर पालिका अध्यक्ष के विश्राम कक्ष में बने गुप्त कमरे में पालिका कार्यालय के सभी फाइलों को मंगवाकर निपटारा करने की खबर मीडिया में प्रकाशित होने के बाद जलालपुर उपजिलाधिकारी सुभाष सिंह द्वारा नोटिस जारी करते हुए नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी यदुनाथ से तीन कार्य दिवस के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है।

### अभियुक्त गिरफ्तार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** थाना कोतवाली टांडा पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त प्रेमचन्द उर्फ बारूद पुत्र स्व. लालचन्द निवासी मोहल्ला हयातगंज थाना कोतवाली टांडा को मुखबिर की सूचना पर बस स्टाप के पश्चिमी गेट थाना कोतवाली टांडा से मंगलवार को 55 ग्राम अल्प्राजोलम पाउडर के साथ गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक वेद प्रकाश याद, कांस्टेबल विकास कुशवाहा शामिल रहे।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** थाना इब्राहिमपुर पुलिस टीम ने दुष्कर्म के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत थाना इब्राहिमपुर पुलिस टीम ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त सूजल पुत्र गुरू प्रसाद निवासी अजमेरी बादशाहपुर फूलपुर थाना कोतवाली टांडा उम्र करीब 21 वर्ष को कस्बा इल्तिफातगंज एटीएम के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर जेल रवाना कर दिया गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक रामाग्रय, हेड कांस्टेबल तेजबहादुर शामिल रहे।

# आकाश ने बढ़ाया जनपद का मान

## यूपीएससी में हासिल की 20वीं रैंक, बधाई देने वालों का लगा तांता, मची धूम

- जनपद के भीटी तहसील क्षेत्र के बिशुनपुर गांव के रहने वाले हैं आकाश वर्मा
- वर्तमान में आकाश लद्दाख में भारतीय रक्षा लेखा सेवा का ले रहे हैं प्रशिक्षण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



आकाश वर्मा।

**अमृत विचार।** भीटी तहसील क्षेत्र के ग्राम विशुनपुर निवासी जनरल मैनेजर के पुत्र आकाश वर्मा ने यूपीएससी की परीक्षा में 20वीं रैंक हासिल कर जनपद का नाम रोशन किया है। उनके गांव में बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। विशुनपुर निवासी आकाश वर्मा के पिता राम जनम वर्मा पंजाब नेशनल बैंक दिल्ली में जनरल मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। जबकि उनकी माता गृहणी हैं। वर्तमान में आकाश लद्दाख में भारतीय रक्षा लेखा सेवा का प्रशिक्षण ले रहे हैं।

बता दें कि आकाश जनपद के भीटी ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम विशुनपुर के रहने वाले हैं। आकाश ने आईआईटी दिल्ली से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक और आईआईएम कलकत्ता से एमबीए किया है। आकाश का चयन 2021 में भारतीय रक्षा लेखा सेवा के पद पर हुआ था। वर्तमान में आकाश लद्दाख में प्रशिक्षण ले रहे हैं। आकाश दो भाई हैं, जिनमें से छोटे भाई अमन वर्मा एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं। वहीं आकाश के बड़े पापा जयप्रकाश वर्मा गांव में रहते हैं। चचेरे भाई राणा प्रताप वर्मा ने बताया कि आकाश बचपन से ही पढ़ाई में होनहार थे। आकाश की सफलता पर उन्हें बधाईयां मिल रही हैं। आकाश की सफलता पर सांसद रितेश पांडे, एमएलसी हरिओम पांडेय, विधायक राकेश पांडेय, अशोक पांडे, जिला अध्यक्ष साधू वर्मा, विधायक लालजी वर्मा, मिथलेश त्रिपाठी आदि लोगों ने बधाई दी है।

# डीएम ने मतदान करने के लिए किया प्रेरित

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की उपस्थिति में महाविद्यालय के राजनीति शास्त्र विषय और स्वीप के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम बीएन केबी पीजी कॉलेज अकबरपुर में आयोजित किया गया। बीएनकेबी महाविद्यालय में विद्यार्थियों को वोट के महत्व और मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप विभिन्न स्कूलों में स्वीप कार्यक्रम के तहत अनेक प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराए जा रहे हैं, एक तरफ जहां विद्यार्थियों को वोट के महत्व के बारे में बताया जा रहा है, वहीं जनपद के विभिन्न स्कूलों में मतदान विषय पर प्रश्नोत्तरी, रंगोली, भाषण



मतदाता जागरूकता के लिए बनाई गई रंगोली का अवलोकन करते डीएम व सीडीओ।

आदि प्रतियोगिताएं भी कराई जा रही हैं। स्कूली बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक, मतदाता जागरूकता गीत और नृत्य के माध्यम से जागरूक किया गया। बीएन केबी में बच्चों ने मतदाता जागरूकता के लिए भारत के नक्शे में मानव श्रृंखला बनाई और आई विल वोट पर भी मानव श्रृंखला बनाई। उसके पश्चात विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए अधिक से अधिक वोट डालने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, उप जिलाधिकारी

# बीएलओ 26 तक प्राप्त कर सकते हैं फार्म 6

## लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ की बैठक, दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर टांडा के ऑडिटोरियम हाल में विकास खंड रामनगर, जहांगीरगंज, जलालपुर, टांडा और बसखारी के बीएलओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, मुख्य सेविका और सीडीपीओ के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ, आगनवाड़ी कार्यकर्त्री और समस्त मुख्य सेविका से लोकसभा चुनाव की तैयारियो के बारे में जानाकारी हासिल की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने 19 मई तक घर-घर मतदाता पर्ची पहुंचाने के लिए बीएलओ को निर्देशित किया। बैठक के दौरान समस्त बीएलओ को बताया कि 26 अप्रैल तक फॉर्म 6 प्राप्त किए जा सकते है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ, आगनवाड़ी कार्यकत्री, समस्त मुख्य सेविका और सीडीपीओ को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिए गए निर्देशों का अक्षरश पालन सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए अन्यथा की दशा में कड़ी से कड़ी कार्रवाई तय की जाएगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 50 मॉडल बूथ जिसमें पिक बूथ, युवा बूथ और दिव्यांग बूथ बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने निर्देश दिया कि जहां पर वोटिंग परसेंटेज कम है, वहां पर मीटिंग करके बीएलओ के माध्यम से घर-घर लोगों को जागरूक करने के लिए निर्देशित किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ती और स्कूली बच्चों द्वारा गीत के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी लोगों को जागरूक किया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत वहां पर उपस्थित सभी लोगों द्वारा अपने मोबाइल की लाइट जलाकर गायन के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का कार्य किया गया। मतदान में प्रतिभाग के लिए शपथ दिलाई गई। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, उप जिलाधिकारी रोशनी यादव, डीसी मनरेगा, परियोजना निदेशक दिलीप सोनकर, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी और संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।



आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को संबोधित करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह।




जागरूकता अभियान के तहत मौजूद स्कूली छात्राएं व साथ में जिला निर्वाचन अधिकारी।

### मतदान में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका अहम

जिला निर्वाचन अधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मातृशक्ति को अपनी शक्ति को पहचानने की आवश्यकता है। आप सभी स्वयं मताधिकार का प्रयोग करें और संबंधित ग्रामों में जाकर युवा मतदाता, वृद्ध मतदाता, महिला मतदाता, विकलांग मतदाता सहित अन्य मतदाताओं को मतदान करने के प्रेरित करें। मतदान प्रतिशत बढ़ाने में आप सभी की अहम भूमिका है।

# जहांगीरगंज में रैली निकालकर मतदान के लिए लोगों को किया जागरूक

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** नगर पंचायत जहांगीरगंज की बाजारों में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। मंगलवार को आयोजित रैली कार्यक्रम के पहले मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करने का संकल्प लिया गया। उपजिला अधिकारी आलापुर सदानंद सरोज और अधिशासी अधिकारी विनय द्विवेदी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रैली को नगर क्षेत्र के लिए रवाना किया। मतदाता जागरूकता रैली में कर्मचारियों के साथ तमाम नागरिक भी शामिल रहे। जहांगीरगंजएमामपुर नरियाँव बाजारों में बैनर पोस्टर इत्यादि लेकर घूम घूम कर लोगों को लोकतंत्र का महत्व बताया गया और मतदान के लिए प्रेरित किया गया।इस मौके पर सर्वेश यादव अंकित दुबे सैयद अमानुल्लाहए दिनेश अवनीश श्रीवास्तव नरेंद्र सिंह विपिन सिंह महेंद्र कुमार लालचंद मोहम्मद शोएब संदीप आदि लोग शामिल रहे।

# आग लगने से करीब 10 बीघा गेहूं की फसल राख



जली पड़ी गेहूं की खड़ी फसल। अमृत विचार

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** कंबाइन मशीन से निकली चिंगारी से 6 किसानों का करीब 10 बीघा गेहूं जलाकर राख हो गया है। घंटों की मशककत के बाद आग पर काबू पाया गया।

जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के गोवर्धनपुर गांव निवासी प्रेम यादव के यहां पर गेहूं की कटाई के लिए लगी कंबाइन मशीन से निकली चिंगारी से उनकी फसल में आग लग गई। थोड़ी देर में आग फैलकर बगल अन्य किसानों के गेहूं की फसलों में पहुंच गई। आग पर काबू पाने के लिए ग्रामीणों ने काफी मशक्कत किया, लेकिन तब तक 10 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो चुकी थी। जिन किसानों की गेहूं की फसलें जलकर राख हुई हैं उनमें सराय नीलकंठ निवासी चतुराई रामभवन, राधा देवी पत्नी राधेश्याम, बैजनाथ, रामसेवक पाल, राकेश कुमार, राम लोट, प्रेम कुमार शामिल है। सबसे ज्यादा ढाई बीघा फसल का अकेला नुकसान बैजनाथ यादव का बताया गया है। मौके पर थाना अध्यक्ष जहांगीरगंज अतुल श्रीवास्तव मौजूद रहे।

### तीन बीघा गेहूं की फसल और भूसा जलकर राख, पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** गेहूं के खेत का पुवाल जलाने से जहां एक किसान का लगभग 10 बिस्वा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई है, वहीं बगल के किसान का कमबाईन्ड मशीन से काटे गए दर्जनों कुंतल भूसा जलकर राख हो गया। आग की सूचना जब तक ग्रामीण पहुंच कर आग बुझाने का प्रयास करते तब तक दोनों किसानों का हजारों रुपए का नुकसान हो गया। मौके पर मौजूद एक व्यक्ति को पुलिसकर्मी हिरासत में लेकर थाना चली गई है। घटना मालीपुर थाना के ताहापुर ग्राम पंचायत के मजरे खनूसपुर की है। मंगलवार को यहां के किसान दीपक तिवारी के गेंहू की फसल में आग लग गई। जब तक ग्रामीण आग बुझाने का प्रयास करते आग सचिन तिवारी के कटे गेंहू तक पहुंच गई। आसपास गावों के ग्रामीण भी आग बुझाने पहुंच गए। जब तक ग्रामीण आग पर काबू पाते तब तक दीपक पाण्डेय का 10 बिस्वा गेंहू और सचिन का दो बीघा गेंहू का डंठल जल कर राख हो गया। ग्रामीणों ने आग लगाने वाले युवक को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया है। वहीं गांव का युवक सूरज उपाध्याय आग लगाने का दावा करता रहा। थानाध्यक्ष शिवांगी त्रिपाठी ने बताया कि एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। वहीं, दूसरी तरफ जलालपुर थाना क्षेत्र के निजामपुर कुसुमखोर गांव के निकट एक जंगल में कुछ लोग बैठकर गांजा पी रहे थे। तभी अचानक चिलम से निकली चिंगारी ने आग का रूप धारण कर लिया। जिसकी चपेट में आने से गांव निवासी रामू धरिकार का लगभग 10 विश्वा गेहूं जलकर राख हो गया। वहीं जंगल में भी आग पकड़ लिया, जिसके चलते कई पेड़ झुलस गए साथ ही बगल स्थित आदेश वर्मा के गन्ने की पेड़ी में भी आग लग गया। जिससे गन्ना के पौधे जल गए।

# सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई। बता दें कि अकवरपुर कोतवाली क्षेत्र के एनएच-232 पर सम्मोपुर गांव के पास एक ट्रेलर ने वाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे मौके पर ही दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं हादसे के बाद ट्रेलर को लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों की पहचान अकवरपुर कोतवाली क्षेत्र के सिसानी जाफरगंज के कुल्दीप पुत्र फिरतु (28) वर्ष और राम फिरतु पुत्र विरतंती (60) वर्ष के रूप में हुई है। दोनों पिता और पुत्र बाइक से टांडा तहसील क्षेत्र में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। तभी वाइपास पर हुए हादसे में दोनों की जान चली गई। सूचना पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पिता पुत्र की एक साथ मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैं, अनुराग यादव पुत्र इंद्रजीत सिंह यादव निवासी डी-882 विश्व बैंक बर्रा, कानपुर नगर यूपी-208027। मैंने अपनी पुत्री का नाम बदलकर अवनी यादव से अनाया यादव रखा है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम AVADESH से बदलकर AVADHESH RAJBHAR रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाए। AVADHESH RAJBHAR S/O RAMDHARI निवासी माया देवी, भरपुरवा पिपराइच, गोरखपुर।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अमित उम्र करीब 28 वर्ष तथा बहू कामिनी पत्नी अमित उम्र 25 वर्ष को गलत चाल चलन के कारण चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उन दोनों के किसी भी कृत्य से मेरा कोई लेना-देना नहीं होगा। वह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। - **नरेश पुत्र सिरदार वाल्मीकि, निवासी- मोहल्ला- सैय्यद वाड़ा, शाहाबाद जिला हरदोई**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं राममिलन पुत्र जागेश्वर निवासी खेड़ासिलाजीत तहसील सरीला जनपद हमीरपुर, उ0प्र0। मैंने वर्ष 2010 में हाईस्कूल की परीक्षा अनुक्रमांक 1682161 से उत्तीर्ण की थी। मेरे अंक पत्र में पिता का नाम JAGESHWAR PRASAD अंकित है। JAGESHWAR PRASAD व JAGESHWAR दोनों नाम मेरे पिता के हैं। जो किसी अन्य के नहीं है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र मुनव्वर व बहू नाजिया बानो को उनके गलत आचरण व व्यवहार से त्रस्त होकर, अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है। अब दोनों का मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं है। **शफीकुन्निशा पत्नी इस्लाम अली निवासिनी-भांव, जिला- रायबरेली।**

**सूचना**

मैं SHAHABUDDIN पुत्र JALALUDDIN निवासी :-435/384, रज्जबगंज, नियर मस्जिद गढ़ी पीर खां, ठाकुगंज, लखनऊ - 226003, मैंने अपना नाम MOHAMMAD SHAHABUDDIN से बदलकर SHAHABUDDIN रख लिया हैं, आज से मुझे SHAHABUDDIN के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं अपना नाम मनोज कुमार से बदलकर मनोज यादव रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **मनोज यादव पुत्र दूधनाथ यादव ग्राम घघवा जगदीश जंगली पट्टी कुशीनगर।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम तिवारी अंजली सतीश चन्द्र से बदलकर अंजली त्रिपाठी रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **अंजली त्रिपाठी पुत्री सतीश चन्द्र तिवारी ग्राम दहरौली बुजुर्ग, पोस्ट पिपरा कछार, जिला देवरिया।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **मैं स्निग्धा अवस्थी पुत्री राजेश अवस्थी, नि0-बावन बुजुर्ग बल्ला, तह0-महराजगंज, रायबरेली,** मेरे हाईस्कूल के अंकपत्र में मेरा नाम कु0 स्निग्धा अंकित है। जबकि मेरे समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड पैन कार्ड व बैंक में स्निग्धा अवस्थी अंकित हैं। अतः मुझे स्निग्धा अवस्थी के नाम से जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने पुत्र राजेश कुमार पुत्र सत्यपाल सिंह व पुत्र-वधू रेशु देवी के आचरण चाल-चलन, व्यवहार एवं कर्ज देनदारी से परेशान होकर उक्त दोनो से सम्बन्ध विच्छेद कर उनको अपनी चल- अचल सम्पत्ति से सदैव के लिए बेदखल करता हूँ। उनके द्वारा किये गये किसी अच्छे, बुरे कार्यो व लेन-देन आदि से शपथी व उसके परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी। **सत्यपाल सिंह पुत्र स्व0 मिहीलाल नि0 ग्राम तेन्दुआ परगना व थाना व ब्लाक मल्लावाँ तहसील बिलग्राम जिला हरदोई।**

**सूचना**

मैं JALALUDDIN पुत्र RAJJAK निवासी :-435/384, रज्जबगंज, नियर मस्जिद गढ़ी पीर खां, ठाकुगंज, लखनऊ - 226003, मैंने अपना नाम MOHAMMAD JALALUDDIN से बदलकर JALALUDDIN रख लिया हैं, आज से मुझे JALALUDDIN के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

मेरे पांच पुत्र हैं। क्रमशः हुसैन खान, हसन खान, हामिद खान,हाशिम खान, उस्मान खान। जिसमें चार पुत्र हुसैन खान, हामिद खान,हाशिम खान,उस्मान खान मेरी देखरेख सेवा टहल करते हैं। जबकि पुत्र हसन खान का चाल चलन ठीक नहीं है। उसके खिलाफ थाने में आपराधिक मुकदमें भी दर्ज हैं। वह आये दिन मुझे, मेरी पत्नी व अन्य बच्चों को मारता पीटता रहता है। आपराधिक कार्य करने व परिवार को फंसाने की धमकी देता है। इसकी गलत हरकतों से परेशान होकर हसन खान को आज 16.04.2024 से अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। आज से मेरा व मेरे परिवार के अन्य लोगों का हसन खान से कोई वास्ता नहीं रहेगा। हसन खान किसी भी कृत्य के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। **जुनैद खान पुत्र शब्बीर खान, निवासी- पिण्डरा, प.त. व थाना- पट्टी, जिला - प्रतापगढ़, उ.प्र.।**


**समीक्षा** संचारी रोग के सफल संचालन के संबंध में जिलाधिकारी ने मातहतों के साथ की बैठक

# डीएम ने धीमी प्रगति पर अफसरों को लगाई फटकार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण, दस्तक अभियान के सफल संचालन के संबंध में द्वितीय बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से उनके द्वारा की गई तैयारियों को लेकर अलग-अलग समीक्षा किया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए। डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और अन्य संचारी रोग और दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण और इनका त्वरित इलाज सर्वोच्य प्राथमिकताओं के साथ करने के निर्देश दिए हैं। जिसके लिए सभी विभाग मिलकर लोगो को जागरूक करें और साफ-सफाई सभी विभागों से संबंधित कार्य विभागों के अधिकारियों द्वारा सफलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी विभाग अपनी भूमिका पूर्ण मनोयोग से निभाए। उन्होंने नगर पालिका क्षेत्र में अधिशाषी अधिकारी और ग्रामीण क्षेत्र में डीपीआरओ को निर्देश दिया कि एंटी लारवा, साफ-सफाई, फॉगिंग कराया जाना सुनिश्चित करें।



संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जिम्मेदारों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी।

### अधिकारी गांव-गांव जाकर करें निगरानी

दस्तक व संचारी अभियान के तहत शासन द्वारा आभा आईडी बनाने के निर्देश दिए गए हैं। लक्ष्य के अनुरूप जनपद में आभा आईडी की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को समीक्षा करते हुए फटकार लगाई और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संचारी और दस्तक अभियान के तहत संबंधित अधिकारियों को गांव-गांव जाकर निगरानी करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी राज कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# मतदाता ही लोकतंत्र की हैं पहचान

**बसखारी, अंबेडकरनगर। अमृत चिचार।** मंगलवार को उप जिलाधिकारी टांडा मोहनलाल गुप्ता, खंड विकास अधिकारी बसखारी, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा और खंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में बीआरसीसी बसखारी में स्थित कंपोजिट विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर मतदान को बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान उप जिलाधिकारी मोहनलाल गुप्ता ने मतदाताओं से आगामी 25 मई को जनपद में होने वाले मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील किया। उन्होंने कहा कि जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र की पहचान है। कार्यक्रम में मौजूद अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार यादव ने कहा कि सशक्त राष्ट्र निर्माण और मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी है। खंड विकास अधिकारी अनुपम सिंह और खंड शिक्षा अधिकारी केके सिंह ने मतदान के प्रति लोगों को जागरुक किया। उन्होंने कहा कि मतदाताओं के हाथ में ही देश की डोर है। आने वाली 25 मई को मतदान दिवस के रूप में मनाते हुए अधिक से अधिक मतदान करें। इस दौरान बीआरसी बसखारी से जागरूकता रैली उप जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली बसखारी चैराहे तक गई और पुनरू बीआरसी बसखारी स्थित कंपोजिट विद्यालय पर आकर समाप्त हुई। रैली में भारी संख्या में अध्यापकों और बच्चों ने प्रतिभा किया।



रंगोली के माध्यम से भी लोगों को मतदान के प्रति किया जागरूक।


श्री चैत्र रामनवमी
चैत्र नवरात्रि की
हार्दिक शुभकामनाएं
चैत्र राम नवमी की
हार्दिक शुभकामनाएं


ग्राम पंचायत सुरजापुर की तरफ से
सभी ग्राम वासियों को
नवरात्रि एवं राम नवमी
की
हार्दिक बधाई
रज्जन पाण्डेय
प्रधान प्रतिनिधि सुरजापुर
विकास खण्ड नवाबगंज, गोण्डा
निशा देवी
प्रधान


समस्त देश वासियों को
महानवमी एवं राम नवमी की हार्दिक बधाई
पराग गुप्ता
प्रधान सकरौरा ग्रामीण
प्रो. शिवम शुभम ज्वैलर्स, करनैलगंज
लक्ष्मी शंकर तिवारी
समजसेवी
मेसर्स - आभाष कंस्ट्रक्शन करनैलगंज
प्रो. विजय 'मुन्ना' सेठ
मोहित सेठ
मोहित ज्वैलर्स करनैलगंज, गोण्डा


समस्त देश वासियों को
महानवमी एवं राम नवमी
की हार्दिक बधाई
शोभाराम
प्रधान महादेवा
विकास खण्ड नवाबगंज, गोण्डा
गंगाराम यादव
प्रधान प्रतिनिधि माझा राठ
विकास खण्ड नवाबगंज, गोण्डा


समस्त देश वासियों को
महानवमी एवं राम नवमी
की हार्दिक बधाई
केश कुमारी सिंह
प्रधानाध्यापिका
जू.हा. स्कूल इस्माइलपुर विकास खण्ड नवाबगंज, गोण्डा
वन्दना पटेल
प्रधानाध्यापिका
प्राथमिक विद्यालय महेशपुर विकास खण्ड नवाबगंज


श्री श्याम पॉली क्लीनिक एवं हॉस्पिटल
श्री कन्हैया लाल अग्रवाल मेमोरियल सोसाइटी द्वारा संचालित
समस्त जनपद वासियो को
नवरात्रि एव रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं
विशेषज्ञों द्वारा मरीज का इलाज
अत्याधुनिक सुविधाओं से लैश
नॉर्मल व सिजेरियन डिलेवरी
जनरल व प्राइवेट वार्ड वातानुकूलित सुविधा
एक्स-रे, अल्ट्रासाउण्ड एवं
पैथालोजी की सुविधा
सबसे अच्छा
सबसे सस्ता
पता- ददुआ बाजार, अग्रसेन चौराहा, सोनार गली- गोण्डा
मो. - 9721640403, 7905247592, 7007495895, 9919398275

## एक नजर

### कांग्रेस के जिला प्रवक्ता बने शिवकुमार दूबे



**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्र ने वरिष्ठ नेता शिवकुमार दूबे को जिला मीडिया प्रभारी यानि प्रवक्ता बनाया है। प्रमोद मिश्र को भी अभी एक सप्ताह पहले जिला कांग्रेस कमेटी का जिलाध्यक्ष घोषित किया गया है। इसके पहले मिश्र कार्यवाहक जिलाध्यक्ष के रूप में काम करते रहे। मिश्र ने बताया कि शिवकुमार दूबे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हैं। वह पीसीसी सदस्य सहित विभिन्न पदों पर रह चुके हैं और पार्टी के प्रति वफादार हैं।

### रंजिश में होटल व्यवसायी की पिटाई, मुकदमा दर्ज

**खरगूपुर, अमृत विचार :** पुरानी रंजिश को लेकर होटल व्यवसायी की लाठी डंडे से पिटाई कर दी गई। गोकरन नाथ शिवाला पर होटल चला रहे राजकुमार पुत्र रामराज निवासी ओरी पुरवा भटपी ने थाने पर प्रार्थना पत्र दिया था कि रात को हरदैया भटपुरवा थाना इटियाथोक निवासी शिवनाथ और संजीत उसकी दुकान पर आये और पुरानी रंजिश को लेकर उसे लाठी डंडे से मारा।पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध मारपीट, गाली गलौज और जान से मारने की धमकी के अभियोग में मुकदमा दर्ज किया है।

### जंगल में आग से 40 बीघे में लगे पेड़ जलकर राख

**धानेपुर, अमृत विचार :** पूरे तेंदुआ स्थित सुंदरघाट के जंगल में आग लग गई। आग से लाखों रुपये के पेड़ जलकर राख हो गए। मौके पर पहुंचे गोंडा व बलरामपुर के फायर कर्मियों ने चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जंगल में अज्ञात कारणों से आग लग गई। ग्रामीण जब उस ओर गए तो देखा आग ने विकराल रूप धारण कर लिया है। मौके पर वन विभाग की टीम पहुंची। इसी बीच बलरामपुर व गोंडा के फायर ब्रिगेड को आग की सूचना दे दी गई। जब वन विभाग टीम आग पर काबू पाने में असफल हुई तब ग्रामीणों की मदद ली गई। इस बीच फायर ब्रिगेड की गाड़ी आ गई जिसे आग बुझाई।

### दो गांवों में गन्ने और गेहूं की फसल जलकर राख

**मसकनवा, अमृत विचार :** अज्ञात कारणों से दो ग्राम पंचायतों में भीषण आग लगने से गन्ना और गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग काबू पाया। फायर ब्रिगेड का वाहन न पहुंचने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश रहा। छपिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोपालपुर के मजरा नयनजोत में अज्ञात कारणों से गेहूं के खेत में आग लग गई। हवा के झोकें से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। देखते हो देखते बगल के ग्राम पंचायत वीरापुर के मजरा उजागरपुर में आग की लपट बढ़ते ही किसानों के गेहूं के फसल को अपने चपेट में ले लिया। खेत में धुंआ और लपटें देख ग्रामीण हल्ला गुहार करते हुए खेत में पहुंचे किसी तरह आग पर काबू पाया।

# यूपीएससी परीक्षा: तृप्ति और विवेक ने मारी बाजी

## संघ लोकसेवा आयोग की 2023 का परीक्षा परिणाम आते ही जिले में खुशी का माहौल, युवाओं ने बढ़ाया मान

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** मंगलवार को संघ लोकसेवा आयोग की 2023 की परीक्षा परिणाम आते ही जिले में खुशी का माहौल छा गया। गोंडा के तीन युवाओं ने यूपीएससी की परीक्षा में सफल होकर जिले के साथ अपने परिवार का गौरव बढ़ाया है।

आवास विकास कालोनी निवासी डा. सुधीर श्रीवास्तव की पुत्री मुस्कान श्रीवास्तव ने यूपीएससी की परीक्षा पास की। मुस्कान को पहली बार में ही 98वीं रैंक मिली और वह आईपीएस बन गई। परसपुर क्षेत्र के धनौरा भयापुरवा निवासी नवरंग सिंह अपने परिवार के साथ आवास विकास कालोनी में रहते हैं। उनकी पुत्री तृप्ति सिंह ने यूपीएससी परीक्षा में 193वीं रैंक हासिल की है। दोनों बेटियां नगर के प्रतिष्ठित कालेज फातिमा हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा रहीं। दोनों पढ़ने में मेधावी थीं।



विवेक सिंह। अमृत विचार



तृप्ति सिंह। अमृत विचार



मुस्कान श्रीवास्तव। अमृत विचार

उधर नवाबगंज के विश्नोहरपुर गांव निवासी डा राजेश कुमार सिंह के पुत्र विवेक सिंह ने पहली बार में ही आईएएस की परीक्षा पास कर ली। विवेक की पढ़ाई अयोध्या के अवध पब्लिक स्कूल में हुई। इसके बाद बीटेक किया। पढ़ाई के बाद विवेक ने घर पर रहकर तैयारी की और पहली बार में 256वीं रैंक हासिल की है। सांसद बृजभूषण शरण सिंह के गांव निवासी डा राजेश कुमार सिंह के पुत्र विवेक सिंह ने हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की पढ़ाई अयोध्या पब्लिक स्कूल से किया है। इसके बाद बीटेक प्रयागराज से करने के बाद यूपीएससी की तैयारी घर से कर रहे थे। विवेक ने किसी कोचिंग का सहारा नहीं लिया और पहली बार परीक्षा में बैठे और 256वीं रैंक हासिल की। इस के मुकाम के हासिल करने पर गांव में प्रसन्नता का माहौल है। यूपीएससी परीक्षा में चयन होने पर कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ सत्येंद्र सिंह समेत क्षेत्र के लोगों ने खुशी जताई है।

# पेड़ से टकराकर पलटा ट्रैक्टर, चालक की मौत

संवाददाता, करनैलगंज




**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के कादीपुर के पास पेड़ से टकराकर एक ट्रैक्टर पलट गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल चालक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना मंगलवार की सुबह की बताई जा रही है। गोंडा-लखनऊ मार्ग पर कादीपुर के निकट सड़क किनारे खड़ी एक कार से टकराने के बाद ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पेड़ में टकरा गया उसके बाद पलट गया। ट्रैक्टर के नीचे दबकर चालक गंभीर रूप से चोटिल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों ने पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि चालक ने ईलाज के दौरान जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। कोतवाल निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर चालक की पहचान सोनू कुमार (30) पुत्र देशराज निवासी हरिहरपुर जिला सीतापुर के रूप में हुई है। परिजनों को सूचना दी गई है।

# सूदखोरों से तंग सराफ ने गोली मारकर दी जान

## कनपटी पर मारी गोली, चमदई पुल की रेलिंग पर लटका मिला शव

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** वजीरगंज थाना क्षेत्र के तुर्काडीहा बाजार में सराफा का कारोबार करने वाले एक व्यवसायी ने सूदखोरों से परेशान होकर अपनी जान दे दी। सर्राफा कारोबारी का शव चमदई नदी के पुल की रेलिंग से लटका पाया गया। पास ही तमंचा भी पड़ा मिला। पुलिस ने मृतक के घर से सुसाइड नोट बरामद किया है, जिसमें उसने तीन लोगों को रुपए के लिए परेशान करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और सुसाइड नोट के आधार पर घटना की जांच पड़ताल में जुटी है।

मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के बनकटवा गांव का रहने वाला संजय सोनी (36) वजीरगंज थाना क्षेत्र के तुर्काडीहा बाबा कुटी पर सर्राफा की दुकान करता था। यहीं पर उसने अपना आवास भी बना रखा था। सोमवार की शाम को दुकान बंद करने के बाद वह अपने पैतृक गांव बनकटवा जाने के लिए घर से निकला था लेकिन वह गांव नहीं पहुंचा था। मंगलवार की सुबह उसका शव झिलाही वजीरगंज मार्ग पर स्थित चमदई नदी के पुल की रेलिंग से लटका मिला था। पास में ही एक तमंचा पड़ा हुआ था। उसकी बाइक व मोबाइल फोन भी मौके से बरामद किया गया था। उसकी कनपटी पर गोली मारे जाने के निशान मिले थे। लोगों ने सराफा कारोबारी की हत्या कर शव रेलिंग से लटकाए जाने की आशंका जताई थी। मौके पर पहुंचे सीओ, एसएचओ वजीरगंज व फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल की छानबीन की थी। घटनास्थल के बाद पुलिस टीम जब मृतक के घर पहुंची और जांच पड़ताल की तो सराफा कारोबारी संजय सोनी का सुसाइड नोट बरामद हुआ।



संजय सोनी। (फाइल फोटो)

सुसाइड नोट में उसने लिखा है कि वह कर्ज में डूबा है। तीन लोगों से उसने कर्ज लिया था लेकिन उसे चुकता भी कर दिया था। इसके बावजूद तीनों उसका उत्पीड़न कर रहे थे। इससे वह बेहद परेशान था। इस उत्पीड़न से परेशान होकर उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। फिलहाल पुलिस ने सुसाइड नोट को कब्जे में लेकर नामजद व्यक्तियों की तलाश शुरू कर दी है। एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले परिजन जैसी तहरीर देंगे उसके मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी।

## सामूहिक दुष्कर्म का अभियुक्त गिरफ्तार

**परसपुर, अमृत विचार:** एक सप्ताह पहले दो सगे भाइयों द्वारा नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस द्वारा दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। परसपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने मुकदमा पंजीकृत कराया था कि उसकी 13 वर्षीय भतीजी के साथ दो सगे भाईयों ने गांव के एक खंडहर में बुलाकर से दुष्कर्म किया था तथा धमकाते हुए घर न बताने की हिदायत दी गयी थी।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि अभियुक्त अनूप कुमार उर्फ लल्लू निवासी ग्राम रमेश्वरपुरवा सुसुण्डा को बालपुर तिराहे से जब वह कहीं भागने की फिराक में था गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।



रामनवमी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वेशभूषा में सजीं बालिकाएं व महिलाएं। अमृत विचार

## नृत्य, जुंबा और एरोबिक संगीत पर थिरकीं बालिकाएं

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** स्थानीय क्रेयॉनस स्कूल गोंडा में संचालित उड़ान अकादमी द्वारा राम नवमी के अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बालिकाएं व महिलाओं द्वारा नृत्य, जुंबा व एरोबिक संगीत पर विभिन्न प्रस्तुति दी। उक्त अवसर पर उड़ान अकादमी की निर्देशिका आयुषी राज ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बालिकाओं, महिलाओं का उत्साह वर्धन करते हुए बताया कि नृत्य, जुंबा, एरोबिक्स के माध्यम से अपना फिजिकल फिटनेस कैसे करें। इसकी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आगामी 10 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण शिविर में महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया जाएगा जिसमें वह नृत्य, जुंबा एरोबिक्स की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं ने शानदार प्रस्तुति दी। अच्छा प्रदर्शन करने वालों में अनीता, डिंपल, गुड़िया, जया, संगीता, रुचि, पूनम, कमलेश, अंशिका, निशा, स्वास्तिक राज, मान्यता, दिशा, प्रदिता, अन्नया, मान्या का प्रदर्शन सहनीय रहा। समस्त प्रतिभागियों को क्रेयोंस स्कूल की प्रधानाचार्य सुधा जायसवाल ने सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कन्याओं से विवाह की कथा सुन भक्त मंत्रमुग्ध

**परसपुर, अमृत विचार:** नगर पंचायत के अद्वैत स्वरूप आश्रम में चल रही श्रीमद्भागवत साप्ताहिक ज्ञानयज्ञ में अयोध्या के पंडित हरिविजय ने कथा सुनाई। भजन संध्या में साध्वी रागिनी व उपासना के भजनों पर लोग खूब झूमे।

कथावाचक ने मार्कंडेय ऋषि की कथा सुनाते हुए कहा मृकण्डु मुनि ने अपनी पत्नी के साथ तपस्या करके शिव को प्रसन्न किया और उनके वरदान से पुत्र रूप में मार्कण्डेय को पाया। शिव ने मृकंडु से पूछा था कि 'तुम्हें दीर्घआयु वाला गुणहीन पुत्र चाहिए या अल्प आयु वाला गुणवान पुत्र? ' तब मृकण्डु ने गुणवान पुत्र की कामना की। वहीं कृष्ण की 16000 कन्याओं से विवाह की कथा सुनाते हुए कहा नरकासुर के राक्षस ने अमरत्व पाने को 16 हजार कन्याओं की बलि देने के लिये कैद किया था। सत्यभामा की मदद से कृष्ण ने नरकासुर का वध किया। वहीं, समाज के कलंक से बचने के लिए 16000 हजार कन्याओं ने भगवान को ही अपना पति मान लिया। तब भगवान 16000 रूप में प्रकट होकर उन कन्याओं से विवाह किया था। इस अवसर पर आश्रम की महंत साध्वी शशी दीदी, साध्वी रागिनी, साध्वी उपासना, रामूबाबा, दीपक, विष्णु, तथा क्षेत्र के सैकड़ों पुरूष तथा महिलाएं उपस्थित रहे।

## राजकीय औद्योगिक संस्थान में अप्रेंटिस प्रशिक्षण कार्यशाला

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में शिशु प्रशिक्षण योजना अंतर्गत शिशु प्रशिक्षण आवंटित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समीक्षा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत देवीपाटन मंडल के संयुक्त निदेशक राजेश राम ने की।

अप्रेंटिस बाबू रवि प्रकाश पाठक ने अप्रेंटिस से संबंधित पोर्टल पर सभी को एस्टेब्लिशमेंट तथा कैंडिडेट के रजिस्ट्रेशन के बारे में जानकारी दी। आशीष भूषण राजकीय आईटीआई अनुदेशक ने अप्रेंटिसशिप पोर्टल के बारे में जानकारी दी। बैठक में प्रभुनाथ, राकेश कुमार, मैथली शरण, नाथुनी प्रसाद, विजय कुमार, सतीश कुमार, सतेंद्र कुमार, शिवाकांत तिवारी, सुनील कुमारी, परविंदर बाबू, हरीश गुप्ता, हरीश पटेल, अभिषेक द्विवेदी, दीनदयाल शोध संस्थान अजय कुमार मौर्य, बीएन सिंह, अनुराग, अरविंद श्रीवास्तव, हरिराम प्रसाद, जितेंद्र विश्वकर्मा, मनोज वर्मा, विवेक मिश्र, रजनीश सैनी, आशुतोष, आकाश श्रीवास्तव, अमरजीत सिंह, उदय प्रताप, आशीष भूषण ,मनोज वर्मा समस्त राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य एवं निजी आईटीआई के प्रबंधक प्रधानाचार्य उपस्थित रहे,वरिष्ठ फोरमैन रिजवानूल हसन ने आए हुए मंडल के सभी प्रधानाचार्य और प्रबंधक, फोरमैन सहित सभी स्टाफ को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सार-संक्षेप

### धूमधाम से मनाया जाएगा रामनवमी का पर्व

**करनैलगंज, अमृत विचार :** रामनवमी के अवसर पर नगर में श्रीराम की शोभायात्रा निकालने के साथ-साथ प्रत्येक मंदिरों में राम के जन्मोत्सव को मनाने की तैयारी की गई है। करनैलगंज नगर के दो दर्जन से अधिक मंदिरों में पूजा-पाठ, भजन-कीर्तन एवं राम के प्रकाट्योत्सव को मनाने की तैयारी है। वहीं नगर की धर्म रक्षा सेतु समिति की अगुवाई में बुधवार को राम की शोभायात्रा पूरे नगर में निकाली जाएगी। कटरा घाट के सरयू तट पर हजारों श्रद्धालु स्नान के लिए जुटेंगे।

### खेत देखने निकला किशोर लापता, अपहरण का केस दर्ज

**करनैलगंज, अमृत विचार :** खेत देखने निकला 14 वर्षीय किशोर घर नहीं लौटा। परिजनों ने काफी तलाश के बाद पुलिस को सूचना दी। करनैलगंज के ग्राम परसा गोंडरी निवासी इंद्रमणि शुक्ला ने रिपोर्ट में कहा कि उनका लड़का विनीत शुक्ला उर्फ भोला 12 अप्रैल को खेत देखने गया था। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला। कोतवाल निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि केस दर्ज किया गया है।

### रैली निकाल मतदान के लिए किया जागरूक




मतदाता जागरूकता रैली निकालतीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां। अमृत विचार

**मनकापुर, अमृत विचार :** लोस चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने रैली निकाल लोगों को जागरूक किया। सोमवार को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने प्रभारी सीडीपीओ दुर्गेश गुप्ता व सुपरवाइजर सुनीता सिंह के नेतृत्व में स्वीप योजना अंतर्गत मतदाता जागरुकता व सहभागिता के लिए ब्लॉक परिसर से तहसील मुख्यालय तक स्लोगन लिखी तख्ती लेकर मतदान करने और अन्य लोगों को भी पहले मतदान फिर जलपान करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर यशवंत राव, सत्यपाल, लालमनि आदि मौजूद रहे।

### बंगलुरु गए युवक की संदिग्ध हालात में मौत



**धानेपुर, अमृत विचार :** रोजी-रोटी के सिलसिले में परदेश गए युवक की बीते शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मंगलवार को उसका शव पैतृक गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया। परिजन हत्या कर शव को लटकाने की बात कह रहे हैं। धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेतवागाड़ा के मजरा पुरानी बाजार निवासी राजेश्वरी मिश्र के मुताबिक उनका 21 साल का लड़का लवकुश मिश्रा चार माह पहले रोजी-रोटी के सिलसिले में गैर प्रांत बेंगलुरु गया हुआ था।

### आरपीएफ इंस्पेक्टर वेस्ट परफॉर्मर ऑफ द ईयर



डीआरएम से सम्मान पत्र प्राप्त करते आरपीएफ इंस्पेक्टर उदयराज। अमृत विचार

**मनकापुर, अमृत विचार :** मंडल रेल प्रबंधक लखनऊ ने स्थानीय रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी निरीक्षक को जनहित व उत्तम कार्य करने पर बेस्ट परफॉर्मर ऑफ द ईयर अवार्ड से लखनऊ में सम्मानित किया है। माघ मेला के दौरान रामलला अयोध्या के दर्शन के लिए भक्तों को लेकर आई आस्था स्पेशल ट्रेनों के आगमन व प्रस्थान के दौरान उन्होंने बेहतर समन्वय व ड्यूटी स्टाफ का प्रबंध करते हुए ट्रेनों से भक्तों को उतरवाने, उन्हें बसों में सुरक्षित बैठाने में अहम भूमिका निभाई।

### ड्रग इंस्पेक्टर ने लगवाए मतदाता जागरूकता बैनर

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** डीएम नेहा शर्मा के निर्देश पर जिला औषधि निरीक्षक रजिया बानो व आईएमए के सचिव डॉक्टर डीके राव के नेतृत्व में जनपद के केमिस्ट्स एण्ड ड्रगिस्ट कल्याण एसोसिएशन के सदस्यों ने जागरूकता रैली निकाली। 20 मई को शत-प्रतिशत मतदान की अपील की। इससे पहले जिलाधिकारी ने ट्रांसजेंडर संवाद कार्यक्रम, युवा संवाद कार्यक्रम, गोंडा मतदान लीग (क्रिकेट), उद्यमी समागम संवाद कार्यक्रम से लेकर विद्यालयों के छात्र -छात्राओं द्वारा प्रतियोगिता के रूप में तमाम अन्य कार्यक्रम जनपद में मतदाता जागरूकता को लेकर किया जा रहा है।

# पेट्रोल पंप के सेल्समैन से 80 हजार रुपये लूटे

**उमरी बेगमगंज, अमृत विचार:** उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के बेलसर रोड पर स्थित एक पेट्रोल पंप से बाइक सवार तीन युवकों ने सेल्समैन की पिटाई कर 80 हजार रुपये लूट लिए और फरार हो गए। पंप मालिक ने तीन युवकों को नामजद करते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है। उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के पूरे अहलाद अमदही निवासी अजय प्रताप सिंह के मुताबिक बेलसर मार्ग पर आदमपुर गांव के समीप टीबीएस किसान सेवा केंद्र के नाम से उनका पेट्रोल पंप है। अजय प्रताप का कहना है कि मंगलवार दोपहर दो बजे बाइक सवार तीन युवक उनके पेट्रोल पंप पर पहुंचे और पेट्रोल भराने के बाद जब सेल्समैन सूरज सिंह ने पैसा मांगा तो हाथापाई युवक उससे करने लगे। जब वह केबिन की तरफ भागा तो आरोपी उसका पीछा करते हुए केबिन की तरफ चले गए और सेल्समैन की पिटाई कर उसके पास से 79800 रुपये लूट लिए और फरार हो गए। मारपीट और लूट की पूरी वारदात पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। अजय प्रताप सिंह ने तीनों युवकों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

# महागौरी की पूजा कर मांगा सुख-सौभाग्य

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** देवी आराधना के महापर्व नवरात्र की अष्टमी पर मंगलवार को देवी मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। जिले का पौराणिक खैरा भवानी मंदिर व काली भवानी मंदिर पूरे दिन मां के जयकारों और वैदिक मंत्रोच्चार से गूंजता रहा। रविवार को हजारों की संख्या में भक्तों ने मां के दरबार में हाजिरी लगाई और नारियल चुनरी के साथ मां का पूजन अर्चन कर सुख सौभाग्य की कामना की। नवरात्रि के आठवें दिन मां महागौरी की पूजा की जाती है। आदिशक्ति श्री दुर्गा का अष्टम रूप श्री महागौरी हैं। मां महागौरी का रंग अत्यंत गौरा है इसलिए इन्हें महागौरी के नाम से जाना जाता है। मान्यता के अनुसार अपनी कठिन तपस्या से मां ने गौर वर्ण प्राप्त किया था। तभी से उन्हें उज्जवला स्वरूपा महागौरी, धन ऐश्वर्य प्रदायिनी, चैतन्यमयी त्रैलोक्य पूज्य मंगला, शारीरिक मानसिक और सांसारिक ताप का हरण करने वाली माता महागौरी का नाम दिया गया। मंगलवार को नवरात्र के अष्टमी तिथि पर देवी मंदिरों में माता महागौरी की पूजा आराधना की गई। श्रद्धा और आस्था से सराबोर साधकों ने अष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में व्रत रखा और मंदिर में हवन पूजन के बाद कन्या पूजन कर उन्हें भोजन कराया। दिन भर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। हजारों की संख्या में महिलाएं व युवतियां पैदल चलकर माता महागौरी का पूजन करने के लिए मंदिर पहुंची। श्रद्धालुओं ने व्रत और संकल्प लेकर मां के दरबार में मन्नत मांगी। मंदिर के बाहर फूल माला नारियल चुनरी आदि बेचने वालों की दुकानें सजी रहीं। अखंड सौभाग्य के लिए मां को चुनरी अर्पित की गयी।



खैरा भवानी मंदिर में पूजा करते भक्त।



नवरात्र पर कन्या भोज व पूजन में शामिल कन्याएं। अमृत विचार

# मतदाता के अधिकार और कर्तव्य बताए

**बेलसर, अमृत विचार:** महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर में मतदाता जागरूकता अभियान सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहयोगिता, स्वीप योजना अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एसडीएम विशाल कुमार रहे। उन्होंने लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व, मतदाता के अधिकार एवं कर्तव्य पर प्रकाश डाला। एनसीसी कैडेट्स एवं स्काउट गाइड को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

प्रधानाचार्य एवं उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला एवं मंडलीय अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा स्वस्थ लोकतंत्र के लिए शत-प्रतिशत मतदान जरूरी है। कार्यक्रम को चंदन, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, शमशेर बहादुर सिंह, सुनील कुमार तिवारी ने संबोधित किया।




रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते एसडीएम विशाल कुमार। अमृत विचार

स्वीप कार्यक्रम को बल प्रदान करने वाले नोडल शिक्षक चंद्रशेखर, उमेश चंद गुप्ता तथा अशोक कुमार को भी सम्मानित किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कस्बे के रगड़गंज बाजार में मतदाता जागरूकता रैली निकाल "मेरा गोंडा मेरी शान 20 मई को करें मतदान "के नारे के साथ लोगों प्रेरित किया। इस मौके पर सभी बीएलओ, आशा बहू, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, नीलम पांडेय, शान मोहम्मद, विक्रम बहादुर, आनंद कुमार पांडेय, राकेश कुमार शुक्ला, डॉ. पदमनाथ पांडेय, डॉ. पवन प्रताप सिंह, बृजेंद्र प्रताप सिंह, सुग्रीव प्रसाद, कन्हैयालाल, राजेश चंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

### मतदान की अपील

**इटियाथोक, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश के क्रम में प्राविकुकरिहा में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप चौपाल के माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। गौरतलब है कि पूरे देश में इस समय लोकतंत्र का महापर्व चल रहा है। इसी के तहत आज कुकरिहा में नोडल अधिकारी ने वहां उपस्थिति सभी लोगों को मतदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी और पूरे परिवार सहित आसपास के लोगों मतदान करने के लिए प्रेरित किया। ग्राम प्रधान ने भी लोगों को निर्भीक होकर बिना किसी प्रलोभन के मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

# दूसरे के खाते में ट्रांसफर कर दिया शिक्षिका के एनपीएस का 10 लाख

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** झंझरी ब्लॉक के प्राविठकुरनपुरवा में कार्यरत एक शिक्षिका के एनपीएस खाते से 10 लाख लेखा विभाग के कर्मियों ने मिलीभगत कर दूसरी शिक्षिका के खाते में ट्रांसफर कर दिया। पीड़ित ने जब अपने एनपीएस खाते का बैलेंस चेक कराया तो गड़बड़ी का खुलासा हुआ। अब पीड़ित अपना रुपया वापस पाने को लेखा विभाग का चक्कर काट रही है। झंझरी ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय ठकुरन पुरवा में कार्यरत एक शिक्षिका शाजमा परवीन के मुताबिक कई साल पहले उसे लेखा विभाग की तरफ से एक प्रान एकाउंट नंबर दिया गया और कहा गया कि न्यू पेंशन स्कीम के तहत उसके वेतन से पेंशन का पैसा इसी खाते में जमा जमा किया जायेगा। लेखा कार्यालय के कर्मियों पर भरोसा कर शिक्षिका ने अपनी सहमति दे दी। कुछ दिन बाद उसके वेतन से पेंशन के नाम पर 7 हजार रुपये की कटौती शुरू हो गयी। शिक्षिका शाजमा परवीन का कहना है कि वह भी निश्चिंत थी कि उसके प्रान एकाउंट में एनपीएस का पैसा जमा हो रहा है। शिक्षिका का कहना है कि जनवरी महीने में जब उसने अपना प्रान खाते का बैलेंस चेक किया तो उसके होश उड़ गए। पता चला कि जो प्रान खाता नंबर उसे दिया गया था वह उसके नाम पर न होकर किसी दूसरी शिक्षिका के नाम पर है।

श्रुतं प्रज्ञानुगं यस्य प्रज्ञा चैव श्रुतानुगा।
असम्भिन्नार्यमर्यादः पण्डिताख्यां लभेत सः॥

जो व्यक्ति ग्रंथों-शास्त्रों से विद्या ग्रहण कर उसी के अनुरूप अपनी बुद्धि को ढलता है और अपनी बुद्धि का प्रयोग उसी प्राप्त विद्या के अनुरूप ही करता है तथा जो सज्जन पुरुषों की मर्यादा का कभी उल्लंघन नहीं करता, वही ज्ञानी है।


## संपादकीय

# नक्सलवाद बड़ी चुनौती

छत्तीसगढ़ में नक्सली समस्या से निपटना बड़ी चुनौती बना हुआ है। वास्तव में नक्सली समस्या छत्तीसगढ़ जैसे एक राज्य की नहीं पूरे राष्ट्र की समस्या है। मंगलवार को छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में मुठभेड़ में 18 नक्सली मारे गए। सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं। मुठभेड़ में नक्सल कमांडर शंकर राव भी मारा गया है। उस पर 25 लाख का ईनाम था। पुलिस ने बताया कि छोटेबेठिया क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल और जिला रिजर्व गार्ड के एक संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था। सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ ऐसे समय हुई है, जब तीन दिन के बाद वहा पहले चरण का मतदान होने वाला है। निश्चित रुप से सुरक्षाबलों के लिए यह बड़ी कामयाबी है। भारत के 12 राज्यों के 220 जिलों में नक्सली फैल चुके है। संपूर्ण भौगोलिक क्षेत्र का 40 प्रतिशत क्षेत्र नक्सली ग्रसित है अर्थात 92 हजार वर्ग किलोमीटर। वहीं छत्तीसगढ़ नक्सली समस्या के शिकंजे में कसता जा रहा है। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद की शुरूआत समीपवर्ती राज्य आंध्रप्रदेश की सीमा से लगे बस्तर से हुई है। छत्तीसगढ़ के संदर्भ में ऐतिहासिक अवधारणा यह है कि नक्सली समस्या उन क्षेत्रों में पनप रही है जहां आर्थिक असमानता, सामाजिक भेदभाव और राजनीतिक पिछड़ापन है।

यह बात सत्य है कि छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित सभी जिले इसी श्रेणी में है। साथ ही नक्सली समस्या पनपने में कहीं न कहीं दोष प्रशासनिक असमानताओं का भी है। यह दोष एवं असमानताएं राजनैतिक प्राशासनिक सामाजिक कुछ भी हो सकता है। देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुके नक्सलवाद से निपटने की रणनीति को अमल में लाते-लाते देश और प्रदेश की सरकारें सही पर सफल क्रियान्वयन चाहती हैं। मगर किस तरह से नक्सली समस्या को समाप्त किया जा सकेगा इसका दावा करना मुश्किल है। सवाल उठ हैं कि आखिर छत्तीसगढ़ में नक्सल ऑपरेशन की क्या स्थिति है। सरकार कह रही है कि नक्सली बैकफुट पर हैं। आखिर इसमें कितनी सच्चाई है। इसके अलावा नक्सलियों के खिलाफ बनाई गई रणनीति कारगर है या फिर इसमें बदलाव की जरूरत है। देश की सभी प्रांतों की सरकार संयुक्त प्रयास से नक्सलियों को जड़ से समाप्त करने में अपनी शक्ति लगाएं। शिक्षा का, प्रसार स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, सड़कों का निर्माण जैसी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति करना आवश्यक है। इन सब गतिविधियों के संचालन में प्रत्येक प्रांत के सरकार अपनी राजनैतिक प्रतिद्वंद्विता भुलाकर सार्थक प्रयास करें।

# आज के संदर्भ में सबके राम का संदेश



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

संत रविदास जन्मजात ब्रह्मज्ञानी थे परन्तु अपने गुरु रामानंद की यात्राओं में साथ रहने पर सत्संग करते रहने पर वे शास्त्र ज्ञान से भी परिपूर्ण हो गए थे। झाली रानी रतन कुअंरि तथा मीराबाई संत रविदास के शिष्यों में प्रमुख थे। संत रविदास की रामभक्ति से वर्णाश्रम व्यवस्था की नीव हिल गई थी।

कबीर को केवल राम से आशा है –कबीर आसा करिये राम की अबरै आस निराश। कबीर अपने सिद्धांतों के मान्यताओं के प्रबल अनुयायी थे। मरण के पूर्व मगहर यह कह कर गए–जो काशी तन तजै कबीरा, रामहि कौन निहोरा। कबीर के राम दशरथ नंदन अयोध्यापति न होकर परमब्रह्म परमेश्वर थे जिन्हें कबीर विश्वधर्म, मानवधर्म के प्रवर्तक के रूप में देखते हैं।

वाल्मीकि ने राम का जो आख्यान वाल्मीकि रामायण में प्रस्तुत किया वह भारत की हर भाषा में काव्य का रोचक कथावस्तु बनता गया। इक्ष्वाकुवंश में उत्पन्न हुए एक ऐसे पुरुष हैं, जो लोगों में रामनाम से विख्यात हैं, वे ही मन को वश में रखने वाले महाबलवान, कांतिवान, धैर्यवान और जितेन्द्रिय हैं। ऐसे राम की कथा महाभारत के वनपर्व, द्रोणपर्व, शांतिपर्व में है। बौद्ध साहित्य में भी तीन जातकों-दशरथ जातक, अनामक जातक तथा सम्बुला जातक में भी रामकथा का उल्लेख है। जैन साहित्य में विमलसूरि कृत पउमचरियम-प्राकृत, आचार्य रविषेण कृत पदमपुराण-संस्कृत, पउम चरिउ -अपभ्रंश में रामकथा वर्णित है जिसमे राम का मूल नाम-पद्म है। संस्कृत साहित्य मे कालिदास, भास, भवभूति, राजशेखर आदि ने अपने महाकव्यों में राम को नायक बनाया। पुराणों में विष्णु पुराण, हरिवंश पुराण, भागवत पुराण, ब्रह्मपुराण ब्रह्मवैवर्त पुराण, अग्निपुराण, तथा पद्मपुराण में विस्तार से रामकथा का चित्रण है।

हिंदी में तुलसी के रामचरित मानस लिखे जाने के पूर्व ही तमिल में कम्ब रामायण, तेलगु में रंगनाथ रामायण, मलयालम में रामचरित्र कन्नड़ में तोरवे रामायण, असामी में असमिया रामायण, बंगला में कृत्तिवास रामायण, उड़िया में सारलादास तथा बलरामदास के दो रामायण की रचना हो चुकी थी। मराठी और गुजराती में अनेक रामकथाओं के काव्यों का प्रणयन हुआ। आदिम प्रजातियों तथा विभिन्न प्रांतों के लोकगीतों में रामकथा जन जन में गूंजती रही है।

विदेशों में तिब्बती रामायण, पूर्वी तुर्किस्तान की खोतानी रामायण, इंडोनेशिया की ककबिन रामायण के साथ साथ जावा, सूरीनाम, मम्यार और थाईलैंड के रामायण में अपनी-अपनी तरह से रामकथा का वर्णन है।

गीता के रामः शस्त्रभृतामहम-अर्थात शस्त्र धारण कर्ताओं में मैं राम हूं तथा वाल्मीकि रामायण के आदर्श मानव राम जो सदाचरण और पुण्य के प्रतीक हैं, जो रावण जैसे दुष्ट और पाप के प्रतीक का विनाश करते हैं। राम जो उद्धारक हैं शनैः शनैः अलौकिकता की ओर बढ़ते हैं। शतपथ ब्राह्मण से अवतारवाद की अवधारणा उद्धृत होती है। पौराणिक युग में विष्णु का महत्व बढ़ने लगा। त्रिदेवों में विष्णु सृष्टि के पालनकर्ता हैं, ब्रह्मा और शिव के भी वंदनीय हैं। राम को विष्णु के अवतार के रूप में प्रतिष्ठित किया गया।

उत्तर वैदिक काल में ब्राह्मण धर्म के जटिल कर्मकांड और यज्ञ्व्यवस्था के विरुद्ध प्रतिक्रिया स्वरूप सुधारात्मक रूप में जब भागवत धर्म का उदय हुआ तो भागवतों के इष्ट कृष्ण थे। राधाकृष्ण के प्रेमतत्व तथा धर्म संस्थापक के रूप में कृष्ण को चरम लोकप्रियता प्राप्त हुई। पांचवीं शताब्दी के आसपास दक्षिण भारत के आलवार संतों ने विष्णु आराधना और विष्णु के विभिन्न अवतारों के प्रति असीम भक्ति भावना प्रसारित किया। आलवार संतों के अंतःकरण और चरित्र दैवीय गुणों से ऐसे आलोकित थे की उन्होंने श्रीहरि विष्णु की भक्ति के माध्यम से समाज के वर्णगत और धनगत विषमता को दूर किया। इनके बारह संतों गुरुवों की ऐसी ख्याति हुई की कालांतर में मंदिरों में विष्णु के साथ उनकी भी प्रतिमाएं लगाकर विष्णु के साथ उनकी पूजा का भी विधान किया गया।

आलवार संतों की ही परंपरा के रामानुजाचार्य -1016-1137 ने राम के सगुण भक्ति और अवतारवाद को विकसित किया। रामानुज संप्रदाय के अंतर्गत रामभक्ति और रामोपासना विषयक सहिंताएं और उपनिषदों की रचना हुई। ईस्वी सन की पहली शताब्दी में राम, विष्णु के अवतार के रूप में प्रतिष्ठित हुए उसके एक हजार साल बाद देश में रामोपासना को महत्व मिला जिसमें सर्वाधिक योगदान दक्षिण भारत की संस्कृति का है।

उत्तर भारत में राम भक्ति को लोकप्रियता प्रदान करने का कार्य रामानुज संप्रदाय के ही रामानंद-1356-1470 ने किया। रामानंद दक्षिण में जन्मे की प्रयाग या काशी में इससे ज्यादा महत्वपूर्ण है कि रामानंद के अध्यात्म रामायण का राम के ब्रह्मत्व की स्थापना में बड़ा योगदान है। रामानंद ने राम को प्रकृति से परे परमात्मा, अनादि, आनंदघन, अद्वितीय पुरुषोत्तम के रूप में स्थापित किया।

चौदहवीं-पंद्रहवीं शताब्दी तक उत्तर भारत में रामानुज मत का कोई व्यापक प्रचार नहीं था। रामानंद यद्यपि रामानुज संप्रदाय के ही थे। परन्तु स्वच्छंद और स्वतन्त्र विचार के संत होने के कारण उनके गुरु राघवानंद ने रामानंद को पृथक संप्रदाय बना लेने का निर्देश दिया। फलतः रामानंद ने वैरागी संप्रदाय-रामावत संप्रदाय की स्थापना की-चार बरन आश्रम सबहि को भक्ति दृढ़ाई। इस वैरागी संप्रदाय से निर्गुण और सगुण रामोपासना की दो धाराएं निकली। एक धारा में कबीर, रैदास-रविदास, पीपा, धना, सेन आदि थे तो दूसरे सगुण धारा में अनंतदास, तुलसीदास हुए। भक्ति द्रविण उपजी लाये रामानंद, प्रकट करी कबीर ने सात द्वीप नवखंड। भक्ति संप्रदाय के रामानंद के साधुओं की टोली पूरे देश में-जाति पांति पूछे नहि कोई हरी को भजे सो हरी का होइ - का उद्घोष करते हुए रामोपासना का अलख जगाते रहे और रामनाम के महामंत्र को गांव गांव, घर घर पहुंचा दिया।

रामानंद के प्रखर शिष्य कबीर का मूलमंत्र रहा-राम मा दोइ आखर सारा, कहै कबीर तिहुंलोक पियारा-जिन्होंने रामनाम को वेदमंत्र से अधिक महत्त्व दिया-तू ब्राह्मन मैं काशी का जुलाहा मोहि तोहि बराबरी कैसे की बनहि/ हमरे राम नाम कहि उबरे वेद भरोसे पांडे डूब मरहि।

कबीर को केवल राम से आशा है-कबीर आसा करिये राम की अबरै आस निराश। कबीर अपने सिद्धांतों के मान्यताओं के प्रबल अनुयायी थे। मरण के पूर्व मगहर यह कह कर गए-जो काशी तन तजै कबीरा, रामहि कौन निहोरा। कबीर के राम दशरथ नंदन अयोध्यापति न होकर परमब्रह्म परमेश्वर थे जिन्हें कबीर विश्वधर्म, मानवधर्म के प्रवर्तक के रूप में देखते हैं।

सिखों के अतिपावन ग्रंथ आदिग्रंथ में गुरु रामदास ने संत रविदास का यशोगान करते हुए कहा है-रविदास चमार उस्तति करै हरि कीरति निमिष इक गाई/ पतित जाति उत्तम भया चारि बरन पये पगि आई।

अर्थात पतित चमार जाति में जन्म लेकर संत रविदास ने हरि की महिमा का ऐसा गान किया की वे श्रेष्ठ पुरुष बन गए और चारों वर्णों के लोग उमके पांव पड़ने लगे।

संत रविदास जन्मजात ब्रह्मज्ञानी थे परन्तु अपने गुरु रामानंद की यात्राओं में साथ रहने पर सत्संग करते रहने पर वे शास्त्र ज्ञान से भी परिपूर्ण हो गए थे। झाली रानी रतन कुअंरि तथा मीराबाई संत रविदास के शिष्यों में प्रमुख थे। संत रविदास की रामभक्ति से वर्णाश्रम व्यवस्था की नीव हिल गई थी। वेद -विद्वान् ,वेदांग निष्णात ब्राह्मण इस दलित संत को दंडवत करने लगे थे।

मोसों सकुचत छुई सब छाहून-मैं इतना बड़ा अछूत हूं की मेरी छाया तक छूने में लोग संकोच करते हैं ऐसा तुलसी रामनाम की महिमा से सुखी हुआ-कहा न कियो कहां न गयो सीस काहि न नायो/ राम रावरो बिन भये जन जनमि जनमि जग दुःख दशहु दिसि पायो।

अपने-अपने सब के राम का आज के संदर्भ में यही संदेश है कि-सबसों सनेह सबहि को सन्मानिये। राम वह तत्व है जो सबसे स्नेह करता है—ईष्या द्वेष का कारण नहीं बनता। रामराज का यही उद्देश्य था- सब नर करहिं परस्पर प्रीति चलहिं स्वधर्म निरत श्रुतिनीति। सभी प्राणियों में प्रेम रहे और सब ऋत -ब्रह्मांडीय नियमों के अनुसार अपने कर्तव्य का पालन करते रहें यही रामराज है यही ईश्वरीय सत्ता है। अंत में—जड़ चेतन जग जीव जत सकल राममय जानि/ बंदउ सब के पदकमल सदा जोरि जुग पानि।

## प्रसंगवश

# पतन का मूल कारण

जिस संस्कृति में बाहरी दुनियां और उसमें अच्छा करने के बारे में हीन भावना फैलाई जाती रही हो और तथाकथित अध्यात्म विद्या का बेतरीका महिमा मंडन होता रहा हो, वह संस्कृति पतन का स्वागत करती है। यही भारत के पतन का मूल कारण है। शरीर का होना अध्यात्म चिंतन के लिए भी आवश्यक है। शरीर से मुक्त आत्मा अध्यात्म विद्या में कोई रुचि नहीं लेता। और शरीर का होना रोटी मांगता है। यह शंकराचार्य के लिए भी सही है और बुद्ध के लिए भी। भौतिक जीवन में अत्यधिक रति और अध्यात्मिक जीवन की उपेक्षा जितनी निंदनीय है, उतनी ही निंदनीय है। भौतिक जीवन की उपेक्षा और अध्यात्मिक जीवन की प्रतिष्ठा। अति दोनों जगहों पर निंदनीय है।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

विज्ञान हमें बताता है कि अल्प मात्रा में सभी ड्रग किसी न किसी बीमारी की दवा हैं। यह तंबाकू, अफीम, धतूरा से लेकर रेडिएशन्स तक सही है। लेकिन वही ड्रग अधिक मात्रा में विष हैं, मारक हैं। उसी तरह सीमा से अधिक भक्ति और अध्यात्म जहर का काम करते हैं और सीमा से अधिक भोग भी, भौतिकता भी। आचार्यों एवं उपदेशकों का कर्तव्य है कि वे इस सीमा का निर्धारण करें और तदनुसार प्रवचन करें।

हमारे उपदेशक बहुधा अनजाने में पाखंडवाद सिखलाते हैं। श्रोता जब विरक्ति, भक्ति, माया, इत्यादि पर अनर्गल प्रलाप सुन कर घर लौटता है तो वह पाता है कि जीने के लिए उपदेशों से हट कर चलना आवश्यक है। इस तरह वह दोहरी जिंदगी जीने के लिए विवश हो जाता है। उसके मुंह में राम और बगल में छुरी रहने लगती है। यह दोहरा जीवन सामाजिक पूंजी के क्षरण का कारण होता है।

अति भक्ति चोरों का लक्षण बन जाती है। हमारा चारित्रिक पतन अति आदर्शवाद के चलते हुआ है। इसमें बाबा लोगों का बहुत बड़ा रोल है। अधिकतर बाबा त्याग और संयम का उपदेश देकर अरबपति बन जाते हैं और कुछ जेल तक चले जाते हैं। इसीलिए, जब कोई आदमी अध्यात्म की बातें करने लगता है तो मैं सावधान हो जाता हूं। मेरा व्यक्तिगत विचार है कि आए दिन होने वाले प्रवचन सुनने और पतुरिया का नाच देखने में ज्यादा फर्क नहीं है। बाबा और पतुरिया दोनों ही भाड़े पर आते हैं, गायक वादकों के साथ।

# हेपेटाइटिस की बढ़ती चुनौतियां और खतरे



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

सरकार काफी आशान्वित हैं कि यदि 2024 और 2026 के बीच स्थितियों में सुधार लाया जाए, तो हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम पटरी पर लाया जा सकता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रपट में भारत में हेपेटाइटिस की चुनौतियों और खतरों का उल्लेख है। हेपेटाइटिस शब्द यकृत की किसी भी सूजन को संदर्भित करता है- किसी भी कारण से लीवर कोशिकाओं में होने वाली जलन या सूजन। यह तीव्र भी हो सकता है। लीवर की सूजन छह महीने से अधिक समय तक भी रहती है, लेकिन अनिवार्य रूप से इसका कोई लक्षण नहीं दिखाई देता है। आमतौर पर यह ए,बी,सी,डी, और ई सहित हेपेटोट्रोपिक वायरस के एक समूह के कारण होता है। अन्य वायरस भी इसका कारण हो सकते हैं, जैसे कि वैरिकाला वायरस जो चिकन पॉक्स का कारण बनता है।

डब्ल्यूएचओ की रपट के मुताबिक लीवर से जुड़ी यह बीमारी घातक भी साबित हो सकती है और बाद में कैंसर का रूप भी धारण कर सकती है। हेपेटाइटिस बी और सी को लेकर भारत में जागृति बहुत कम है, क्योंकि इनके लक्षण ही पेचीदा हैं। चूंकि यह भी वायरल संक्रमण की बीमारी है, लिहाजा डॉक्टर भी लक्षणों का अध्ययन करते समय गलत निष्कर्ष पर पहुंच जाते हैं।

भारत में हेपेटाइटिस बी के करीब तीन करोड़ संक्रमित मरीज हैं, जबकि हेपेटाइटिस सी के 50 लाख से अधिक लोग बीमार हैं। लीवर की सूजन और संक्रमण के साथ इन बीमारियों का बोझ उठाने वाला भारत विश्व में ऐसा दूसरा देश है। वह दिन दूर नहीं, जब विश्व में सर्वाधिक हेपेटाइटिस संक्रमण भारत में होगा। भारत में ही 2022 में हेपेटाइटिस ने एक लाख से अधिक जिंदगियां छीन ली थीं। चिंताजनक पक्ष यह है कि बहुत कम संक्रमित लोगों के लक्षण स्पष्ट हो पाते हैं, लिहाजा वे निदान और इलाज के दायरे में नहीं आ पाते।

हेपेटाइटिस सी के 30 फीसदी से कम मामलों की पहचान हो पाती है, लिहाजा लीवर का यह संक्रमण ज्यादा घातक, यहां तक कि जानलेवा, साबित हो सकता है। हेपेटाइटिस बी के आंकड़े मात्र 3 फीसदी ही बताए जाते हैं। नेशनल वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम का लक्ष्य 2030 तक भारत को हेपेटाइटिस सी से मुक्त कराना है। हेपेटाइटिस बी से जुड़ी रुग्णता, मृत्यु-संख्या और मृत्यु-दर को भी 2030 तक ही काफी कम करना है। इसे लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारत सरकार काफी आशान्वित हैं कि यदि 2024 और 2026 के बीच स्थितियों में सुधार लाया जाए, तो हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम पटरी पर लाया जा सकता है। भारत में हेपेटाइटिस बी संक्रमण मामलों का अभी तक जो विश्लेषण किए गए हैं, उनमें संक्रमण मां से शिशु की ओर गया है। टीकाकरण से भी इस बीमारी और संक्रमण के विस्तार को रोका जा सकता है। भारत में टीकाकरण भी काफी अनियमित है और शिशु के जन्म लेने के तुरंत बाद जो टीकाकरण किया जाना चाहिए, उसके प्रति अशिक्षित और अज्ञानी जमात गंभीर नहीं है, लिहाजा शिशु की इम्युनिटी प्रभावित होती है। भारत में 50 फीसदी से कम शिशुओं को सभी आवश्यक टीके समयानुसार दिए जाते हैं। बहरहाल हेपेटाइटिस सी का इलाज अपेक्षाकृत आसान और संभव है। एंटी-वायरल बीमारी का इलाज कर सकते हैं और दीर्घकाल में लीवर को क्षतिग्रस्त होने से बचाया जा सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, भारत में हेपेटाइटिस का उपलब्ध इलाज दुनिया में सबसे सस्ता है। करीब 70 फीसदी मरीज निदान और इलाज नेटवर्क से दूर भागते रहते हैं और प्राथमिक चिकित्सा को दोष देते रहते हैं।

हेपेटाइटिस बी को भारत के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के तहत शामिल किया गया है। जो हीमोफिलस इन्फ्लुएंजा टाइप बी, खसरा, रूबेला, जापानी इंसेफेलाइटिस, रोटावायरस डायरिया के कारण ग्यारह (हेपेटाइटिस बी को छोड़कर) वैक्सीन-रोकथाम योग्य बीमारियों यानी तपेदिक, डिप्थीरिया, पर्टुसिस, टेटनस, पोलियो, निमोनिया और मेनिनजाइटिस के खिलाफ मुफ्त टीकाकरण प्रदान करता है। बांग्लादेश, भूटान, नेपाल और थाईलैंड विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में हेपेटाइटिस बी को सफलतापूर्वक नियंत्रित करने वाले पहले चार देश बन गए हैं।

बात ताजा रपट की कि जाए तो चूंकि यह चेतावनी विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से आई है, लिहाजा सरकारों के स्तर पर इस संक्रमण को संबोधित किया जाना चाहिए। बेशक हेपेटाइटिस हो अथवा टीबी हो, इन संक्रामक बीमारियों को लेकर जरा-सी भी कोताही नहीं बरतनी चाहिए। कोरोना काल के दौरान जिस तरह सजगता के साथ काम किया गया, उसी पैटर्न पर काम करने की जरूरत है।

## सोशल फोरम

# दि ग्रेट डिक्टेटर

दुनिया के महान कॉमेडियन-फिलॉस्फर चार्ली चैपलिन ने यूं तो कई फिल्में बनाईं लेकिन 'दि ग्रेट डिक्टेटर' चार्ली चैपलिन की सबसे कामयाब, उद्देश्यपूर्ण और चर्चित फिल्म है। यह चैपलिन की पहली बोलती फिल्म भी रही। हालांकि इसका एक अच्छा हिस्सा ज़रूरत के मुताबिक़ साइलेंट है, चैपलिन की पिछली फिल्मों की तरह। 1940 में रिलीज़ हुई 'दि ग्रेट डिक्टेटर' चैपलिन ने उस दौर के एक वीभत्स सोच के जर्मन नस्लवादी और खब्ती किस्म के इंसान हिटलर का मखौल उड़ाने की गरज से बनाई थी, जिसके सनकपन ने दुनिया को दूसरे विश्वयुद्ध में धकेला था। लेकिन चैपलिन को कई तरह के खतरे भी थे। ऐसा न हो बजाय हिटलर का मज़ाक उड़ने की जगह वो और उनकी फिल्म ही हंसी की सामग्री बन जाए। और मुमकिन है कि नाजी सोच के लोग उनको दुनिया से उड़ा दें। इसीलिए रिलीज से पहले उन्होंने एक लंबा रिसर्च भी कराया। अपने दोस्तों से सलाह ली। कई ने मना किया कि बहुत बड़ा रिस्क है। हो सकता है कि कई देशों में ये प्रतिबंधित हो जाए। नाज़ियों के समर्थकों और विरोधियों के बीच भीषण दंगे भी हो सकते हैं। युद्ध की विभीषिका झेल रहा यूरोप ज्यादा बड़े संकट में भी आ सकता है। यह भी संभव है कि इस युद्ध में नाज़ियों की जीत हो और नतीजतन चैपलिन को बीच चौराहे सूली पर लटका दिया जाए।



वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

मगर चार्ली चैपलिन ने अपने मित्र डगलस फेयरबैंक्स की सलाह पर फैसला किया कि दुनिया के महाखलनायक का मुकाबला उसी की शक्ल का दुनिया का महाविदूषक चार्ली चैपलिन करेगा। ऐसा करना उनका फर्ज है और मानवता व सच की सेवा भी। जान जाती है तो जाए। जब 'दि ग्रेट डिक्टेटर' रिलीज़ हुई तो सचमुच हंगामा हो गया, सुपर हिट हुई। मगर हिटलर की नाजी सोच के समर्थकों के डर से दक्षिण अमरीका के कई देशों में प्रतिबंधित हुई। यूरोप में भी इसके विरुद्ध प्रदर्शन हुए। कई जगह से फिल्म उतार ली गई। इंग्लैंड ने शुरू में विरोध के दृष्टिगत इसकी रिलीज़ रोकने का फैसला किया। लेकिन कुछ अफसरों ने फिल्म देख कर सरकार को मशविरा दिया कि नाज़ियों के विरुद्ध प्रोपेगंडा के लिए ये फिल्म मज़बूत हथियार है।

-फेसबुक वॉल से

# राम अवतार भी हैं और ब्रह्म का पर्याय भी



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

मानव सभ्यता का सबसे पहला ग्रंथ ऋग्वेद है, जिसमें राम का नाम आया है। इस नाम का धर्मात्मा और प्रतापी राजा हुआ है। सीता को असुर संहारिणी देवी के रूप में स्मृत किया गया है।

बहु प्रचलित लोक मान्यता के अनुसार राम अयोध्या के राजा दशरथ के पुत्र थे, जिनका जन्म त्रेता युग के अंत में चैत्र शुक्ल नवमी को कौशल्या की कुक्षि से हुआ और उनकी कथा बहु श्रुत है। वैसे इस शब्द का अर्थ और नाम, रूप, विग्रह अनेक हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने भी 'रामचरितमानस' में साफ कहा है, 'नाना भांति राम अवतारा। रामायण सत कोटि अपारा'। संत कबीर भी कहते हैं, 'दसरथ सुत तिहुं लोक बखाना। राम नाम कर मरमु है आना'। सामान्यतया राम को इसी चतुर्युगी के त्रेता के अंत में जन्मा माना जाता है। संप्रति वैवस्वत मन्वंतर की 27 वीं चतुर्युगी चल रही है, किंतु हरिवंश पुराण के अनुसार राम 24 वीं चतुर्युगी के त्रेता में हुए। दशावतारों का उल्लेख करने वाले श्लोक में तीन अवतारों को राम कहा गया है, जो हैं परशुराम, राम और बलराम। 'वनजौ वनजौ खर्वः त्रिरामो सकृपोऽकृपः। अवतारादशैवेते कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्'। राम के इस 27 वें त्रेता वाले अवतार की कथा वाल्मीकि ने 24 हजार श्लोकों में लिखी, जो सर्वाधिक मान्य है, क्योंकि वे राम के समकालीन थे, जैसा कि इस रामायण के शुरुआती श्लोकों से हो स्पष्ट हो जाता है। इन्हें आदि कवि कहा गया और ज्यादातर यह पहली रामकथा की मान्यता लिए है। वैसे 'दशरथ जातक' इसके पहले की रचना है, जिसमें राम की कथा विद्यमान है।

मानव सभ्यता का सबसे पहला ग्रंथ ऋग्वेद है, जिसमें राम का नाम आया है। इस नाम का धर्मात्मा और प्रतापी राजा हुआ है। सीता को असुर संहारिणी देवी के रूप में स्मृत किया गया है, जिसके नयनोन्मीलन, निमीलन से सृष्टि का सृजन संहार होता है। वेद से पहले भला कौन ग्रंथ था? यानी यह तो त्रेता के पहले की ऋचाएं हैं, भगवान विष्णु की श्वास से निःसृत हुईं और शून्य में व्याप्त हो गईं, जिन्हें ऋषियों ने देखा और संग्रह किया। इसीलिए वे मंत्र द्रष्टा कहलाए और वेद संहिताएं कही गईं। वेदांत ग्रंथ उननिषदों में अलग 'रामोपनिषद्' और 'सीतोपनषद्' हैं। वाल्मीकि के ही एक अन्य संकलन 'योग बासिष्ठ' में रामों की संख्या 73 कही गई है। एक कथा के अनुसार हनुमान जी जब मुद्रिका लिए सीतान्वेषण में तत्पर थे, तो उन्हें प्यास लगी। एक ऋषि आश्रम में वे अंजुली से जल पीने लगे और उसके पहले वह मुद्रिका उनके कमंडलु में डाल दी। जल पीकर जब वे उन्होंने मुद्रिका उठानी चाही, तो उसमें तमाम वैसी ही मुद्रिकाएं दिखाई दीं। चकित हनुमान ने जब ऋषि से पृच्छा की, तो उन्होंने कहा युग युग में आप इसी हेतु आते रहे हैं और ये सब राम मुद्रिकायें ही हैं, जिन्हें आपने जल पीते सभय इसमें रक्खा था। धार्मिक मामलों में तर्क नहीं चलता है। कहते हैं 'मजहब में अकल का दखल नहीं है'। बस इससे राम और उनकी कथाओं की अनन्तता का भान होता है।

दरअसल राम अवतार भी हैं और ब्रह्म का पर्याय भी, जो सबमें रमा है या रमण करता है। यह एक मंत्र है, जिसका जप ॐ के समान परिणाम देने वाला है, जो सृष्टि सृजन के समय हुए 'स्फोट' का स्वर है। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त भी उन्हें सबमें रमा हुआ बताते हैं फिर भी अयोध्या पंचवटी आदि में उनका विशेष वास कहा है। कबीरदास ने 'रमैया की दुलहिन लूटा बजार' कहकर राम को ब्रह्म माना है; तभी तो ब्रह्म की माया को 'राम की दुलहिन' बताया है। उनका सम्यक् ज्ञान हो जाने से तो व्यक्ति 'पूर्ण' होकर उनमें समाहित ही हो जायगा, जिसे तुलसी ने 'जानत तुम्हइ तुम्हइ होइ जाई' कहा है। राम वह परब्रह्म है, जो कुतत्वों के निराकरण हेतु 'सम्भवामि युगे युगे' होते हैं, जिनके नाम रूप असंख्य और वर्णनातीत हैं।

# बात करना शायद एक लुप्त होती कला

शायद हम सब बात करना भूल गए हैं। अकेलेपन की शिकायत तो करते हैं पर कोई मिले तो आप कैसे हैं से शुरू हो कर कभी घर आईए तक एक दो मिनट में बात खत्म हो जाती है। बातों की डोर के बगैर रिश्ते जुड़े कैसे? बात करना शायद एक लुप्त होती कला है। मैं जिस तरह के लोगों के बीच उठता बैठता हूं वे बहुत पढ़े-लिखे और कामयाब लोग हैं। मगर डिग्रियों और कामयाबी की चिंता में हम सबने अपने सामाजिक हुनर खो दिए हैं। हमारा आईक्यू भले ही ज्यादा हो, मगर सामाजिक बुद्धिमत्ता बहुत कम हो गई है। कभी लगता है समर कैंप में हॉबी क्लासेज में एक क्लास बात कैसे करें पर भी होनी चाहिए।

बात करना सूचनाओं का आदान प्रदान नहीं है। बतरस का आनंद लेना जैसे एक इमारत बनाने जैसा है जिसमें बातों की ईंट पर ईंट रखकर दीवारें चुनी जाती हैं, किस्सों के मेहराब गढ़े जाते हैं, व्यंग्योक्तियों, मुहावरों के आर्टीफैक्ट्स से सजाया जाता है। बात में से बात निकाली जाती है। मगर अफसोस किसी स्कूल में यह जरूरी हुनर नहीं सिखाया जाता। फिर जब ऐसे अनपढ़ लोग किसी पार्टी में मिलते हैं और उन्हें कोई बात नहीं सूझती तो वे जहरीली सियासी बहस पर उतर आते हैं। आधे एक पार्टी के पक्ष में हो जाते हैं और बाकी दूसरी के। राजनीति पर बहस के अचानक प्रचलन में आने के पीछे एक कारण यह भी हो सकता है कि लोग कोई दूसरी बात करना जानते ही नहीं।

ऐसे में मुझे मेरी मौसी याद आती है। वे अनपढ़ ठेठ गंवार थीं। न स्कूल गईं न दुनिया देखी। पर जब बोलतीं तो लोग मंत्र मुग्ध होकर उनकी बातें सुनते। शादी ब्याह में तो जैसे वे फुल फॉर्म में होतीं। हर बात पर कटाक्ष, ताने, मुहावरे, मजाक! लोग हंसते-हंसते लोटपोट हो जाते। महिलाएं ही नहीं कभी-कभी तो घर के बड़े बूढ़े भी जिनसे उनका ससुर जेठ का रिश्ता था वे भी निशाने पर आ जाते और उन्हें भागने को जगह न मिलती।

इन दिनों चश्मा चढ़ाए आईआईटी की तैयारी कर रहे हैं बच्चों से कभी बात करता हूं, तो लगता है जैसे कोई मंजिल की चिंता में रास्ते में लगे फूल पौधों को देखना भूल गया है।



संजय वर्मा
इंदौर

पत्नियां पति से बातचीत के नाम पर पुलिसिया इंटेरोगेशन कर रही हैं-कहां गए थे? कब लौटोगे? क्या खाओगे? अमेरिका गए बच्चों के मां-बाप उनसे सुबह-शाम वीडियो कॉल पर बात कर रहे हैं। पर वही घिसा पिटा रिकॉर्ड-आज खाने में क्या खाया, ठंड तो नहीं है, तबीयत कैसी है..! कभी लगता है उन्हें एक दिन की बातचीत रिकॉर्ड कर रोज उसका टेप चला देना चाहिए। शादियों में लोग यूं खामोश बैठे रहते हैं कि किसी शोक सभा का गुमां होता है। जीवन के नौ रस हुआ करते थे, यह फेहरिस्त अब संक्षिप्त होती जा रही है। यह एक अजीब बदलाव है। हमारे पुरखों का एक्सपोजर सीमित था। उन्होंने दुनिया कम देखी थी। हमने उनके मुकाबले ज्यादा दुनिया देखी, ज्यादा घूमे, ज्यादा पढ़े। पर फिर उनके पास हमसे ज्यादा किस्से कैसे थे? क्या इसका संबंध संघर्ष से है? क्या परस्पर निर्भरता की मजबूरी ने उन्हें बात करना सिखा दिया और हमे टेक्नोलॉजी ने आत्म निर्भर बना कर उसकी आवश्यकता खत्म कर दी। हो सकता है जो लोग जीने के लिए संघर्ष करते हों, वे यह किस्सागोई का हुनर सीख जाते हों, और आज जिस मध्यम वर्ग का रोना मैं रो रहा हूं उनके जीवन में कोई संघर्ष ही नहीं है। यदि संघर्ष और किस्सागोई का कोई रिश्ता है, तो इसका मतलब यह मुश्किल समय में जिंदा बचे रहने का जरूरी हुनर है।

## एक नजर

### सेल्फी प्वाइंट का शुभारम्भ

बहराइच, अमृत विचार : निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम अन्तर्गत लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदान में शत-प्रतिशत मतदाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला व मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर के साथ कलेक्ट्रेट गेट पर सेल्फी प्वाईन्ट का शुभारम्भ किया तथा वाहनों पर मतदाता जागरूकता स्टीकर चस्पा कर आमजन से मतदान वाले दिन मतदान करने की अपील की।

### महिला को भेजा जेल

बहराइच, अमृत विचार : रामगांव थाने के प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा ने बताया कि जानीजोत गांव निवासी महिला के विरुद्ध न्यायालय ने वारंट जारी किया है। थाने के उप निरीक्षक संजीव कुमार द्विवेदी, महिला सिपाही आशा वर्मा और हेड कांस्टेबल रामपाल की टीम ने जनक दुलारी पत्नी गुड्डू निवासी जानीजोत थाना रामगाँव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### मधुमक्खी के हमले में महिला की मौत, 3 जख्मी

बहराइच, अमृत विचार : रानीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गौरैया निवासी आनंदी देवी (82) घर के बाहर बैठी थीं। तभी मधुमक्खियों का झुंड आ गया। झुंड ने महिला पर एकसाथ हमला कर दिया। बचाने दौड़े अन्य तीन लोगों पर भी हमला कर नोच लिया। बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। परिवार की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तीन अन्य घायलों का इलाज चल रहा है।

### शराबियों का लगा रहता है जमावड़ा

महसी, बहराइच : तहसील मुख्यालय पर स्थित देसी शराब की दुकान पर शराबियों के जमावड़े से आने जाने वाले लोगों का छात्र छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ठेके की दुकान के बगल में अवैध रूप से रखी दुकानों पर शराबियों का दोपहर से ही जमावड़ा लगना शुरू हो जाता है जो देर रात तक लगा रहता है। छात्रों छात्राओं पर यह लोग फब्तियां कसते देखे जा सकते हैं।।

### सांड के हमले में किसान घायल

महसी, बहराइच : तहसील महसी क्षेत्र के ग्राम कुट्टी निवासी बेचाई पुत्र खूबे सोमवार रात्रि गेहूं खेत की रखवाली करने गए। तभी देर रात सांड गेहूं के खेत में घुसकर फसल को नुकसान पहुंचाने लगा। सांड को भगाने के लिए किसान ने हांका लगाया तो सामने से सांड ने पलट कर हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास अपने खेत की रखवाली कर रहे किसानों ने दौड़कर उसकी जान बचाई। किसान घायल हो गया।

# मतदाता जागरूकता के लिए बनाई गई मानव श्रृंखला

**तैयारी**

- आठ हजार लोगों ने की सहभागिता
- सभी ने लिया मतदान करने का संकल्प

बहराइच





कलेक्ट्रेट में मानव श्रृंखला के दौरान शपथ दिलाती डीएम और किसान डिग्री कॉलेज के सामने मानव श्रृंखला में शामिल शिक्षक।

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए डीएम की पहल पर मंगलवार सुबह शहर के लोगों के साथ विभागीय अधिकारियों ने मानव श्रृंखला बनाई। मानव श्रृंखला पांच किलोमीटर लंबी बनी। डीएम ने सभी को मतदान करने के लिए शपथ दिलाई।

मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वीप रम्या आर के नेतृत्व में जनपद में अभिनव पहल के तहत श्रीमरीमाता मन्दिर के प्रवेश द्वार से कोतवाली देहात तक लगभग 05 किलोमीटर लम्बी मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया। जिसमें लगभग 8000 जनपदवासियों द्वारा पूरे उत्साह व उमंग के साथ प्रतिभाग किया गया। मानव श्रृंखला की विशेषता यह रही कि जिलाधिकारी मोनिका रानी के आहवान पर मानव श्रृंखला के निर्माण में समाज के सभी वर्गों के स्त्री, पुरूष व युवाओं, शिक्षण संस्थाओं के शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं, प्रबुद्धजन, मीडिया कर्मी, गैर सरकारी व स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधियों, खिलाड़ियो, दिव्यांगजन, नवीन व बुजुर्ग मतदाताओं, उद्यमियों, व्यापारियों, जिले के अधिकारियों एवं कर्मचारियों व अन्य ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला के साथ मौजूद लोगों का आभार व्यक्त किया तथा मतदाता शपथ दिलाते हुए आहवान किया कि मतदान दिवस 13 व 20 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इस अवसर पर एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, सीआरओ डॉ देवेन्द्र पाल सिंह, डीडीओ महेन्द्र कुमार पाण्डेय, एएसपी नगर रामानन्द कुशवाहा, ग्रामीण डॉ पवित्र मोहन त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, एसडीएम प्रिंस वर्मा, सीओ राजीव सिसौदिया आदि अधिकारी मौजूद रहे।

**जगह जगह खड़े रहे लोग**

मानव श्रृंखला में किसान डिग्री कॉलेज के सामने सचिव मेजर डॉक्टर एसपी सिंह, प्रोफेसर डॉक्टर आशुतोष शुक्ला समेत अन्य लोग शामिल रहे। जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडेय के साथ बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने सहभागिता की।

### निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

पयागपुर, बहराइच: पहले मतदान,फिर जलपान"जैसे उद्घोष के साथ प्राथमिक विद्यालय ऐलो के बच्चों ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों से मतदान में शत प्रतिशत भाग लेने को जागरूक किया। खंड शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र नाथ द्विवेदी ने मतदाता जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी ने उपस्थित सभी लोगों से आगामी लोकसभा के चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कर एक स्वस्थ परंपरा का निर्वहन करने की अपील की। अन्य लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता जताई। सचिव जय प्रकाश सिंह,ग्राम प्रधान विनय कुमार सिंह, शिक्षक राज कुमार पांडेय, ने महापर्व में बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की।

# गर्मी में वाटर कूलर खराब, कैसे बुझे प्यास

## जगह जगह खराब पड़े वाटर कूलर का नहीं कोई पुरसाहाल

पयागपुर, बहराइच

अमृत विचार : तेज धूप के साथ तपिश भरी गर्मी ने अपना प्रचंड तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। लोगों को गर्मी में राहत पहुंचाने के लिए लगाए गए वाटर कूलर खराब पड़े हैं।ऐसे में जनमानस को पीने के लिए स्वच्छ शीतल पेयजल सुगमता से मुहैया कराने में प्रशासन फेल होता नजर आ रहा है।

जिले में भीषण गर्मी शुरू हो गई है। गर्मी से बचने के लिए आम लोगों के साथ मवेशियों को पानी का ही सहारा रहता है। लेकिन पयागपुर नगर पंचायत में जगह जगह लगे वाटर कूलर ही खराब हैं। ऐसे मवेशी क्या, आम लोग भी पानी को तरस रहे हैं। नगर पंचायत क्षेत्र से गुजर रहे अधिकारियों की खराब वाटर कूलर पर नजर नहीं जा रही है। आलम यह है कि गर्मी में भी वाटर कूलर शो पीस बनकर रह गए हैं। जिसके चलते लोगों को गर्मी में प्यास बुझाने के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है। आम लोगों की समस्या पर किसी अधिकारी का ध्यान नहीं जा रहा है। इस मामले में एसडीएम दिनेश कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, जल्द ही खराब वाटर कूलर को सही करवाया जाएगा।

**केस 1**

**ब्लॉक मुख्यालय का वाटर कूलर खराब**

ब्लाक मुख्यालय पर लोगों को शुद्ध शीतल पेयजल के लिए लगा वाटर कूलर बीते कई माह से खराब पड़ा हुआ है। तपन के साथ पड़ रही उमस भरी गर्मी मे ब्लाक आने वाले लोगों को प्यास बुझाने के लिए महंगे दामों पर पानी की बोतलें खरीदकर प्यास बुझानी पड़ रही है।

**केस 2**

**एक वर्ष से बदहाल है कूलर**

सोसायटी चौराहे पर नगर प्रशासन द्वारा लगवाया गया वाटर कूलर सफेद हाथी साबित हो रहा है। एक वर्ष से बदहाल पड़े इस वाटर कूलर को सही करवाने की किसी ने जहमत नही उठाई। नतीजन यह महज दिखावा साबित हो रहा है। झाल झंखाड़ के बीच खड़े इस वाटर कूलर का कोई पुरसाहाल नहीं है।

**केस 3**

**किसान हो रहे परेशान**

गल्ला मंडी में किसानों की मौजूदगी के साथ ही सब्जी मंडी में लगने वाली भारी भीड़ को गर्मी में राहत पहुंचाने वाला वाटर कूलर वर्षों से खराब है। किसान प्यास बुझाने को इधर उधर भटकते नजर आते हैं।लोगों का कहना है कि बदहाल वाटर कूलर को सही करवाना नितांत आवश्यक है।



पयागपुर में खराब वाटर कूलर।

# सामान्य परिवार का प्रिंस बना आईएएस, मिली 505वीं रैंक

विशेश्वरगंज, बहराइच, अमृत विचार: विशेश्वरगंज विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत कंछर के मजरा ईश्वरनाथ पुरवा निवासी सुरेश चंद्र मिश्रा के पुत्र प्रिंस बाबू मिश्रा ने यूपीएससी की परीक्षा में 505वीं रैंक लाकर गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



प्रिंस मिश्रा।

प्रिंस मिश्रा के पिता सुरेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि प्राथमिक स्तर की पढ़ाई गांव के पड़ोस में स्थित परिषदीय विद्यालय उच्च प्राथमिक विद्यालय नेवलापुर में कक्षा आठ तक पढ़ाई की। इसके बाद बस स्टॉप पर स्थित सुरभि विद्या मंदिर में हाई स्कूल तक की शिक्षा ग्रहण किया। इंटर की परीक्षा राम प्रकाश इंटर कालेज सुहेलवा पयागपुर तथा बीटेक बाबू बनारसी दास इंस्टीट्यूट लखनऊ से पूरी की। पिता ने बताया कि बेटे ने दिल्ली में सिविल सेवा की तैयारी करके चौथी बार में परीक्षा पास की। इसका श्रेय माता-पिता व गुरूजनों को दिया जा रहा है। पिता सुरेश चंद मिश्रा ने बच्चे की कड़ी मेहनत व लगन से पढ़ाई के लिए हमेशा कंधे से कंधा मिलाते रहे। जिसके परिणाम स्वरूप चौथी बार में यूपीएससी की परीक्षा पास कर लिया। प्रिंस के बाबा लाड़िला प्रसाद मिश्र की हालत सामान्य थी।

# ड्यूटी से लौटे होमगार्ड की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत

**आशंका**

- बैंक पर ड्यूटी कर वापस देर तक घर न पहुंचने पर हुई खोज बीन बेटे ने जताया हत्या की आशंका

श्रावस्ती, अमृत विचार: इकौना थाना क्षेत्र के अंतर्गत होमगार्ड के पद पर तैनात बुद्धि सागर शुक्ला निवासी रामपुर बनकट ग्राम पंचायत टंडवा महंथ जो सोमवार को परसोरा बैंक में ड्यूटी करने के बाद अपने घर पर देर रात तक नहीं पहुंचा तो खोजबीन शुरू हुआ।

मृतक के पुत्र रमेश ने बताया कि शाम 4:00 बजे की के बाद फोन लगाया तो फोन बंद आ रहा था और देर रात तक खोजबीन किया कहीं कोई पता नहीं चला। मंगलवार की सुबह कंजडवा छोटी नहर के पास पुल के नीचे जब ग्रामीणों ने किसी के शव को देखा तो इकौना थाने को सूचित किया। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर घटनास्थल पर जायजा लिया और उच्च अधिकारियों को सूचित किया मौके पर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव व फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिनगा भेजकर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। मृतक के पुत्र रमेश कुमार ने हत्या की आशंका जताई है।

### राजस्थान में सम्मानित हुईं लेखिका शमां परवीन



राजस्थान में सम्मानित हुईं शमा परवीन।

बहराइच, अमृत विचार : अखिल भारतीय कबीर मठ, सद्गुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान बड़ी खाटू नागौर राजस्थान के सिद्ध पीठ भारत भूषण महंत नानक दास और इसरो के वैज्ञानिक रवि नामदेव द्वारा जायल नागौर में आयोजित कार्यक्रम में बहराइच की समाजसेविका, लेखिका शमा परवीन को डॉ आंबेडकर कीर्ति सम्मान-2024 से सम्मानित किया गया। सम्मान में दुपट्टा, मैडल, संविधान प्रति, सम्मान पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंट किया गया।

# सड़क हादसों में सगे भाई समेत पांच घायल

बहराइच, अमृत विचार : जिले के राम गांव और कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र में सड़क हादसे हो गए। हादसे में सगे भाइयों समेत पांच लोग घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के बदरौली बाजार में बाइक सवारों को गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रॉली ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कंदौली निवासी बाइक चालक विनोद कुमार (24) और किशोरी लाल (40) घायल हो गए। दोनों को सीएचसी कैसरगंज में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं राम गांव थाना क्षेत्र के नौतला गांव के पास तेज रफ्तार अज्ञात चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा ने बताया कि तीनों सगे भाई हैं। सोमवार रात निजी काम के बाद सभी वापस आ रहे थे।



जिला अस्पताल में भर्ती घायल युवक।

## सार-संक्षेप

### खेत में जाकर सीडीओ ने कटवाई गेहूं



खेत में गेहूं कटवाती सीडीओ। अमृत विचार

बहराइच, अमृत विचार : जनपद के बेगमपुर गांव में मंगलवार को सीडीओ पहुंची। उन्होंने खेत में गेहूं की क्रॉप कटिंग करवाने के साथ लोगों को सरकारी क्रय केंद्र पर ही गेहूं बिक्री करने की बात कही। मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर ने विकास खण्ड चित्तौरा की न्याय पंचायत सोहरवा के ग्राम पंचायत बेगमपुर पहुंच कर कृषक लालता प्रसाद, मनोज कुमार, महन्त व अकराम अली के खेत में पहुंचकर गेहूँ की क्राप कटिंग करायी। क्राप कटिंग के दौरान कृषकों के खेत में प्रति बिसवा गेहूँ उपज का औसत क्रमश : 21 .570, 16 .180, 19 .050 तथा 17 .650 किलो लगभग 46 .50 क्विंटल प्रति हेक्टेयर रही। सीडीओ ने कृषकों को सुझाव दिया कि अपनी गेहूँ की उपज को नजदीकी क्रय केन्द्र पर बिक्री कर अपनी उपज का वाजिब मूल्य प्राप्त करें। इस अवसर पर जिला समन्वयक अमन मौर्या, राजस्व निरीक्षक मदन गोपाल, लेखपाल संजीव कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे।

### जेल में बंद कैदी की हालत बिगड़ी, भर्ती



जिला अस्पताल में भर्ती कैदी। अमृत विचार

बहराइच, अमृत विचार। जिला कारागार में निरुद्ध एक कैदी की सोमवार रात को तबियत बिगड़ गई। जिस पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दरगाह थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तुरहनी रज्जब निवासी मकबूल (71) जिला कारागार में निरुद्ध हैं। उनके ऊपर हत्या का केस दर्ज है। सोमवार रात को कैदी की तबियत खराब हो गई। जिस पर जेल प्रशासन की ओर से उसे जिला कारागार के अस्पताल में दिखाया गया, लेकिन हालत में सुधार न होने पर मेडिकल कॉलेज से संबद्ध महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां पर कैदी का इलाज चल रहा है। जेल अधीक्षक राजेश यादव ने बताया कि कैदी को दो वर्ष पूर्व जेल भेजा गया था। वह हत्या के मामले में निरुद्ध है। सांस लेने में दिक्कत और सीने में दर्द के चलते भर्ती कराया गया है।

### ईश्वर कृपा होते ही खुल जाते है आध्यात्मिक प्रगति के द्वार




श्रीमद् भागवत कथा में मौजूद कथावाचक और अन्य। अमृत विचार

कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार : विकासखंड हुजूरपुर के ग्राम खरगापुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। काफी संख्या में लोग एकत्रित हुए। अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्ति कुन्ज हरिद्वार के कथा वाचक सत्य नारायण सिंह 'सत्य' ने बताया कि हमारे जीवन में जब ईश्वरत्व आता है तो माया मोह की हथकड़ी बेड़ी टूट जाती हैं, राक्षसता सो जाती है, जड़ता के ताले टूट जाते हैं और आध्यात्मिक प्रगति के द्वार खुल जाते हैं। जब ईश्वरत्व जीवन से चला जाता है और माया आती है तो व्यक्ति लोभ मोह के बन्धनों में जकड़ जाता है, वसुदेव और देवकी के यहां जब भगवान तो उनकी हथकड़ी बेड़ी टूट गई और जब भगवान चले गए और माया आयी तो पुन : बन्धनों में जकड़ गये। अवसर पर हुजूर पुर अवधेश कुमार सिंह, माता भगवती कुन्ज आश्रम ट्रस्टी श रामचंद्र त्रिपाठी तथा व्यवस्थापक श्री लाडली प्रसाद वर्मा सहित सैकडो महिला पुरूष उपस्थित रहे।

# बढ़ती गर्मी के दृष्टिगत स्कूलों के समय में हो बदलाव

बहराइच

अमृत विचार: राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर, स्कूलों के संचालन समय मे परिवर्तन किए जाने की मांग की। मौसम में तेजी से हो रहे बदलाव व चढ़ते पारे से तापमान में वृद्धि से हो रही परेशानी के बारे में जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र ने बताया कि अप्रैल महीने के मध्य में ही गर्मी प्रचंड रूप धारण करती जा रही है। स्कूल में गर्मी व उमस से बच्चे बेहोश हो जाया करते हैं।

विद्यालय की छुट्टी दो बजे होने से छात्रों की सेहत को फिक्रमंद अभिभावक बच्चों को विद्यालय भेजने में आनाकानी कर रहे हैं। इसलिए भीषण गर्मी और लू को देखते हुए स्कूलों का समय साढ़े सात बजे से साढ़े बारह बजे तक का किया जाए। इस बारे में संगठन के महामंत्री उमेश चन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि जनपद में हीट वेव चल रही है। ऐसे में 12:00 बजे के बाद विद्यालय में छोटे बच्चों को रोकना मुश्किल हो रहा है।

इस समय विद्यालयों के संचालन का समय सुबह 8:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक है। जबकि लू व गर्मी के मद्देनजर कई जनपदों में विद्यालय समय परिवर्तन सुबह 7.30 से दोपहर 12.30 तक का आदेश जारी हो चुका है।

# आग लगने से चार मकान जलकर हुए राख

राजीचौराहा/पयागपुर

अमृत विचार : जिले के अलग अलग क्षेत्रों में अग्निकांड की घटनाएं हो गई। जिसमें चार मकान पूरी तरह जलकर राख हो गए। सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल भी जल गई। अग्निकांड में लाखों का नुकसान हुआ है। लेखपाल ने गांव पहुंचकर क्षति का आंकलन किया है।

पयागपुर थाना क्षेत्र के रघुरामपुर निवासी कृषक प्रदुम कुमार के खेत मे मंगलवार को दोपहर में अज्ञात कारणों से आग लग गयी,आग की तेज लपटें और चल रही पछुआ हवा से आग ने उग्र रूप धारण करते हुए पड़ोसी कृषक शैलेन्द्र, अजय कुमार, नयनराज,निरंजन,रामरूप,और बाबूलाल के खेत मे लगी खड़ी फसल को भी अपने आगोश में ले लिया।ग्रामीण फायर ब्रिगेड की गाड़ी का आसरा छोड़ आग पर नियंत्रण पाने के लिए पुलिस कर्मियों के साथ जूझते रहे।तेज हवा के चलते आग ने खेत के पास ही में बने गोविंद और राजेन्द्र के फूस के घर को भी राख में तब्दील कर दिया।फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचने तक किसानों की फसल जलकर राख हो चुकी थी। उपनिरीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के साथ आये पुलिस कर्मियों और ग्रामीणों ने अथक प्रयास कर आग पर नियंत्रण पा लिया जिससे आगे की खड़ी फसलें बच सकी।



हरदी क्षेत्र में आग लगने से जला घर। अमृत विचार

क्षेत्रीय लेखपाल पवन सिंह ने अग्निकांड से हुई क्षति का आकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी है।इस सम्बंध में उप जिलाधिकारी दिनेश कुमार ने कहा कि शीघ्र ही पीड़ितों को सहायता राशि दिलाई जाएगी। हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम रमवापुर खुर्द निवासी राकेश कुमार पुत्र भगौती प्रसाद व रामू पुत्र भगौती प्रसाद के घर सोमवार दोपहर में एक बजे अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई। आसपास के ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयत्न किया। परन्तु तेज हवा चलने के कारण आग की लपटे बढ़ गई और कुछ नगदी सहित दैनिक उपयोगी सामग्री आदि जलकर राख हो गया। दोनों परिवार अब खुले आसमान तले रहने को मजबूर हो गए। क्षेत्रीय लेखपाल देवप्रकाश सिंह ने मौके पर पहुंचकर घटना का आकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज है। फखरपुर में ट्रांसफार्मर की चिंगारी से किसान के खेत में आग लग गई। जिसमें पांच बीघा फसल जल गई।

**नवरात्र** — माता के नौ स्वरूपों की करी आराधना, भक्तिमय रहा माहौल

# आठवें दिन कन्याओं की पूजा अर्चना कर कराया भोज

बहराइच/कैसरगंज/जरवलरोड

अमृत विचार : जिले में मंगलवार को मंदिर के साथ घरों पर महिलाओं ने कन्या पूजन किया। कन्या भोज कराने के बाद माता के नौ स्वरूपों की पूजा अर्चना की। माहौल भक्तिमय रहा।

चैत्र नवरात्र के अष्टमी पर मंगलवार को कन्या भोज और कन्या पूजन का आयोजन हुआ। शहर के बालिका विहान आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं का कन्या पूजन वार्डेन प्रिया प्रसाद ने किया। शिक्षिका निधि मिश्रा ने भी कन्या पूजन किया। वार्डन प्रिया प्रसाद ने बताया कि माता के नौ स्वरूपों की पूजा अर्चना के साथ कन्या भोज किया गया। चैत्र नवरात्र की षष्टी पर सोमवार को मां कात्यायनी देवी की आराधना कर उनसे आशीर्वाद मांगा गया। पूजन में गंगाजल, कलावा ,नारियल कलश, चावल ,रोली ,चुन्नी ,अगरबत्ती, शहद, धूप,दीप ,और घी लेकर श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचे। लोगों ने घरों में कन्याओं को आमंत्रित कर उन्हें भोज कराया और उपहार दिए।





कन्या भोज तथा पूजन करती महिलाएं। अमृत विचार

सुबह से ही कैसरगंज तहसील क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। कैसरगंज मे सीएचसी की प्रतिरक्षण अधिकारी संगीता श्रीवास्तव ने अपने आवास पर कन्या भोज कराया तथा उपहार भी दिये। जरवलरोड बाजार में स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में विशाल कन्या भोज का कार्यक्रम आयोजित हुआ। मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा कन्या भोज का आयोजन हुआ। इस अवसर पर दीपचंद गुप्ता, शिव देवी, अनीता शुक्ला, पम्मी शुक्ला, पंकज शुक्ला, सेजल, श्रद्धा शुक्ला, किरन पांडे, गीता सिंह, संजय सोनी, पंकज सोनी आदि का सहयोग रहा।

### समिति खाद लेने गए किसान से अभद्रता

जरवल बहराइच अमृत विचार: जरवल विकास खण्ड के ग्राम जतौरा निवासी आलोक कुमार वर्मा गन्ने के खेत में डालने के लिए डीएपी और यूरिया लेने के लिए सहकारी गन्ना समिति जरवलरोड पर गए। सुपरवाइजर ने दूसरे दिन खाद देने के लिए कहा । दूसरे दिन सुपरवाइजर ने डीएपी खाद को 1400 रुपये में देने के लिए कहा,जो सरकारी रेट से अधिक था। किसान ने इसकी शिकायत समिति के सचिव से किया। सचिव ने सुपरवाइजर को सरकारी रेट में खाद देने को कहा। इस बात पर सुपरवाइजर सुरजीत आगबबूला हो गया और किसान से गाली गलौज करते हुए अभद्रता की। किसान ने सुपरवाइजर के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए मुख्यमंत्री से शिकायत की है।

# हमें ले चल अपनी नागरिया, अवध बिहारी सांवरिया...

## कलाकारों ने भजनों, नृत्य-नाटिका और लोकनृत्य से मोह लिया प्रेक्षागृह में उपस्थित दर्शकों का मन

**आयोजन**

- **कबीरचौरा मगहर में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम का हुआ समापन**

**मगहर, संतकबीरनगर**

**अमृत विचार :** संत कबीर अकादमी मगहर के प्रेक्षागृह में रामोत्सव के अंतिम दिन नामचीन कलाकारों द्वारा भजन, नृत्य-नाटिका और लोक गायन प्रस्तुत किया गया। उद्घाटन संत कबीर अकादमी संस्कृति विभाग के सहायक आशुतोष द्विवेदी ने दीप जलाकर किया। कलाकारों को स्मृति चिह्न और बुके देकर सम्मानित किया गया। संचालन दूरदर्शन केन्द्र गोरखपुर की उद्घोषिका रीता श्रीवास्तव ने किया। रामोत्सव के अंतिम दिन सबसे पहले संत कबीर अकादमी के बच्चों ने नृत्य, योग और एरोबिक संयोजन प्रस्तुत किया। उसके बाद गोरखपुर से आए प्रेम प्रकाश दूबे ने भजन की शुरुआत मंगल भवन अमंगल हारी से की। इसके बाद उन्होंने भजन सुनाया- हमें लै चल अपनी नागरिया, अवध बिहारी सांवरिया। झीनी रे झीनी चदरिया की प्रस्तुति से माहौल कबीरमय कर दिया दिया। लखनऊ की डॉ. मीरा दीक्षित और उनकी टीम ने सीता चरित्रम नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। सुगम सिंह शेखावत और उनके दल ने लोक नृत्य की छटा बिखेरी। इस दौरान आशुतोष द्विवेदी, डॉ. हरिशरण शास्त्री, केशव दास, अतुल सिंह दास, रामप्रीत वर्मा, रामू यादव, सन्त रामसेवक दास, बिनोद दस, पुजारी शांति दास, गुलाब गुप्ता, ओम प्रकाश निर्भीक, विजय तिवारी आदि मौजूद रहे।



संत कबीर अकादमी के प्रेक्षागृह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

# चुनाव ड्यूटी के लिए रामपुर रवाना हुए पुलिसकर्मी

**संतकबीरनगर**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण की ड्यूटी के लिए रामपुर रवाना हो रहे पुलिसकर्मियों को मंगलवार को एसपी सत्यजीत गुप्ता ने हरी झंडी दिखायी। इससे पूर्व रिजर्व पुलिस लाइन में उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का अक्षरशः पालन कराते हुए चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराना प्राथमिकता है। संतकबीरनगर से प्रथम चरण में चुनाव ड्यूटी के लिए 16 उपनिरीक्षक, 210 मुख्य आरक्षी और आरक्षी को रोडवेज बसों से रामपुर रवाना किया गया। इस मौके पर एएसपी शशि शेखर सिंह, सीओ खलीलाबाद ब्रजेश सिंह, सीओ यातायात केशवनाथ, प्रभारी चुनाव सेल मनोज त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकान्त ओझा, एसपी के पीआरओ जीतेन्द्र यादव सहित आदि मौजूद रहे।






# डंठलों में आग न लगाएं किसान : डीएम

- **जहां गेहूं की सारी फसलें कट चुकी हैं वहीं भूसा बनाएं स्ट्रा रीपर संचालक**

**संतकबीरनगर**

**अमृत विचार :** जिले के तीनों तहसीलों में मंगलवार को आग से लगभग 600 एकड़ गेहूं का डंठल नष्ट हुआ है। लगभग 40-50 एकड़ गेहूं की फसल का भी नुकसान भी हुआ है। आकलन के लिए लेखपालों को निर्देशित किया गया है। जिन किसानों का नुकसान हुआ है उनको उचित मुआवजा दिया जाएगा।

डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने किसानों से अपील की है कि फसल काटने के बाद डंठलों में आग न लगाएं। सुरक्षात्मक व्यवस्थाओं के साथ भूसा बनाने वाली मशीन का प्रयोग करें। प्रयास किया जाय कि जिस क्षेत्र में फसल कट चुकी है वहां भूसा मशीन का प्रयोग करें। कम्बाईन मशीन के साथ भूसा बनाने की मशीन (स्ट्रा रीपर) लगे होने के कारण स्ट्रा रीपर मशीन से निकलने वाली चिंगारी से आग लगने की आशंका रहती है।



अग्निशमन कर्मियों और अन्य अधिकारियों को निर्देशित करते जिलाधिकारी।

डीएम ने सभी कम्बाईन मशीन मालिकों को निर्देशित किया है कि फसल कटाई से पूर्व कम्बाईन मशीनों लगे यंत्रों और स्ट्रा रीपर के सभी पार्ट आदि की जांच कर ली जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि किसान रबी फसलों की कटाई और मड़ाई का कार्य शीघ्रता और सावधानी पूर्वक करें। जिससे आग लगने की घटनाओं को पूर्णतः रोका जा सके। साथ ही खेत के आस-पास पड़े अवशेषों को बायो डिकम्पोजर से सड़ा कर जैविक खाद बनाएं।

जिलाधिकारी ने समुचित व्यवस्थाओं जैसे-जल का भण्डारण, अग्निशमन यंत्र, बालू आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए कम्बाईन मशीन से गेहूं कटाई कार्य कराए जाने की संस्तुति देते हुए समस्त सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि उक्त व्यवस्थाओं और मानकों को सुनिश्चित रखते हुए स्ट्रा रीपर के साथ कम्बाईन मशीन से कटाई कर रहे कम्बाईन मशीन स्वामी और किसानों को अनावश्यक रूप से न परेशान किया जाय।

जिलाधिकारी ने कृषि विभाग सहित सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उनके द्वारा अपने ग्राम स्तरीय अधिकारियों और कर्मचारियों के माध्यम से भी निगरानी कराते हुए सुनिश्चित किया जाय कि स्ट्रा रीपर युक्त मशीन से फसल अवशेषों की कटाई के दौरान मशीन मालिक और किसान द्वारा आग लगने की घटनाओं से बचाने से सम्बंधित सभी व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित होनी चाहिए। जिससे आग लगने की घटना को पूर्णतः रोका जा सके।

## डा. उदय प्रताप ने मां समय महारानी सेवा ट्रस्ट को दिये 51 हजार

**संतकबीरनगर।** जिले के भिटहां पर्वता निवासी शिक्षाविद डॉ. उदय प्रताप चतुर्वेदी ने नवरात्र पर गरीबों को वस्त्र, फल और नकदी दान करने का सिलसिला इस बार भी जारी रहा। मंगलवार की सुबह खलीलाबाद स्थित समय माता मन्दिर पहुंचे डॉ. चतुर्वेदी ने पत्नी व सूर्या इंटरनेशनल एकेडमी की एमडी सविता चतुर्वेदी, प्रधानाचार्य रविनेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ शिक्षक नितीश द्विवेदी के साथ माथा टेका और मां समय महारानी सेवा ट्रस्ट को हर नवरात्र की भांति 51 हजार रुपए का दान दिया। उन्होंने पुजारियों, ब्राह्मणों और परिसर के बाहर असहायों को फल, वस्त्र और नकदी का दान किया। इस दौरान प्रधानाचार्य रविनेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ शिक्षक नितीश द्विवेदी, शंकर यादव, ॠषि यादव आदि मौजूद रहे।

## मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहा कल्पित हास्पिटल

**संतकबीरनगर।** जनपद मुख्यालय स्थित कल्पित हास्पिटल मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहा है। हास्पिटल में विभिन्न बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा गुणवत्ता पूर्ण उपचार किया जा रहा है। अत्याधुनिक सुविधाओं, बेहतरीन आपरेशन थियेटर, डिजिटल एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, अत्याधुनिक लैब के माध्यम से मरीजों के जांच की सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं। उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए अस्पताल की प्रबन्ध निदेशिका डॉ. सोनी सिंह ने बताया कि अस्पताल को सेवा के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। मरीजों को बेहद कम शुल्क के बदले बेहतरीन चिकित्सा सेवाएं मुहैया कराई जा रही हैं। अस्पताल में आयुष्मान कार्ड से भी उपचार की सुविधाएं उपलब्ध हैं। हृदय, उदर, हड्डी एवं जोड़ रोग, बाल रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, दंत रोग, नाक कान गला रोग समेत सभी बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा उपचार और सभी प्रकार के आपरेशन की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि जिले के मरीजों को बड़े शहरों की भागदौड़ और आर्थिक शोषण से बचाने के उद्देश्य से इस हास्पिटल की स्थापना कराई गई है।



डॉ. सोनी सिंह, प्रबंध निदेशिका कल्पित हास्पिटल।

# आग से सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल जली

**अनहोनी**

- **कई रिहायशी झोपड़ियां जलीं मवेशियों समेत चार लोग झुलसे**
- **फायरब्रिगेडकर्मियों ने मशक्कत के बाद बुझायी आग**

**धनघटा, संतकबीरनगर**

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में मंगलवार को दो स्थानों पर लगी आग से सैकड़ों बीघे गेहूं की खड़ी फसल जल गयी। लगभग तीन हजार बीघे खेत में खड़ी गेहूं की डंठल भी नष्ट हो गयी। सूचना मिलते ही डीएम महेंद्र सिंह तंवर और एसपी सत्यजीत गुप्ता एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव, सीओ अजय कुमार, तहसीलदार योगेन्द्र कृष्ण पाण्डेय के साथ मौके पर पहुंच गए। डीएम ने निर्देश दिया कि किसानों का जो नुकसान हुआ है उसकी क्षतिपूर्ति उपलब्ध कराई जाय। नगरपंचायत हैंसरबाजार के प्रतिनिधि नीलमणि थाना प्रभारी अनिल कुमार और तहसीलदार योगेन्द्र कृष्ण पाण्डेय के साथ आग बुझायी।

मदरहा मे फकरुद्दीन के खेत में भूसा बनाने वाली मशीन से लगी आग से नारायणपुर, मदरहा, छपरा मगर्वी, गुलरिहा और खालेपुरवा में आग का कहर दिखा। अब्दुल अजीज, चाने, हरीलाल, राजबली, नंदू, गरीब, रामदीन, रामराज की 25 बीघा गेहूं की फसल जल गयी। परसहर पूर्वी, डंडवा, बंतवार, फुलुई और शाह पट्टी में गेहूं की लगभग 50 बीघा फसल और 3 हजार बीघे डंठल जल गए। दमकल की गाड़ी पहुंची। पानी समाप्त हो गया तो आधा दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। इसी बीच आग शाहपट्टी में प्रवेश कर गई। शाह पट्टी गांव में सुरेंद्र सिंह के घर तक आग पहुंच गई और गौशाला और भूसाघर को चपेटे में ले लिया। गनीमत रही कि आग की चपेट में सुरेंद्र का मकान नहीं आया। इस घटना में दर्जनों मवेशी और आग बुझाने में जुटे चार ग्रामीण झुलस गए। झुलसे ग्रामीणों को लोगों ने उपचार के लिए सीएचसी हैंसर बाजार पहुंचा दिया। आग बुझाने में जुटी दमकल की गाड़ियों के पानी समाप्त होने लगे तो नगर पंचायत हैंसरबाजार और नगर पंचायत हरिहरपुर के दर्जनों टैंकर दमकल की गाड़ियों के लिए पानी पहुंचाने में जुटे रहे।



धू-धूकर जलती गेहूं की फसल। अमृत विचार

## मेंहदावल क्षेत्र में भी आग ने दिखाया तांडव

**मेंहदावल, संतकबीरनगर:** स्थानीय विकास क्षेत्र व सांथा के आधा दर्जन गांवों में मंगलवार की दोपहर लगी भीषण आग से किसानों की लगभग 60 बीघा गेहूं की फसल जल गयी। सूचना के कुछ घंटे बाद पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक फसल राख में तब्दील हो गयी थी। अगलगी की इस घटना से किसानों की हाड़तोड़ मेहनत पर पानी फिर गया। मेंहदावल क्षेत्र के दियाबाती, परसा चौबे, भितिया कला सिवान व बेलहर थानाक्षेत्र के अठलोहिया और भटौरा में मंगलवार की शाम लगभग चार बजे के करीब भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने कई बीघे गेहूं की फसल राख कर दी। सीओ राघवेंद्र सिंह राठौर, प्रभारी निरीक्षक आरके मिश्र, एसडीएम अरुण कुमार दमकल के साथ पहुंचे। दो घंटे बाद फायर ब्रिगेड व ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। एसडीएम ने बताया कि एक दर्जन गांवों के किसानों की 60 बीघे के आसपास गेहूं की फसल जली है। किसानों को मुआवजा दिलाया जाएगा।


## वर्ग पहेली-42

**बाएं से दाएं**

1. युवा (स्त्री और पुरुष का) वर्ग
3. वृत्त अथवा गोलाई खींचने का एक उपकरण।
6. ठाकुर होने का भाव, ठकुरायत 2. राज्य या उससे संबंध रखने वाला अधिकार या समृद्धि, प्रभुता, स्वामित्व 3. बड़ों के प्रति होने वाली श्रद्धा या प्रीति 4. शासनाधीन प्रदेश।
8. दे. ख़रीददारी।
9. 1. हज़ार सिपाहियों का सरदार 2. मुगल शासन में सरदारों को दिया जाने वाला एक ओहदा।

**ऊपर से नीचे**

2. ऐसे शब्द जिनके अंत में 'इ' हो
4. 1. जो धृष्टता करता हो, बेअदब 2. बड़े-बुज़ुर्गों का आदर न करने वाला 3. संकोच न करने वाला, निर्लज्ज 4. अशिष्ट, अक्खड़ 5. साहसी, निडर, निर्भय 6. हठीला, दुराग्रही 7. स्वेच्छाचारी।
5. 1. दुनियादार होने का भाव या गुण 2. व्यवहार-कुशलता, लोकचातुरी 3. सांसारिक प्रपंच, लोकाचार, लोकव्यवहार, संसार का जंजाल 4. घर-गृहस्थी का कामकाज, घर-परिवार का प्रपंच, गृहस्थी का झंझट या बखेड़ा 5. लोगों को दिखाने के लिए किया गया आचरण।
7. 1. भेदी 2. गुप्तचर 3. रहस्य जानने वाला।



**वर्ग पहेली -41 का हल**



## सुडोकू -121

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | | | | 5 | | | 9 |
| | | 7 | | 4 | | | 8 | |
| 2 | | | | | 6 | | | |
| | | 5 | | | 8 | | | 1 |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| 4 | | | 9 | | | 5 | | |
| | | | 2 | | | 6 | | 3 |
| | 4 | | | 5 | | | | |
| 9 | | | 3 | | | | 4 | 7 |

**सुडोकू -120 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 1 | 9 | 4 | 2 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |
| 2 | 1 | 9 | 5 | 7 | 4 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 5 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 3 | 5 | 9 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 |
| 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 4 |
| 9 | 5 | 7 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 8 | 7 | 2 | 5 |
| 8 | 2 | 1 | 7 | 5 | 3 | 4 | 9 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 अप्रैल बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 15.14 तक तत्पश्चात दशमी।

**आज का पंचांग**




**व्रत/त्योहार**- राम नवमी

**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-वसंत।

चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-अश्लेषा पूर्णरात्रि तक।

**मेष** – आज विद्यार्थी पढ़ाई में लापरवाही कर सकते हैं। व्यर्थ के खर्चों पर रोक लगाएं। आज जीवनसाथी से परामर्श कर काम करना लाभकारी होगा। महंगी वस्तुओं की खरीदी कर सकते हैं। प्रेम संबंधों में तनाव बढ़ने की आशंका है।

**वृष** – आज व्यवसाय में आपको पुराने अनुभवों का लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त समय दे सकते हैं। आज आप अपनी कार्यक्षमता को अच्छी तरह से परख भी सकते हैं। उच्च पदस्थ लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा।

**मिथुन** – आज ससुराल पक्ष से संबंध मधुर रहेंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आय-व्यय में उत्तम सन्तुलन बना रहेगा। मन की किसी दुविधा का निराकरण होगा। परोपकार के कार्यों में रुचि लेंगे। सरकारी जॉब कर रहे लोगों की आय बढ़ेगी।

**कर्क** – आज नव उद्यमियों को शासन से सहयोग प्राप्त हो सकता है। भावुक होकर निर्णय करने से नुकसान होने की आशंका है। छोटे भाई-बहन को लेकर आप चिन्तित हो सकते हैं। किसी पर ज्यादा निर्भर होना ठीक नहीं है।

**सिंह** – आज नजदीकी लोगों से गलतफहमी उभरेगी। कार्यक्षेत्र में बाधाएं आने की आशंका है। अधूरे कार्यों के कारण तनाव हो सकता है। आपका मन काफी अशान्त हो सकता है। दूसरों के कार्यक्षेत्र में आपको प्रभाव डालने से बचना चाहिए।

**कन्या** – आज कार्यक्षेत्र की बाधाओं का निवारण होगा। अति आत्मविश्वास से बचने का प्रयास करें। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। वैवाहिक जीवन काफी सुखद रहेगा।

**तुला** – आज आप पुराने विवादों को सुलझा सकते हैं। अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की भावनाओं का ध्यान रखें। अपनी छुपी हुई प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करें। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। अपने कार्यों को दूसरों के साथ शेयर न करें।

**वृश्चिक** – आज बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपने करियर को लेकर थोड़ी असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो सकती है। अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिये मेहनत करेंगे। बच्चों के व्यवहार पर नजर बनाए रखें।

**धनु** – आज कार्यक्षेत्र का तनाव आपकी मानसिक स्थिति को प्रभावित कर सकता है। परिवार में लोगों को नाराज न करें। अपने मत को किसी पर भी न थोपें। वरना आपके भावों को समझने के बजाय उल्टा अर्थ समझ सकते हैं।

**मकर** – आज व्यावसायिक यात्रा करनी पड़ सकती है। आपकी कार्यक्षमता पर सकारात्मक असर पड़ेगा। विरोधी आपसे आकर्षित रहेंगे। अपनी उपलब्धियों पर गौरवान्वित रहेंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च पद मिल सकता है। आज काफी धार्मिक विचारों से प्रभावित हो सकते हैं।

**कुंभ** – आज आलस्य से आपको बचना चाहिए। परिवार में कलह हो सकती है। महिलाएं थोड़ी भावुक रहेंगी। राजनीति से जुड़े लोगों को सावधानी रखनी चाहिए। कानूनी मामले उलझ सकते हैं। किडनी के रोगियों को समस्या हो सकती है।

**मीन** – आज कार्यक्षेत्र में शानदार सफलता मिल सकती है। आईटी और सॉफ्टवेयर क्षेत्र से जुड़े लोगों को जॉब के बेहतरीन अवसर मिलेंगे। आपका मन काफी शान्त रहेगा। मनोरंजन पर धन खर्च करेंगे। छोटी बातों का बतंगड़ बनाने से बचें।

## आज की फिल्में

B4U Movies
शक्तिमान – दोपहर : 01.54
चालबाज – शाम : 05.21

&pictures
2.0 – सुबह : 10.32
शेरदिल : द पीलीभीत सागा – रात : 08.00

Sony Pix
कैप्टेन फिलिप्स – सुबह : 11.30
सॉल्ट – रात : 07.48

Zee Cinema
त्रिदेव – सुबह : 11.30
दिल का क्या कसूर – शाम : 06.00

Colors Cineplex
जुर्माना – सुबह : 11.48
भागम भाग – रात : 08.58

**आज की सुपरहिट फिल्म**




एंड पिक्चर पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

दोस्त- तेरी बीवी ने तुझे घर से क्यों निकाला?
चिंटू- तेरे ही कहने पर उसे चेन गिफ्ट की थी, इसलिए निकाला...
दोस्त- चेन चांदी की थी क्या?
चिंटू- नहीं साइकिल की..
दोस्त फिर तो तेरी बीवी ने बिल्कुल ठीक किया

चिंटू को मच्छर ने काटा तो वो उसे मारने के लिए रातभर कमरे में दौड़ता रहा।
सुबह हो गई मगर मच्छर नहीं मरा।
चिंटू बोला : चलो मार नहीं पाया तो क्या हुआ,
रातभर मैंने इसे सोने भी तो नहीं दिया।

## एक नजर

### पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली देहात के अहिमाने के एफसीआई गोदाम के समीप पीपल के पेड़ पर ट्रक चालक बबलू (29) का शव लटकता मिला। सूचना पर पहुंचे प्रतापगंज चौकी इंचार्ज विनय कुमार सिंह ने शव का पंचनामा भर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के मुताबिक आर्थिक तंगी के चलते युवक ने यह कदम उठाया है। अहिमाने श्यामनगर निवासी बबलू पुत्र कृष्ण यादव तीन भाइयों में दुसरे नंबर पर था। परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक बबलू नशे का आदी था। घर भी नहीं जाता था, जिससे उसकी शादी भी नहीं हुई थी।

### अधिवक्ता के निधन पर जताया शोक

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अधिवक्ता मेराज अहमद के निधन पर मंगलवार को दीवानी न्यायालय स्थित अधिवक्ता संघ भवन में आयोजित शोकसभा में वकीलों ने दो मिनट का मौन रखकर शोक जताया। वकीलों ने कार्य बहिष्कार किया। इस मौके पर सचिव आर्तमणि मिश्र, पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र बहादुर सिंह, नागेंद्र सिंह, नरोत्तम शुक्ल, अयूब उल्लाह खान, हेमंत मिश्र आदि मौजूद रहे।

### आग से गेहूं की फसल जलकर राख

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** देहात कोतवाली के बदरुद्दीनपुर सलाहपुर गांव मे मंगलवार की शाम अचानक गांव से बाहर राम आसरे यादव के गेहूं के खेत मे आग लग गयी। आग की तेज लपटों से देखते ही देखते डेढ़ बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी। हल्ला गोहार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों और पीआरवी 112 तथा फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग की चपेट में आकर करीब तीस हजार रुपये कीमत की गेहूं की फसल नष्ट हो गयी है।

# बिजनौर गई जिले से पुलिस फोर्स

## पहले चरण का चुनावः 18 दरोगा, 204 आरक्षी, 540 होमगार्ड किए गए रवाना

> 12 बसों से 540 होमगार्ड जवान पहले चरण के चुनाव के लिए बिजनौर जनपद गए हैं। चौथे चरण के चुनाव के बाद सुलतानपुर लौटेंगे।
> –**नीता भारतीय,** जिला होमगार्ड कमांडेंट सुलतानपुर अमेठी

**संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** शांतिपूर्ण निष्पक्ष मतदान कराने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश पर उत्तर प्रदेश पुलिस व होमगार्ड के जवानों की ड्यूटी दुसरे जिलों में लगाई है। चुनाव के लिए जवान रवाना हो चुके हैं। पुलिस को भी मंगलवार को रवाना किया गया।

जिले से पहले चरण में बिजनौर में होने वाले लोकसभा चुनाव में पुलिस व होमगार्ड के जवान रवाना हो गए हैं। पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने जवानों को ब्रीफ किया। उन्हें ईमानदारी से कर्तव्य के निर्वाहन के लिए प्रेरित भी किया। होमगार्ड के 540 जवान रोडवेज की 12 बसों से बिजनौर के लिए रवाना हुए। मगंलवार को 18 दरोगा 204 आरक्षी रोडवेज की पांच बसों से बिजनौर जनपद के लिए गए।

मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस व होमगार्ड के जवान पहले चरण में बिजनौर, दुसरे चरण में गाजियाबाद, तीसरे चरण में फिरोजाबाद, चौथे चरण में इटावा में लोक सभा चुनाव संपन्न कराकर वापस लौटेंगे। बस से जवान गए हैं चौथे चरण के चुनाव के बाद बस जवानों को सुलतानपुर लेकर आयेगी।


केशकुमारी जीजीआईसी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल छात्राएं। अमृत विचार

### लोकगायन प्रतियोगिता से किया गया जागरूक

**सुलतानपुर :** स्वीप कार्यक्रम के तहत केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में मंगलवार को लोकगीत, लोक गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वीप कार्यक्रम के सह जनपदीय नोडल रविशंकर जिला विद्यालय निरीक्षक ने किया। कक्षा 12 में अध्ययनरत छात्राओं कशिश मौर्या, स्वेच्छा सोनकर, रिया, अंजली मिश्रा, स्वाति मौर्या, शिवानी निषाद, संजना, तुलसी, सोनिया आदि के द्वारा अभिभावकों एवं सामान्य जन को जागरूक करने हेतु कई लोकगीत गायन की प्रस्तुति दी गई।

### आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवार को कराना होगा प्रकाशन

**सुलतानपुर :** मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मंगलवार को उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक की। बैठक में नवागत ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस वैशाली व समस्त राजनितिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कि आयोग के निर्देशानुसार आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों को नाम वापस लेने की तिथि के बाद प्रारूप–सी 1 पर 3 बार समाचार पत्रों एवं टीवी में प्रसारण कराया जाना है।


कलेक्ट्रेट में राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते एडीएम प्रशासन।

मतदाताओं को शिक्षित करने के उद्देश्य से राजनीतिक दलों द्वारा डमी मतपत्र तैयार किया जा सकता है। डमी मतपत्र लकड़ी, प्लास्टिक या प्लाई बोर्ड बक्से से बनी हो। उसका आकार अधिकारिक मतपत्र के आधे आकार की हो सकती है। इसे पीले या भूरे रंग में रंगा जायेगा। साथ ही उम्मीदवारों द्वारा दाखिल प्रारूप–26 रिटर्निंग आफिसर के नोटिस बोर्ड एवं सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शित किया जायेगा। उम्मीदवारों को हलफनामें में सभी कालम भरने होंगे। कोई भी कालम खाली नहीं छोड़ा जायेगा। शपथ पत्र अधूरा रहने पर उम्मीदवार का नामांकन जांच के समय खारिज कर दिया जायेगा।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि सुजीत कुमार सिंह, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधि अमोल बाजपेयी, सपा के प्रतिनिधि सलाउद्दीन, अपना दल जिलाध्यक्ष अविनाश पटेल, आम आदमी पार्टी प्रतिनिधि अनिल कोरी, सीपीआईएम के प्रतिनिधि शशांक पांडेय व बसपा के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पूर्व विधायक सफदर रजा के मामले में सुनवाई टली

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र धम्मौर के भांई पैमाइश करने गये लेखपाल के सरकारी कामकाज में बाधा, धमकी व गाली गलौज के 10 साल पुराने मामले में मंगलवार को कोर्ट रिक्त होने के कारण सफाई साक्ष्य के लिए 23 अप्रैल की तारीख नियत की गई है। एडीएम के आदेश पर पैमाइश करने गये तत्कालीन भांई लेखपाल विजय कुमार सिंह ने पूर्व विधायक सफदर रजा के खिलाफ 18 सितंबर 2014 मे धम्मौर थाने मे सरकारी कामकाज मे बाधा ,धमकी, व गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।

# शादी के 8 दिन पहले युवती का अपहरण, मुकदमा दर्ज

- घर से 1.20 लाख की नकदी और जेवरात भी गायब
- पड़ोस में रहने वाले युवक समेत चार लोग नामजद

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** माता-पिता का अपनी बेटी के हाथ पीले करने के अरमान पर पानी फिर गया है। शादी की तैयारियों में जुटे माता-पिता ने थाने में बेटी के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है। इतना ही नहीं युवती के साथ घर में रखा नगदी, जेवरात भी गायब है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू की है।

कुड़वार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने थाने में तहरीर दी है। दी गई तहरीर में बताया कि गांव निवासी एक व्यक्ति ने उसकी 19 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर बीते 11 अप्रैल की शाम को भगा ले गया। खोजबीन के दौरान जानकारी मिली कि इसमें गांव के ही तीन अन्य लोग भी शामिल थे। आरोप है कि युवती घर में शादी के लिए रखी एक लाख़ 20 हजार रुपये की नगदी, सोने व चांदी के आभूषण उठा ले गई है। आगामी 23 अप्रैल को उसकी शादी तय है। कुड़वार पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। एसओ ने बताया कि अपहरण, भगाने की साजिश समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्द ही युवती को बरामद किया जाएगा।

# पूर्व विधायक के मामले में सुनवाई 26 को

**अदालत से**

- पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय समेत 12 आरोपियों पर आचार संहिता के उल्लंघन का मामला

**विधि संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** लंभुआ विधानसभा सीट से पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय समेत 12 आरोपियों के खिलाफ आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में मंगलवार को कोर्ट रिक्त होने के कारण एमपी/एमएलए कोर्ट की विशेष कोर्ट ने सुनवाई के लिए 26 अप्रैल की तारीख नियत की है।

बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कि लंभुआ के पूर्व सपा विधायक सन्तोष पांडेय व उनके दर्जन भर साथियों पर फरवरी 2022 में दो मुकदमे बीते विधानसभा चुनाव के दौरान उड़नदस्ता प्रभारी रहे वीडीओ संदीप सिंह ने कोतवाली देहात थाने में दर्ज कराए थे। आरोप है कि विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व विधायक ने समर्थकों के साथ विधानसभा क्षेत्र में कई स्थानों पर बिना प्रशासन की अनुमति के जनसभा की। आदर्श चुनाव आचार संहिता और कोरोना महामारी के नियमों का उल्लंघन किया। कोर्ट ने अभियोजन साक्ष्य की सुनवाई के लिए 26 अप्रैल की तारीख नियत की है।

### कोर्ट का धोखाधड़ी व अन्य आरोपों में केस दर्ज करने का आदेश

**सुलतानपुर :** कोर्ट ने जयसिंहपुर थाना क्षेत्र के अलावलपुर निवासी दिनेश प्रताप वर्मा व आशा कुमारी के खिलाफ धोखाधड़ी, गाली–गलौज हत्या की धमकी देने के आरोपों में जयसिंहपुर थानाध्यक्ष को केस दर्ज करने का आदेश दिया है। पीड़ित के अधिवक्ता विजय सिंह ने बताया आरोपियों ने एचडीएफसी बैंक का ऐजेंट बताकर चांदपुर निवासी महेंद्र प्रताप वर्मा से ट्रैक्टर दिलाने के नाम पर लगभग साढ़े तीन लाख रुपए वसूले, परंतु न तो ट्रैक्टर ही दिलाया न ही रुपये वापस किए। पीड़ित के रुपये मांगने पर गाली–गलौज व हत्या की धमकी भी दी। पुलिस थाने व एसपी के यहां से कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने अदालत की शरण ली। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट किरन गौड़ ने थानाध्यक्ष जयसिंहपुर को मामले में केस दर्ज कर विवेचना का आदेश दिया है।

# भक्तों ने की मां गौरी की आराधना

- मंदिरों में सुबह से ही लगी रही श्रद्धालुओं की भीड़, पूजन अर्चन के बाद अष्टमी का हवन किया गया

**संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** नवरात्र पर्व को लेकर शहर से लेकर गांव तक के मंदिरों में माता के भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। मंगलवार को अष्टमी के दिन शहर से सटे लोहरामऊ समेत अन्य शक्ति पीठों पर भारी भीड़ उमड़ी। जहां पूजा अर्चना के साथ आष्टमी की हवन पूजन भी किया गया।

मान्यता के अनुसार नवरात्र में पहले और आठवें दिन बड़ी संख्या में माता रानी के भक्त व्रत रखकर विधिवत पूजा अर्चना करते हैं। कई भक्त नौ दिनों तक उपवास रखकर मां भगवती की आराधना करते हैं। मंगलवार को अष्टमी का व्रत रखकर बड़ी संख्या में देवी भक्तों ने मां की आराधना किए। लोहरामऊ स्थित भवानी मंदिर के साथ शहर के अति प्राचीन मां काली मंदिर, नयना माता मंदिर रूद्रनगर, सीताकुंड धाम समेत अन्य शक्तिपीठों पर दिन भर पूजा पाठ का दौर जारी रहा। कई जगह कन्या भोज भी कराया गया। बुधवार को रामनवमी पर विविध आयोजन होंगे। जहां नवमी की हवन से वातावरण सुगंधित होंगे वहीं भगवान राम की जन्मोत्सव की झांकी भी निकाली जाएगी। पीडब्ल्यूडी स्थित हनुमान मंदिर समेत कई धार्मिक स्थलों पर श्रीरामचरित मानस पाठ का शुभारंभ मंगलवार को किया गया है। बुधवार को पूर्णाहुति हवन के साथ भंडारे का भी आयोजन किया गया है।


लोहरामऊ स्थित भवानी धाम में पूजा–अर्चना करते लोग।

## निषाद समाज के लिए वरुण ने बनाई बाधमंडी

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने मंगलवार को लंभुआ विधानसभा में एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह के साथ डेढ़ दर्जन स्थानों पर जनसभाओं को संबोधित किया। सांसद ने कहा कि जाति बिरादरी व कौमवाद से विकास रुक जाता है। वजूपुर कुडिया में निषादों से संवाद करते हुए कहा आप मेरे परिवार के हिस्सा है। आपसे मेरा दिल का रिश्ता है। मेरा बेटा वरुण भी आपको बहुत प्यार करता था। उसने आपके लिए पांचोपीरन में बाध मंडी बनाकर दी। मैं हमेशा आपकी मुसीबत में खड़ी रही हूं। आगे भी यही होंगा। उनके साथ मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी, सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

# डायरिया से 4 भाई–बहन बीमार, एक की मौत

- तीन बच्चों का मेडिकल कॉलेज में किया जा रहा है उपचार

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** डायरिया के चलते एक ही परिवार के चार भाई बहन गंभीर रूप से बीमार हो गये। परिजन चारों को आनन फानन मे सीएचसी भदैंया ले गये। जहां इलाज के दौरान एक बच्ची की मौत हो गयी तथा तीन की हालत नाजुक होने पर मेडिकल कालेज रेफर किया गया है।

भदैंया अंतर्गत नरायनपुर गांव में दोपहर बाद करीब ढाई बजे राम सिंगार पाल के घर के चार बच्चे हिमांशु पाल 17, शिवा पाल 12, शुभी पाल 10 तथा अभी पाल 7 की तबियत बिगड़ गयी। चारों बहन-भाइयों को एक साथ उल्टी व दस्त होने लगी। चारों बच्चो को सीएचसी भदैंया मे भर्ती कराया गया। जहां इमरजेंसी में मौजूद प्रभारी चिकित्सक डा. राकेश सिब्बल ने उनका इलाज शुरू किया। इसी बीच सबसे छोटी बच्ची अभी पाल 7 की मौत हो गयी। डाक्टरों ने अन्य तीन बच्चों को जिला मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। जहां तीनों बच्चो की हालत गंभीर बनी हुई है। प्रभारी चिकित्सक ने बताया कि डायरिया मोमेंट का मामला है जिसके चलते एक बच्ची की मौत हुई है। मौत के कारणों का पता पीएम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

## सार-संक्षेप



सनबीम स्कूल में गायन की प्रस्तुति देतीं छात्राएं। अमृत विचार

### कथक शास्त्रीय नृत्य से विद्यार्थियों को कराया गया परिचय

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** स्पीक मैके तथा सनबीम स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को विद्यालय परिसर में 'कथक शास्त्रीय नृत्य' के आयोजन के साथ–साथ प्रोत्साहन कार्यक्रम हुआ। प्रसिद्ध कलाकार रूद्व शंकर मिश्रा ने छात्रों के समक्ष कथक शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति की। मुख्य अतिथि उपजिला विद्यालय निरीक्षक जटा शंकर यादव रहे। कलाकार रूद्व शंकर मिश्रा के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। छात्रों एवं अभिभावकों ने कथक शास्त्रीय नृत्य से सम्बन्धित विभिन्न बारीकियों को देखा और सीखा। अतिथियों एवं कलाकारों का स्वागत करते हुए विद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

### ज्यूडशरी ट्रांसफर के मामले में सरकार को अंतिम अवसर

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कादीपुर में दो थानों का क्षेत्राधिकार स्थानांतरण आदेश रद्द करने के लिए हाईकोर्ट में दाखिल जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए अंतिम अवसर दिया है। सुनवाई के दौरान सरकार पक्ष के अधिवक्ता ने जवाब दाखिल करने के लिए मौके की मांग की। वहीं, याची अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने एफिडेविट दाखिल किया। न्यायमूर्ति अरुण भंसाली व जसप्रीत सिंह की बेंच ने सरकार को अंतिम अवसर देते हुए 19 अप्रैल को फ्रेश केस के रूप में सुनवाई के लिए तारीख नियत की है। हाईकोर्ट में दाखिल जनहित याचिका में अपर मुख्य सचिव विधि एवं न्याय विभाग उत्तर प्रदेश,हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल, जिला जज सुलतानपुर व सीजेएम–सुलतानपुर को पक्षकार बनाया गया है।

### कार की टक्कर से साइकिल सवार अधेड़ की मौत

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बल्दीराय थाना क्षेत्र के गिरजा मोड़ के पास सोमवार को दोपहर कार की टक्कर से साइकिल सवार अधेड़ घायल हो गया। उसे पिठला अस्पताल से अयोध्या रेफर कर दिया गया, वहां निजी अस्पताल में उसकी मौत हो गई। बल्दीराय थाना क्षेत्र के पूरे भवनी मजरे अतानगर निवासी राम कुमार उपाध्याय (50) की गांव में परचून की दुकान है। दोपहर 12 बजे वह साइकिल से कुछ सामान लेने हलियापुर–कूरेभार रोड के मिरजा मोड़ तिराहे पर गए थे। उसी समय कार ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस से उन्हें पिठला अस्पताल भिजवाया। जहां से उसे अयोध्या रेफर किया गया। अयोध्या के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### सपा प्रत्याशी के विरोध में निषाद समाज ने फूंका पुतला

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रहे भीम निषाद का टिकट कटने के बाद बगावत शुरू हो गई है। निषाद समुदाय ने भीम निषाद के समर्थन में पूर्व मंत्री राम भुआल निषाद के खिलाफ खोला मोर्चा है। बुधवार को राम भुआल का प्रतीकात्मक पुतला फूंका कर विरोध दर्ज कराया। यहां भुआल निषाद वापस जाओ के नारे भी लगे। दो दिन पूर्व सपा ने भीम निषाद का टिकट काटकर राम भुआल निषाद को सुलतानपुर में अपना प्रत्याशी बनाया है।

### शार्ट-सर्किट से गेहूं की फसल राख

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के मलिकपुर गांव में बिजली की शार्ट–सर्किट से उठीं चिंगारी से गेहूं की फसल में आग लग गई। देखते ही देखते करीब 15 बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। राजकरन सिंह, रामसूरत यादव आदि किसानों को हजारों की क्षति पहुंची है।

### पुलिस चौकी से चंद कदम दूरी पर शोरूम का टूटा ताला

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** चोरों के सामने पुलसिया हनक समाप्त होती जा रही है। तभी तो पुलिस चौकी से चंद कदम दूर ई रिक्शा शो रूम का ताला तोड़ दिया। फिलहाल कुछ भी चोरी नहीं कर पाए। शो रूम पर पहुंचे मालिक ने इसकी सूचना डायल 112 को देते हुए पुलिस को तहरीर दी है। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के सेमरी चौकी अन्तर्गत डड़वा निवासी बजरंगी दुबे का पीढ़ी चौराहे पर परी ई रिक्शा के नाम से प्रतिष्ठान है। सोमवार की शाम शो रूम में ताला लगा घर चले गए थे। मगंलवार की सुबह जब वह शो रूम पर पहुंचे तो ताला टूटा हुआ था। फिलहाल कोई नुकसान नहीं हुआ था। उन्होंने इसकी जानकारी डायल 112 को देते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। बताते चलें कि शो रूम से मात्र 50 मीटर दूर ही पीढ़ी पुलिस चौकी है। कोतवाल ने बताया मामला संज्ञान में आया है। जांच–पड़ताल कराई जा रही है।

# बुजुर्ग को डीसीएम ने रौंदा घटनास्थल पर तोड़ा दम

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के इनायतपुर घोपा मार्ग पर सुदनापुर बाजार में पैदल जा रहे बुजुर्ग को डीसीएम ट्रक ने रौंद दिया। सिर पर गंभीर चोट आने के कारण बुजुर्ग की घटना स्थल पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना क्षेत्र सोनारा गांव निवासी आशाराम (62) मंगलवार दोपहर को सुदनापुर बाजार आए हुए थे। दोपहर करीब 12 बजे वह पैदल सुदनापुर बाजार चौक पर पहुंचे थे कि फुलौना की तरफ जा रही तेज रफ्तार डीसीएम ट्रक ने आशाराम को रौंद दिया। सिर फट जाने के कारण बुजुर्ग की घटना स्थल पर मौत हो गई। इसकी सूचना भटपुरा प्रधान प्रतिनिधि मनोज वर्मा ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे हेडकांस्टेबल अखिलेश सिंह व कांस्टेबल सूर्य कुमार तिवारी ने शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है। मृतक अपने पीछे पुत्र संतोष पुत्री सीमा और मीना को छोड़ गया है। आशाराम की पत्नी गुजराती की पहले ही मौत हो चुकी है। बुजुर्ग की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण 19 अप्रैल से

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** जिले में लोकसभा का चुनाव के लिए लगाए गए कार्मिको को प्रशिक्षण देने के लिए तिथि निर्धारित कर दी गई है। मंगलवार को डीडीओ अजय कुमार ने प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया। लोकसभा चुनाव में मतदान कराने के लिए 11 हजार 210 कार्मिको को डयूटी रिसीब करा दी गई है। पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण केन्द्रीय विद्यालय अमहट में होगा। प्रशिक्षण की शुरुआत 19 से होगी। इसके साथ ही 20 व 21 अप्रैल को भी प्रशिक्षण दोनो पॉलियों में दिया जाएगा। पथम पॉली का प्रशिक्षण सुबह 10 बजे से एक बजे तक व दूसरी पॉली में दो बजे से पांच बजे तक दिया जाएगा।

# खुद के असलहे से लगी थी युवक को गोली

- दूसरे को भेजने की जगह खुद को ही जाना पड़ा जेल

**संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** कारतूस से भरे दो अवैध असलहे लेकर चल रहा युवक अचानक ट्रिगर दबने से घायल हो गया था। घटना को छुपाने व इलाज कराने के लिए युवक ने अज्ञात लोगों पर गोली मारने का आरोप लगाया था। लेकिन पुलिस की विवेचना में सच्चाई सामने आ ही गई। उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए अवैध असलहा व कारतूस बरामद कराया। पुलिस ने युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा है।

रविवार की शाम जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के धरसौली निवासी आदित्य सिंह को अज्ञात लोगों द्वारा गोली मारे जाने की सूचना मिली। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने युवक को सीएचसी जयसिंहपुर लाई। जहां मौजूद चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज सुलतानपुर रेफर कर दिया था। परिजनों द्वारा पुलिस को अज्ञात लोगों के खिलाफ शिकायती पत्र भी मिला था। लेकिन पुलिस को मामला संदिग्ध लगा तो जांच-पड़ताल शुरू किया। पुलिस की जांच में युवक की सच्चाई सामने आ गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रविवार की शाम घर से आदित्य दो अवैध असलहा लोडकर क़मर में खोंसकर बाइक से बगिया चौराहा आ रहा था। किसी काम से जब वह गंगापुर अर्जुनपुर गांव के पास बाइक से उतरा तो इसी बीच असलहे का ट्रिगर दब गया और फायर हो गया। गोली अंडरवियर व पैंट चीरते हुए उसके बाएं जांघ में लग गई।जयसिंहपुर कोतवाल प्रेमचंद सिंह ने बताया कि युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करवाते हुए न्यायालय भेजा गया था। जहां से उसे जेल भेजने की कार्रवाई की गई।


असलहे के साथ पकड़ा गया युवक।

**यथास्थिति कायम** | मंगलवार को पूजा–अर्चना के बाद शुरू हुआ विरोध, बवाल बढ़ने से पहले प्रशासन ने मामला सुलझाया

# बंजर जमीन पर पूजा करने के बाद दूसरे समुदाय ने जताया हक

**कादीपुर, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** कस्बे में अष्टमी तिथि को मरी माता की पूजा अर्चना के बाद दूसरे संप्रदाय के लोग जमकर विरोध करने लगे। जिससे माहौल गर्म हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों ने यथा स्थिति कायम करते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखा। अधिकारियों ने दोनों पक्षों को समझाते हुए मामले को शांत कराया है।

कस्बे में स्थित सीएचसी के पीछे गाटा संख्या 108 बंजर के रूप में अभिलेखों में दर्ज है। मंगलवार को अघोर पीठ बाबा सत्यनाथ मठ अल्देमउ नूरपुर के पीठाधीश्वर कपाली जी महाराज ने मरी माता के स्थान पर त्रिशूल गाड़कर पूजा अर्चन कराया। कुछ देर बाद मुस्लिम पक्ष की महिलाएं पहुंचकर विरोध करने लगी। मौके पर पहुंची पुलिस एवं प्रशासन की अधिकारियों ने यथा स्थिति कायम करते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखा। विवादित जमीन पर हिंदू पक्ष के लोग मरी माता का स्थान मानते हैं। वहीं पर मुस्लिम पक्ष के लोग इसे कब्रिस्तान बता रहे हैं। मंगलवार को सुबह वहां पर हिंदू महिलाओं ने अष्टमी पर्व पर मरी माता का पूजन-अर्चन किया। इसके बाद मौके पर पहुंची मुस्लिम महिलाओं ने इसका जमकर विरोध किया। एसडीएम शिव प्रसाद, सीओ विनय गौतम एवं प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने मौके की नजाकत को देखते हुए वहां पहुंचकर समझा बूझाकर दोनों पक्ष के लोगों को वहां से हटाया। प्रशासन ने मौके पर गड़े त्रिशूल को उखाड़ कर अपने कब्जे में ले लिया है। सीओ विनय गौतम का कहना है कि लगभग डेढ़ माह पूर्व पूर्व इस जमीन को लेकर दोनों पक्षों में कहा सुनी हुई थी। जिसे वार्ता के दौरान दोनों पक्षों के लिए एक निश्चित सीमा तय कर दी गई थी। इस समय चुनाव आचार संहिता के चलते दोनों पक्ष शांति एवं सदभाव बनाए रखें। इसके बाद मामले का विधिक रूप से निस्तारण कराया जाएगा। जबकि हिंदू पक्ष का कहना है कि वार्ता के दौरान यह कहा गया था कि मुस्लिम पक्ष अपना प्रस्ताव भेजें। जिस पर प्रशासन एवं नगर पंचायत अपना निर्णय करेगी। अभी तक प्रस्ताव नहीं भेजा गया और विरोध शुरू कर दिया गया है। फिलहाल मौके पर पूरी तरह से शांति व्यवस्था बनी हुई है। पुलिस बल तैनात है।

कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि मंदिर से सटा कब्रिस्तान है। बार्डर को लेकर कुछ विवाद है। दोनों पक्षों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया गया है। वहां पर दोनों पक्ष से किसी तरह की गतिविधि पर रोक लगाई गई है। लोकसभा चुनाव के बाद विधि के अनुसार मामले का समुचित हल कराया जाएगा।


कादीपुर में मरी माता की पूजा–अर्चना करतीं महिलाएं। अमृत विचार

## एक नजर

### पुलिस ने चलाया अभियान 40 वाहनों का किया चालान

**सिद्धार्थनगर।** जनपद में यातायात नियमों का पालन न करने वाले अवैध ढंग से चल रहे 40 वाहनों का चालान किया। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने जहां एक तरफ पटरी पर सामान बेचने वालों को हटाकर अतिक्रमण साफ किया। वहीं अवैध ढंग से यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए चलने वाले 40 वाहनों को 42500 शमन शुल्क वसूला गया।

### डा. अरविंद यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव मनोनीत

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** इंडियन यूथ कांग्रेस के निवर्तमान जिलाध्यक्ष डा. अरविन्द शुक्ला इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव विनीत कम्बोज व राष्ट्रीय सचिव एजाज चौधरी ने इंडियन यूथ कांग्रेस का प्रदेश सचिव बनाया है। डा0 अरविन्द शुक्ला के साथ ही आशुतोष मिश्र को भी प्रदेश सचिव बनाया गया है।

### फरार हत्यारोपी गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** फरार चल रहे हत्या का आरोपी 15,000 का इनामिया अभियुक्त को थाना उसका बाजार पुलिस, एसओजी, सर्विलांस की संयुक्त टीम ने पड़कर न्यायालय भेजा। थाना जोगिया उदयपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सजनी पकड़ी मुख्य मार्ग पर सड़क के किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति का शव एक बोरे में बंधा मिला था। जिसकी शिनाख्त प्रशांत कुमार गुप्ता निवासी साड़ी पोस्ट मधुकरपुर थाना व सिद्धार्थनगर उम्र 35 वर्ष के रुप में हुई। इस मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज गया था। इसी क्रम में सोमवार को फरार चल रहे अभियुक्त आयुष उर्फ संगम मिश्र निवासी साहबगंज दरुआ बाजार थाना कोतवाली नगर, गोण्डा को भीमापार पुल के नीचे से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा।

### आग लगने से कई बीघा गेहूं की फसल जली

**सिद्धार्थनगर।** तेज पछुआ हवा चलने के कारण जनपद में आग लगने का सिलसिला जारी है। मंगलवार दोपहर विकास खंड बर्डपुर के ग्राम मदारीपुर सूरजकुडिया में गेहूं की फसल में आग लग गई। जिससे लगभग 25 बीघा गेहूं जलकर खाक हो गया। गांव वालों के काफी प्रयास से तथा समय से अग्निशमन यंत्र पहुंचने पर आग पर काबू पाया गया। गांव के रामखेलावन, अयोध्या प्रसाद आदि किसानों की फसल जल गई है।

# सघन टिकट जांच से 130 करोड़ से अधिक की आय

गोरखपुर

**अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे को सघन टिकट जांच के फलस्वरूप पूर्वोत्तर रेलवे पर वित्तीय वर्ष 2023-24 में टिकट जांच से रू0 130.10 करोड़ की आय हुई है।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि प्रशासन अपने रेल यात्रियों को सुविधाजनक एवं आरामदायक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के लिये निरन्तर प्रयासरत है। इसी परिप्रेक्ष्य में महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे सुश्री सौम्या माथुर के निर्देशन में एवं प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक कुमार सिन्हा के कुशल नेतृत्व में बिना टिकट/अनियमित टिकट के साथ यात्रा अथवा बिना बुक लगेज के साथ यात्रा के विरूद्ध रेल राजस्व की क्षति रोकने के लिये पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न गाड़ियों एवं प्लेटफार्मों तथा अनेक रेलखण्डों में निरन्तर टिकट जांच अभियान चलाये जा रहे हैं। बताया कि मुख्यालय एवं मण्डल के वाणिज्य अधिकारियों के प्रयासों से आरक्षित श्रेणी के कोचों में अनारक्षित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों की रोकथाम की गई। विभिन्न टेनों, प्लेटफार्मों एवं गाड़ियों में टिकट जांच के फलस्वरूप रेलवे बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिये निर्धारित टिकट चेकिंग से आय के लक्ष्य रू0 116.14 करोड़ के सापेक्ष रू0 130.10 करोड़ प्राप्त हुए।

# नवरात्र : अष्टमी पर देवी पूजन कर कराया कन्या भोज

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** नवरात्र अष्टमी के दिन देवी मंदिरों पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। नवरात्र के प्रथम दिन और अंतिम दिन व्रत रखकर भक्तों ने मां की पूजा अर्चना की। पलटा देवी शक्तिपीठ पर देवी भक्तों का तांता लगा रहा। भक्तों ने चुनरी नारियल कपूर अगरबत्ती एवं विभिन्न प्रकार के पूजा सामग्रियों को लेकर कतारबद्ध होकर मां पलटा देवी महामाया मंदिर सिंहेश्वरी देवी आदि मंदिरों में नवरात्र के अष्टमी के दिन पूरा विधिवत पूजन अर्चन करते हुए मां के दरबार में माथा टेका।

भारत नेपाल सीमा पर स्थित मां पलटा देवी मंदिर को 21 शक्तिपीठों में से एक शक्तिपीठ माना जाता है। बताया जाता है कि जो भी भक्त 7 सोमवार को मां पलटा देवी का श्रद्धा के साथ दर्शन पूजन अर्चन करता है उसकी सभी मनोकामना मां पलटा देवी पूरा करती है। मंदिर के पीठाधीश्वर चंदन गिरी ने यह भी बताया कि यहां काफी वर्षों पूर्व देश के राष्ट्रपति बीवी गिरी ने भी आकर पलटा देवी के दरबार में माथा टेके थे और अपने मन्नते मांगी थी। वहीं जिला मुख्यालय के सिंहेश्वरी मंदिर तथा उसका रोड बेलहिया मंदिर मां दुर्गा की भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर के महंत पंडित सुनील मिश्रा ने बताया कि सुबह से ही मंदिर पर भक्त यहां पहुंचकर विभिन्न प्रकार से माता की पूजा अर्चना की।



उसका रोड बेलहिया मंदिर पर पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। अमृत विचार

शोहरतगढ़ में चैत्र नवरात्र की रामनवमी पर अध्यक्ष ग्राम पंचायत गड़रखा रविन्द्र कुमार शर्मा ने प्राथमिक विद्यालय गड़रखा पर सोमवार सुबह 251 कन्या पूजन समारोह का आयोजन किया। कहा कि नवरात्र में कन्याओं का पूजन करने से यज्ञ करने से फल के बराबर होता है। माता जी के कृपा से मुझे देवी स्वरूप 251 कन्याओं का पूजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा "देवि पूजि पद कमल तुम्हारे, सुर नर मुनि सब होहिं सुखारे। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय गड़रखा के प्रधानाध्यापक बृज किशोर शुक्ल, सहायक अध्यापक दीप शिखा, शिक्षामित्र प्रतिभा पाठक, शिक्षामित्र विजय कुमार, रुक्मिणी, शिखा शर्मा, पिंकी शर्मा, हेमंत कुमार, हनुमान शर्मा, जगदीश, आशीष यादव, विनोद, रिंकू, श्याम दास सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



कन्या भोज कराते अध्यक्ष ग्राम पंचायत गड़रखा रविन्द्र कुमार शर्मा।

# मतदान के लिए 209 सेक्टरों में बांटा गया जिला

## डुमरियागंज संसदीय सीट के लिए छठवें चरण में 25 मई को होगा मतदान, मजिस्ट्रेट तैनात

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** डुमरियागंज में छठवें चरण में 25 मई को मतदान होगा। जिसके लिए निर्वाचन की अधिसूचना का 29 अप्रैल व नाम निर्देशन हेतु 6 मई तक होंगे। नाम निर्देशनों की संवीक्षा 7 मई, नाम वापसी हेतु अन्तिम 9 मई को होगा। मतगणना का 4 जून को होगी। जिसके लिए पूरे जनपद को 209 में सेक्टरों बांटा गया है, और 209 मजिस्ट्रेट भी नियुक्त कर दिए गए हैं।

सोमवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी जिला मजिस्ट्रेट पवन अग्रवाल ने बताया कि निर्वाचन कार्य हेतु जिन कार्मिको की ड्यूटी लगायी गयी है। वे फैसिलेशन बैलेट मतपत्र द्वारा वोट डाल सकेंगे। 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता होम वोटिंग करने के लिए आवेदन कर सकेंगे। 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाता को मतदान के लिए पोलिंग पार्टी उनके वोट डालने हेतु निवास स्थान से सम्पर्क करेंगे। स्ट्रांग रूम मंडी समिति में बनाया गया है। पोलिंग पार्टी का प्रथम रेण्डमाइजेशन 20 अप्रैल तथा द्वितीय रेडमाइजेशन 08 मई को कराया जायेगा। ई.वी.एम. का प्रथम रेडमाइजेशन 24 अप्रैल तथा द्वितीय रेडमाइजेशन 11 मई को कराया जायेगा। 15 मई को आयोग से इंजीनियर आयेगे तथा ई.वी.एम. मशीनो की कमीशनिंग कार्य समाप्ति तक करेंगे। पोलिंग पार्टी का प्रथम प्रशिक्षण 01 से 03 मई तथा द्वितीय प्रशिक्षण 15 से 18 मई तक सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल करौंदा मसिना में कराया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि समाचार-पत्रों एवं सोशल मीडिया में किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना का प्रचार प्रसार पर आयोग ने रोक लगा रखी है। फार्म-6 के माध्यम से बीएलओ/आयोग की साइट पर ऑनलाइन मतदाता पहचान पत्र बनाने के लिए आवेदन कर सकते है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी उमाशंकर, प्रिन्ट/इलेक्ट्रनिक मीडिया प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।



पत्रकार वार्ता में जानकारी देते जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल।

### दूसरे चरण के चुनाव के लिए 413 पुलिस कर्मी रवाना

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव कराने के लिए प्रथम चरण के मतदान में जनपद से 413 पुलिस कर्मियों को हरी झंडी दिखाकर चुनावी ड्यूटी के लिए मुरादाबाद रवाना किया गया। एसपी प्राची सिंह ने पुलिसकर्मियों से मिलकर उन्हें निष्पक्षता के साथ मतदान संपन्न कराने का निर्देश दिया। दूसरे चरण के मतदान में मथुरा तीसरे चरण के मतदान में फिरोजाबाद और चौथे चरण में हरदोई में निर्धारित तिथियां पर मतदान के दायित्वों का निर्वहन करेंगे।



चुनाव ड्यूटी के लिए पुलिसकर्मियों को रवाना करतीं एसपी प्राची सिंह। अमृत विचार

# महाविद्यालय से निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** स्थानीय शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय शोहरतगढ़ में मंगलवार को मतदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अन्तर्गत छात्र-छात्राओं, शिक्षक और कर्मचारियों द्वारा मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने का संकल्प लिया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी के सभी छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयीं, जिसका नेतृत्व महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अरविंद कुमार सिंह ने किया। इस सन्दर्भ में निबन्ध, स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मेजर मुकेश कुमार, डा धर्मेंद्र सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डा एके सिंह, डा आरके सिंह, प्रवीण कुमार, डा अजय सिंह, बीके सिंह, अश्वनी सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### सवा लाख से अधिक वोटरों को जागरूक करेंगे छात्र

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित विद्यालय में पढ़ने वाले कक्षा 9वीं से 12वीं तक के सवा लाख से अधिक मतदाताओं को जागरूक करने का काम करेंगे। उन्हें लोकतंत्र के महत्व के साथ ही मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। बच्चों और अभिभावकों को पहले विद्यालय स्तर पर जानकारी दी जा रही है। इसके बाद यह बच्चे पड़ोसी और अपने करीबियों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। लोकसभा चुनाव के लिए जिले में 25 मई को मतदान होना है। । जिले के 200 से अधिक माध्यमिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में पढ़ने वाले 9वीं से 12वीं कक्षा के बच्चों को शिक्षक लोकतंत्र क्या उसके बारे में जानकारी दे रहे हैं। लोकतंत्र को कैसे मजबूत बनाया जा सकता है, उसके बारे में बता रहे हैं।



### ठगी के मामले की जांच करेगी कोतवाली पुलिस

**अयोध्या, कार्यालय, अमृत विचार।** मेडिकल कॉलेज में प्रवेश दिलाने के नाम पर हुई 11 लाख रूपये की ठगी के मामले की जांच घूम-फिरकर नगर कोतवाली के पास पहुंच गई है। कोतवाली पुलिस ने प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज कर तहकीकात शुरू कर दी है। पीड़िता ने पहले मामले की शिकायत एसएसपी को दी थी तो मामला साइबर क्राइम थाना पुलिस के हवाले हुआ था। कोतवाली क्षेत्र के शिवनगर रायबरेली रोड निवासी दिव्यांशु ने गत वर्ष मेडिकल में प्रवेश के लिए नीट की परीक्षा दी थी। रैंकिंग कम होने के चलते प्रवेश नहीं मिल पाया था। दिव्यांशु की मां प्रेमलता का कहना है कि इसी दौरान काउंसलर जसवीर सिंह का फोन आया और पश्चिम बंगाल के कोलकता नेशनल मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्टिपल में डोनर सीट पर एमबीबीएस में प्रवेश करवाने की बात कही। इसके बाद आरोपी के खाते में 10 लाख रुपए भेजे गए। बाद में बैंक ड्राफ्ट का भुगतान न होने पर छानबीन शुरू की तो ठगे जाने की जानकारी हुई। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय का कहना है कि मिली शिकायत के आधार पर जसवीर सिंह, सुधांशु मिश्र और राजेश्वरी जायसवाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कराई गई है।

# आम की फसल बचाने को बाग में बनी रहे नमी

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** आम के बागों में बौर के बाद दाने अब छोटे फलों का रूप ले रहे हैं। तापमान बढ़ने से आम के बागों में नमी की कमी होती जा रही है, जिससे आम के छोटे फल गिर रहे हैं। फलों को बचाने के लिए किसानों को अपने बागों में पर्याप्त नमी बनाए रखने के साथ ही जरूरी दवाओं का छिड़काव भी करना चाहिए।



यह जानकारी कृषि विज्ञान केंद्र सोहना के वैज्ञानिक डॉ. प्रवीण कुमार मिश्र ने दी। बताया कि आम के टिकोलों को गिरने से बचाने के लिए बागों में उपयुक्त वातावरण बनाए रखने की जरूरत है। समय पर उचित देखभाल न करने से आम के छोटे फल गिरने लगते हैं। इसके अलावा फल बड़ा होने पर फटने या फिर निचला हिस्सा काला होने लगता है। इसकी प्रमुख वजह बागों में नमी का न होना। आम के बाग के पास ईंट के भट्टे, बाग की मिट्टी बलुई होने से मृदा में नमी ज्यादा समय तक नहीं टिकती है। उन्होंने बताया कि बाग का दस दिनों के अंतराल पर सिंचाई करें और इमिडाक्लोप्रिड, हेक्साकोनाजोल के अलावा प्लेनोफिक्स हार्मोन दवा की उचित मात्रा छिड़काव करें। यदि बाग में तना छेदक व पत्ती काटने वाले कीटों का प्रकोप है तो क्विनालफोस दवा का घोल बनाकर छिड़काव करें।

## सार-संक्षेप




अल्बर्डों बेंजक्वेन का स्वागत करते ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. विमल द्विवेदी।

### ताइक्वांडो संघ ने किया बेंजक्वेन का स्वागत

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** अर्जेंटीना से आए ग्रैंड मास्टर ब्लैक बेल्ट डिग्री इंटरनेशनल ताइक्वांडो फेडरेशन अंपायरिंग कमेटी अध्यक्ष अल्बर्डों बेंजक्वेन का जनपद में ताइक्वांडो संघ के द्वारा स्वागत किया गया। जनपद में आगमन को लेकर खुशी का इजहार करते हुए जिले के ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ विमल द्विवेदी ने अध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा कि यह जनपद का सौभाग्य है कि वे जनपद में आकर ताइक्वांडो के बच्चों का हौसला बढ़ाने का कार्य करेंगे। डॉ विमल द्विवेदी ने बुके देकर स्वागत किया।

### कवच की स्थापना को सराहा, जनहित याचिका खारिज

**गोरखपुर, अमृत विचार।** भारतीय रेल द्वारा ट्रेनों को आपस में टकराने से रोकने के लिए रेलवे द्वारा स्वदेशी तकनीक से निर्मित टक्कर रोधी कवच प्रणाली की स्थापना की जा रही है। इस जीपीएस आधारित प्रणाली के उपयोग से एक ही ट्रैक पर आमने-सामने आने वाली ट्रेन कुछ निश्चित दूरी पर आकर स्वतः ही रुक जाएगी। रेलवे पर संरक्षा को सुदृढ़ करने की कड़ी में कवच प्रणाली की स्थापना को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय रेलवे की सराहना की है तथा इस संबंध में बालासोर रेल हादसे के दौरान दायर की गई एक जनहित याचिका को भी सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज कर गया है।

### दिल्ली पी.आर.एस. सेवाएं अस्थाई रूप से स्थगित

**नई दिल्ली, अमृत विचार।** उत्तर रेलवे तड़के 00.15 बजे से तड़के 01.15 बजे तक दिल्ली पी.आर.एस. सेवाएं अस्थाई रूप से स्थगित है। स्थिर और गतिशील डेटाबेस संपीड़न कार्य हेतु दिल्ली पी.आर.एस. की सभी सेवाएं, अर्थात, आरक्षण, निरस्तीकरण, चार्टिंग, पूछताछ सेवा (139 तथा काउंटर सेवा), इंटरनेट बुकिंग तथा ई.डी.आर. सेवाएं 18 अप्रैल 2024 को तड़के 00.15 बजे से तड़के 01.15 बजे तक लगभग 01.00 घंटे तक उपलब्ध नहीं रहेंगी। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने दी।

# छपरा-अमृतसर-छपरा के लगेंगे विशेष फेरे

गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 05049/05050 छपरा-अमृतसर-छपरा ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन छपरा से 26 अप्रैल से 28 जून, 20 तक प्रत्येक शुक्रवार को तथा अमृतसर से 27 अप्रैल से 29 जून तक प्रत्येक शनिवार को 10 फेरों के लिये किया जायेगा । यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी। उन्होन बताया कि आगामी ग्रीष्मकाल पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 05097/05098 टनकपुर-दौराई-टनकपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन टनकपुर से 22 अप्रैल से 28 जून, 2024 तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को तथा दौराई से 23 अप्रैल से 29 जून, 2024 तक प्रत्येक मंगलवार, बृहस्पतिवार एवं शनिवार को 30 फेरों के लिये किया जायेगा। छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-बनारस-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचालन छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 21 अप्रैल से 19 मई, 2024 तक प्रत्येक रविवार को तथा बनारस से 22 अप्रैल से 20 मई,2024 तक प्रत्येक सोमवार को 05 फेरों के लिए किया जायेगा।

बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचालन छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 19 अप्रैल से 24 मई तक प्रत्येक शुक्रवार को तथा गोरखपुर से 20 अप्रैल से 25 मई तक प्रत्येक शनिवार को 06 फेरों के लिए किया जायेगा। छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 18 अप्रैल से 16 मई, 2024 तक प्रत्येक वृहस्तपतिवार को तथा गोरखपुर से 20 अप्रैल से 18 मई, 2024 तक प्रत्येक शनिवार को 05 फेरों के लिए किया जायेगा।

### हटवाया अतिक्रमण

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा सोमवार को बनारस के यार्ड टावर वैगन साइड रेल भूमी में लगे अवैध अतिक्रमण के 10 सब्जी की दूकान एवं 3-4 मछली की दुकान तथा 20 ठेला को शान्तिपूर्ण तरीके से हटवाया गया। जिसके फलस्वरूप 100 स्क्वायर मीटर एरिया को खाली कराया गया। रेलवे स्टेशन फर्रूखाबाद के टिकट आरक्षण केन्द्र से आरक्षित तत्काल टिकटों के अवैध कारोबार मे संलिप्त एक व्यक्ति को 01 आरक्षित तत्काल टिकट के साथ गिरफ्तार किया गया।

# मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, हंगामा

उस्का बाजार, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** होली के दिन मारपीट में घायल युवक की लखनऊ किंग जार्ज मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। पुलिस की लापरवाही से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने सिद्धार्थनगर-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर दिया। दो घंटे बाद उपजिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर ने परिजनों को समझा कर किसी तरह जाम खत्म कराया।

उस्का बाजार नगर क्षेत्र के लोहिया नगर निवासी सोनू यादव (23) सूरत में रहकर टाइल्स लगाने का कार्य करता था। तबियत खराब होने पर होली में वह घर आया था। उसने 25 मार्च को पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया था कि उसी वार्ड के निवासी रामकरन पासवान ने उसे धोखे से नदी के किनारे बुलाया और सिर पर पीछे से प्रहार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में वह इलाज के लिए लखनऊ स्थित किंग जार्ज मेडिकल कालेज में भर्ती हो गया, जहां इलाज के दौरान मंगलवार को उसकी मौत हो गई।

# एसडीएम खजनी शिवम सिंह को आईएएस में मिली 877वीं रैंक

गोरखपुर

**अमृत विचार।** एसडीएम खजनी शिवम सिंह ने यूपीएससी की परीक्षा में 877वीं रैंक हासिल की है। मृदुल भाषी शिवम सिंह रायबरेली के प्रगतिपुरम में रहने वाले राम नरेश सिंह के छोटे सुपुत्र हैं। बेहद साधारण से परिवार में जन्मे शिवम सिंह ने अपनी काबिलियत और मेहनत के बलबूते पहली ही बार में सूबे की पीसीएस परीक्षा में 38वीं रैंक हासिल की थी। अब सिविल सर्विस परीक्षा में 877वीं रैंक हासिल कर आईएएस बनने का सपना पूरा किया।



श्री सिंह वर्तमान में गोरखपुर की खजनी तहसील में उप जिलाधिकारी के पद पर ईमानदारी के साथ अपनी सेवा दे रहे हैं। तहसील सहित शुभचिंतकों माता-पिता ने प्रसन्नता व्यक्त की है। माता पिता ने कहा कि बेटे की मेहनत रंग लाई है। श्री सिंह ने बातचीत में बताया कि अभी देखना होगा कि कैडर कौन सा मिलता है और किस पद पर नियुक्ति मिलती है उसी हिसाब से अपना निर्णय लेंगे। कहा कि दिए गए दायित्वों का बखूबी से निर्वहन कर रहा हूं और आगे भी अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन करते हुए देश की सेवा करूंगा। रायबरेली शहर के प्रगतिपुरम में रहने वाले राम नरेश सिंह विकास भवन के बाहर सालों से छोटी सी स्टेशनरी की दुकान लगाते हैं। शिवम सिंह का एक ही सपना था कि इंडियन फॉरेस्ट सर्विस में उनका चयन हो और वर्तमान में जो रैंक श्री सिंह ने सिविल सर्विस परीक्षा के अंतिम परिणाम में पाया है, उनको इंडियन फॉरेस्ट सर्विस में जाने के लिए कोई अड़चन नहीं आएगी।

### लावारिस बच्चों को चाइल्डलाइन को सौंपा

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे सुरक्षा बल, गोरखपुर को गाड़ी संख्या-12565 में 10 वर्ष का एक लड़का लावारिस हालत में मिला। पूछताछ के उपरान्त लड़के को चाइल्ड लाइन, गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 15 अप्रैल, 2024 को रेलवे सुरक्षा बल, स्कोर्ट पार्टी को गाड़ी संख्या-15204 में 08 वर्ष की एक लड़की लावारिस हालत में मिली जिसे रेलवे सुरक्षा बल, गोरखपुर पोस्ट पर लाया गया। पूछताछ के उपरान्त लड़की को चाइल्ड लाइन गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 15 अप्रैल, 2024 को रेलवे सुरक्षा बल, लखनऊ सिटी को निगरानी के दौरान रेलवे स्टेशन डालीगंज पर 09 एवं 14 वर्ष की दो लड़कियां लावारिस हालत में मिली। पूछताछ के बाद चाइल्ड लाइन लखनऊ को सुपुर्द किया गया।

**मौसम का असर** — माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में लू और डिहाइड्रेशन के मरीज बढ़े

# गर्मी के दिनों में करें हल्का और सुपाच्य भोजन

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** गर्मी और लू की तपिश झुलसाने वाली है। मंगलवार सुबह से ही माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में मरीजों की भीड़ बढ़ गई। ओपीडी में सबसे अधिक डिहाइड्रेशन, उल्टी, दस्त, चक्कर आने और शरीर में कमजोरी आने जैसे मरीजों की संख्या अधिक थी।



मेडिसिन विभाग के डॉ. गौरव दुबे ने बताया कि इस बार अप्रैल में गर्मी पिछले वर्षों के मुकाबले अधिक है। पहले डिहाइड्रेशन, डायरिया की समस्या मई-जून में अधिक होती थी, लेकिन गर्मी अधिक होने से लोगों को यह समस्या अभी से सताने लगी है। ऐसे में लोगों को अधिक से अधिक पानी पीने की सलाह दी जा रही है, जबकि हल्का व सुपाच्य भोजन लेने को कहा जा रहा है।

उनके मुताबिक तापमान का यह अंतर लोगों को बीमार बना रहा है। पाचन शक्ति कम होने से उचित पोषण नहीं होता। रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने से बीमारियां घेर लेती हैं। तापमान अधिक होने से भटकाव, भ्रम, चिड़चिड़ापन, तेज सिरदर्द, बेहोशी, मांसपेशियों में ऐंठन, दिल की धड़कन बढ़ने की समस्याएं होने लगती हैं। मेडिकल कॉलेज के पीआईसीयू में एक सप्ताह में 22 से 23 मरीज भर्ती हो रहे हैं, जबकि इमरजेंसी में भी गर्मी से संबंधित मरीज आ रहे हैं।

### हीट स्ट्रोक से बचाव के उपाय

- ढीले, हल्के रंग के सूती वस्त्र पहनें और खूब पानी पिएं।
- तबीयत बिगड़ने पर डॉक्टर से परामर्श लें।
- ओआरएस का घोल या नींबू पानी का सेवन करें।
- तला-भुना हुआ खाने से बचें, तीन से चार लीटर पानी पिएं।
- मौसमी फलों का अधिक से अधिक सेवन करें।
- खानपान में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।
- हल्का और आसानी से पचने वाला भोजन लें।




## अपनी ढपली अपना राग



पांच साल में तीन करोड़ और गरीबों के मकान बनेंगे, तीन करोड़ ड्रोन दीदी बनेंगी, जो लखपति होंगी। – योगी आदित्यनाथ



जिन उद्योगपतियों ने भाजपा को चंदा दिया, उन्होंने अपने उत्पादों के दाम बढ़ाकर महंगाई बढ़ाई है। जनता इसको जान चुकी है। – अखिलेश यादव




मुफ्त राशन की गारंटी आगामी 5 वर्षों तक जारी रहेगी तथा आने वाले 5 वर्ष महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित होंगे। – भूपेंद्र चौधरी



आप कब तक कांग्रेस पर आरोप लगाते रहेंगे। पिछले 10 वर्षों से तो वे (भाजपा) सत्ता में हैं, उसने आखिर क्या किया। –प्रियंका गांधी



समाजवादी पार्टी की सदस्यता लेना गुंडागर्दी का प्रमाणपत्र है, सपा की साइकिल पंचर कीजिए और कमल खिलाईए। – केशव प्रसाद मौर्य



हम उनको (केशव मौर्य) ऐसा कर देंगे कि साइकिल का पंचर जोड़ते दिखेंगे। चर्चा में बने रहने के लिए ऐसी बयानबाजी कर रहे। – प्रो. रामगोपाल यादव

## चुनावी चक्कर

### सर्वोच्च अदालत से सीधे जनता की अदालत में प्रिया

मछलीशहर लोकसभा की सुरक्षित सीट से सपा ने सुप्रीम कोर्ट की युवा महिला अधिवक्ता प्रिया सरोज को मैदान में उतारा है। प्रिया पूर्व सांसद व वर्तमान में केराकत से विधायक तूफानी सरोज की बेटी हैं। कानून की पढ़ाई करने के बाद प्रिया ने प्रैक्टिस की शुरुआत सीधे सुप्रीमकोर्ट से की। अब लोकसभा का चुनाव लड़ने जा रही हैं। यानि वह सवोच्च अदालत से सीधे जनता की अदालत में किस्मत आजमाने आ गई हैं। प्रिया सरोज ने पिछले साल नवंबर में ही 25 की उम्र पूरी की। वह भाजपा के मौजूदा सांसद बीपी सरोज को चुनौती देंगी। लोकसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर प्रिया कहती हैं कि क्षेत्र के लोगों को जानती हूं, वे मुझे भी मानते हैं। बहरहाल, मछलीशहर सीट का चुनाव सपा लगातार दो बार हार चुकी है।

### बालक को देखकर गदगद हुए योगी

पिछले दिनों रुड़की में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपना एक जबरदस्त फैन नजर आया। यह फैन एक बालक था जो उनकी ही वेशभूषा में नजर आ रहा था। योगी ने उसे मंच पर बुलाया तो उसने भी योगी का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। दोनों की इस मुलाकात का वीडियो लोग सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शेयर कर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं। वीडियो में चुनावी सभा के मंच पर योगी के साथ उनका लिटिल फैन भी बिलकुल उनके अंदाज में नजर आ रहा है। योगी अपने फैन को देखकर मुस्कुराते रहे। वहीं, जब योगी मंच से अपने समर्थकों को देखकर हाथ हिला रहे थे तो हूबहू उनका यह बालक प्रशंसक भी अभिवादन करते दिखा।

# चुनावी जंग में छोटे दलों के नेताओं की कड़ी चुनौती

## स्वामी प्रसाद, पल्लवी, चन्द्रशेखर व ओवैसी की प्रतिष्ठा लगी है दांव पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ









**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के जंग में छोटे दलों के नेताओं को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के प्रमुख स्वामी प्रसाद मौर्य, अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी पटेल, आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर व एआईएमवाईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है।

सपा से नाराज होकर राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी गठित करने वाले पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कुशीनगर लोकसभा सीट से खुद को प्रत्याशी घोषित किया है। मौर्य ने इंडी गठबंधन को समर्थन देते हुए पार्टी के प्रत्याशियों के लिए सीटें मांगी थीं, पर इंडी गठबंधन ने उनकी मांग पर ध्यान नहीं दिया। इस पर मौर्य ने खुद को कुशीनगर सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। पार्टी की ओर से और भी प्रत्याशी घोषित किये जा रहे हैं। नगीना सुरक्षित सीट पर प्रत्याशी आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर को उन्होंने समर्थन की घोषणा की है। मौर्य के समक्ष अपनी सीट जीतने के साथ ही, पार्टी के अन्य प्रत्याशियों को जिताने की चुनौती है।



चुनाव में सपा के 'पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक' (पीडीए) से मुकाबला करने के लिए 'पिछड़ा, दलित, मुस्लिम' (पीडीएम) न्याय मोर्चा का गठन किया गया है। गठबंधन में शामिल एआईएमआईएम के प्रमुख ओवैसी अपनी पार्टी के सिंबल पर प्रत्याशियों को चुनाव न लड़ाकर अपना दल कमेरावादी के सिंबल पर चुनाव लड़ाने की घोषणा कर चुके हैं। करीब एक दर्जन प्रत्याशियों को अपना दल कमेरावादी के सिंबल पर चुनाव लड़ाने की तैयारी है। मोर्चा ने फिलहाल तीसरे, पांचवें व सातवें चरण में शामिल सात सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं। पीडीएम ने रायबरेली से हाफिज मोहम्मद मोबीन, बरेली से सुभाष पटेल, हाथरस से डॉ. जयवीर सिंह धनगर, फिरोजाबाद से प्रेमदत्त बघेल, फतेहपुर से रामकिशन पाल, भदोही से प्रेमचंद बिन्द व चंदौली से जवाहर बिन्द को उम्मीदवार बनाया है।

### जल्द घोषित होंगे पीडीएम के प्रत्याशी

पीडीएम के तहत जल्द ही और प्रत्याशियों के घोषित होने की संभावना है। इंडी गठबंधन से अलग इन दलों व नेताओं के चुनाव मैदान में उतरने से लड़ाई रोचक बन गई है, क्योंकि सपा के पीडीए के जवाब में पीडीएम फैक्टर से प्रत्याशियों को चुनौती मिल रही है।

## डिंपल यादव के खिलाफ मायावती ने बदला प्रत्याशी घोषित किये 11 प्रत्याशी

**अमृत विचार,लखनऊः** बसपा सुप्रीमो मायावती ने मंगलवार को 11 नए प्रत्याशियों की पांचवी सूची जारी कर दी है। इस प्रकार पार्टी द्वारा घोषित प्रत्याशियों की संख्या 56 हो गई है। साथ ही उन्होंने मैनपुरी सीट पर प्रत्याशी भी बदलकर सपा की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सपा की डिंपल यादव के खिलाफ शिव प्रसाद यादव को उतारा है।

सोशल इंजीनियरिंग के फामूले को अपनाते हुए मायावती ने बदायूं से मुस्लिम खां, बरेली से छोटेलाल गंगवार , सुल्तानपुर से उदराज वर्मा, फर्रूखाबाद से क्रांति पाण्डेय, बांदा से मयंक द्विवेदी, डुमरियागंज से ख्वाजा समसुद्दीन, बलिया से लल्लन सिंह यादव, जौनपुर से धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी , गाजीपुर से उमेश कुमार सिंह और वाराणसी से अतहर जमाल लारी को प्रत्याशी बनाया है। वहीं अभी तक कई जगह पर मायावती ने प्रत्याशी नहीं घोषित किए हैं,जिससे वहां संशय की स्थिति बनी हुई है।

### सपा का जमीनी हकीकत से नहीं रहा कोई सरोकार

**लखनऊ:** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि सपा कार्यकाल में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी चरम पर थी। सपा कार्यकाल में युवा पलायन को मजबूर हो गए थे, लिहाजा प्रदेश के युवा पहले ही सपा को नकार चुके हैं। सपा कार्यकाल में प्रदेश में बेरोजगारी दर 18 प्रतिशत तक थी।

# बसपा नहीं खोल रही है पत्ते

## भाजपा व सपा खेमे में बढ़ी बेचैनी जनता को भी है इंतजार

विरेश शुक्ला, हरदोई

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के लिए कल से जिले में नामांकन शुरू हो जाएंगे। भाजपा व इंडिया गठबंधन ने अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है, लेकिन अभी तक बसपा ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं, जिसे लेकर जहां भाजपा व सपा खेमे में बेचैनी बढ़ रही है, वहीं जनता भी बसपा प्रत्याशी का बेसब्री से इंतजार कर रही है। भाजपा व इंडिया गठबंधन से चुनाव लड़ रहे दोनों प्रत्याशियों को जनता कई बार सांसद बना चुकी है, लेकिन वह जनता की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे। यही वजह है कि अब तक जिले में चुनाव को लेकर पूरी तरह खामोशी छायी हुई है।

जिले में चौथे चरण में चुनाव होना है। 18 अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। भाजपा ने सबसे पहले अपना प्रत्याशी घोषित किया। भाजपा से जयप्रकाश रावत चुनाव मैदान में हैं। वह वर्तमान सांसद होने के साथ-साथ पहले भी कई बार सांसद रह चुके हैं। प्रत्याशी घोषित होने से पहले ही भाजपा ने चुनाव की तैयारी पूरी करते हुए जगह-जगह बैठकें कर चुनावी माहौल बना लिया है।

वहीं सबसे पहले प्रत्याशी घोषित करने में भी भाजपा ने हाथ मार लिया। भाजपाई मोदी की दम पर चुनाव में दम भर रहे हैं, लेकिन पूर्व में कई बार सांसद रहने के बावजूद जयप्रकाश की जनता से दूरी अभी मतदाताओं को शांत कराए है। जिले में जनता के बीच न तो कोई चुनाव की चर्चा हो रही है और न हार-जीत के बारे में अभी कोई अटकल लगाई जा रही है। इसकी वजह यह है कि इंडिया गठबंधन ने ऊषा वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है। वह भी कई बार लोकसभा सांसद यहां से रह चुकी हैं। जयप्रकाश व ऊषा वर्मा की कार्यप्रणाली लगभग एक सी रही। दोनों सिर्फ चुनाव में नजर आते हैं। ऐसा जनता का कहना है। बहुजन समाज पार्टी ने अभी तक कोई प्रत्याशी घोषित नहीं किया है, जबकि कल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। बसपा के प्रत्याशी की घोषणा न होने से भाजपा व इंडिया गठबंधन के लोग भी चिंतित है। बसपा किसको प्रत्याशी बनाएगी इसको लेकर दोनों दल काफी मंथन कर रहे हैं। जनता भी बसपा प्रत्याशी का इंतजार इसलिए कर रही है कि शायद चुनाव में बसपा उन्हें कोई नया चेहरा दे सके, क्योंकि अब तक घोषित दोनों प्रत्याशियों को वह अब वर्षों से देख रही है, उनकी कार्यप्रणाली से भी जनता बखूबी वाकिब हो चुकी है।



जय प्रकाश रावत



उषा वर्मा

### 1991 से रहे सांसद

1991 में हुए लोकसभा चुनाव में जयप्रकाश रावत भाजपा से लोकसभा का चुनाव जीते थे। वह 1996 तक सांसद रहे। 1998 में ऊषा वर्मा सपा से सांसद चुनी गईं। 1999 में पुन: जयप्रकाश लोकतांत्रिक कांग्रेस से सांसद बने। 2004 से 2009 तक ऊषा वर्मा फिर समाजवादी पार्टी से सांसद बनीं। 2019 में हुए चुनाव में जयप्रकाश फिर भाजपा से चुनाव जीते। वर्तमान में वह हरदोई लोकसभा क्षेत्र के सांसद व भाजपा के प्रत्याशी हैं।

### कांग्रेस ने लगाई थी जीत की हैट्रिक

वर्ष 1957 में हरदोई आरक्षित सीट से जनसंघ के शिवदीन और आरक्षित सीट से कांग्रेस के छेदालाल गुप्ता ने जीत दर्ज कराई। उस दौरान हरदोई संसदीय क्षेत्र से दो सीटें हुआ करती थीं। इसके बाद वर्ष 1962, 1967 व 1971 में कांग्रेस के ही किंदरलाल ने जीत की हैट्रिक लगाई। 1977 में जनता पार्टी से परमाई लाल, 1980 में कांग्रेस के मन्नीलाल एवं 1984 में कांग्रेस के किंदरलाल ने पुन: जीत दर्ज की।

### भाजपा के लिए हैट्रिक का मौका


वर्ष 2014 में भाजपा से अंशुल वर्मा को 3,60,501 वोट मिले और जीते। जबकि बसपा से शिव प्रसाद वर्मा, सपा से ऊषा वर्मा, कांग्रेस से सर्वेश कुमार हारे। इसी तरह 2019 में भाजपा से जय प्रकाश को 5,68,143 वोट मिले और जीते। जबकि सपा से ऊषा वर्मा, कांग्रेस से वीरेंद्र कुमार को हार का सामना करना पड़ा। 2024 का लोकसभा चुनाव भाजपा के लिए हैट्रिक का मौका है।

### 9वीं बार संसदीय चुनाव लड़ेंगे जय प्रकाश

भाजपा प्रत्याशी घोषित किए गए सांसद जय प्रकाश का 9वां चुनाव होगा। आठ बार वह सीधे जनता से और एक बार राज्यसभा के लिए चुनाव लड़ चुके हैं। इनमें से वह पांच बार चुनाव जीत चुके हैं। तीन बार हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 1991 और 1996 में भाजपा के टिकट पर हरदोई से चुनाव लड़कर जीते थे। 1998 में हार गए थे। 1999 में लोकतांत्रिक कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीते थे।वर्ष 2004 में मोहनलालगंज से सपा के टिकट पर लड़कर जीते थे। वर्ष 2009 में बसपा के टिकट पर मोहनलालगंज से लड़कर हार गए थे, लेकिन इसी साल राज्यसभा पहुंचने में कामयाब रह थे। वर्ष 2014 में वह मिश्रिख से सपा के टिकट पर लड़कर हारे थे। वर्ष 2019 में भाजपा के टिकट पर हरदोई से सांसद चुने गए।


# आईना : हरदोई लोकसभा सीट

### 2019 चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| जय प्रकाश रावत | 5,68,143 |
| उषा वर्मा | 4,35,669 |
| वीरेन्द्र कुमार | 19,972 |

### 2014 में किसको कितने वोट





| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | अंशुल वर्मा | 3,60,501 |
| बसपा | शिव प्रसाद | 2,79,158 |
| सपा | उषा वर्मा | 2,76,543 |
| कांग्रेस | सर्वेश कुमार | 23,298 |

| 2019 नोटा | 2014 नोटा |
|---|---|
| 11,024 | 7,660 |

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| सपा | ऊषा वर्मा | 2,94,030 |
| बसपा | राम कुमार कुरील | 2,01,095 |
| बीजेपी | पूर्णिमा वर्मा | 54,115 |




**कुल मतदाता-** 30,12,336
**पुरुष मतदाता-** 15,78,041
**महिला मतदाता-** 14,34,227



### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | बुलाकाई राम वर्मा | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957 | द्रोहर शिवदीन | जनसंघ |
| 1957 | छेदा लाल गुप्ता | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962,67व 71 | किंदर लाल | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | परमाई लाल | जनता पार्टी |
| 1980 | मन्नी लाल | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | दयालु लाल | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | परमाई लाल | जनता पार्टी |
| 1990 | चौधरी चंद राम | जनता दल |
| 1991 व 96 | जय प्रकाश रावत | भारतीय जनता पार्टी |
| 1998 | उषा वर्मा | समाजवादी पार्टी |
| 1999 | जय प्रकाश रावत | लोकतांत्रिक कांग्रेस |
| 2004 व 09 | उषा वर्मा | समाजवादी पार्टी |
| 2014 | अंशुल वर्मा | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | जय प्रकाश रावत | भारतीय जनता पार्टी |

# वर्चस्व बरकरार रखने की चुनौती का सामना कर रहे जयंत

● रालोद प्रमुख और पत्नी चारु चौधरी जुटे एनडीए को जिताने में

पद्माकर पाण्डेय ,लखनऊ

**अमृत विचार:** पहले चरण में पश्चिम उप्र. की तीन लोकसभा सीटों पर मतदान होना है। सियासी चौसर बिछ चुकी हैं। भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए व इंडी गठबंधन में सिमट चुके लोकसभा चुनाव में प्रतिष्ठा बड़े राजनैतिक दलों के साथ ही समर्थक दलों की भी दांव पर लगी है। पिता चौधरी अजित सिंह के निधन के बाद राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के मुखिया जयंत चौधरी के लिए पश्चिम उप्र. की राजनीति में धुरी बने रहने की बड़ी चुनौती है। इसके लिए उन्होंने पश्चिम उप्र. की हर सीट पर पत्नी चारू संग जाकर सभाएं कर रहे हैं।

पश्चिमी उप्र. की राजनीति जाट, मुस्लिम और किसानों के आस-पास ही घुमती है। इन तीनों वर्ग के मतदाता चौधरी चरण सिंह को अपना मसीहा मानते थे। इस क्षेत्र में लोकसभा की 27 सीटें हैं, यही वजह है कि चुनाव के ऐन वक्त पूर्व, केन्द्र सरकार ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न सम्मान देकर, पश्चिम उप्र. के मतदाताओं के दिलों में न केवल पहुंचने का मार्ग प्रशस्त किया बल्कि जयंत चौधरी के भाजपा गठबंधन में आने का बड़ा मौका दे दिया।

हुआ भी वही, इंडिया गठबंधन का हिस्सा बन चुके जयंत चौधरी ने पीएम मोदी को बड़े दिल वाला बताते हुए, एनडीए गठबंधन का हिस्सा बन गये, इतना ही नहीं इसके लिए उन्होंने सीटों से समझौता भी किया, इंडिया गठबंधन में मिली छह सीटें को बलिदान कर यहां मात्र दो सीटों पर ही संतोष किया है।



### ऐसा था परिणाम

राजनीतिक खिलाड़ियों की माने तो समझौता सीट का नहीं है, बल्कि पश्चिम उप्र. में वर्चस्व बरकरार रखने की है। इसके अलावा रालोद को भी मजबूती से खड़ा करना है। इसके लिए उन्हें एनडीए से मिली दोनो सीटें बिजनौर और बागपत सीट पर अपने प्रत्याशियों को जिताने के अलावा पश्चिम उप्र. में एनडीए के सभी प्रत्याशियों को जीत दिलाने की है ।इसके लिए जयंत चौधरी कोई कसर नहीं छोड़ रहें हैं, भाजपा के प्रस्तावित चुनावी प्रचार में मंच साझा करने वाले रालोद प्रमुख खुद के साथ पत्नी चारू चौधरी को भी प्रचार की जिम्मेदारी दिये हैं, पहली बार चौधरी परिवार की किसी महिला द्वारा, क्षेत्र में महिला मतदाताओं के बीच पहुंच कर, राजनैतिक पैठ बनाने की कोशिशे की जारी हैं।

# राजनीति से दूर हुए राजघराने, दरबारों में सन्नाटा

## कभी सांसद, विधायक बनने की रखते थे चाहत, अब टिकट से वंचित

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** सांसद या विधायक बनकर अपनी शान-ओ-शौकत और रूतबे को बदलते वक्त के साथ बनाये रखने की चाहत रखने वाले राजघरानों के लोग अब कहां है? दरअसल, प्रदेश से वास्ता रखने वाले राजघरानों के न तो राजा और न ही युवराज राजनीति में अब सक्रिय दिख रहे। उनके दरबारों में भी इस बार सन्नाटा पसरा है। या तो पार्टियों ने उन्हें टिकट देना बंद कर दिया या फिर उनकी स्वयं राजनीति में दिलचस्पी खत्म हो गई? एक जमाने में राजा-महराजों का राजनीति में पूरा दखल रहता था। लेकिन 2024 के चुनाव में उनका दखल खत्म होते दिख रहा है। राज्य के बड़े-बड़े राजा इस बार चुनाव से बाहर हैं। हालांकि एक वक्त था जबकि राजघरानों के पुरुष ही नहीं महिलाओं के लिए भी राजनीति का मंच बड़ा मुफीद था।



### राजकुमारी रत्ना सिंह



प्रतापगढ़ में कालाकांकर रियासत की वंशज राजकुमारी रत्ना सिंह 11वीं, 13वीं और 15वीं लोकसभा का चुनाव लड़ लोकसभा पहुंची थी। नेशनल इलेक्शन वाच नामक एनजीओ ने एक समय उन्हें सबसे धनी सांसद माना था। 2014 में वह कुंवर हरिवंश सिंह से चुनाव हार गई थी। इसके बाद कुछेक बार वह राजनीति में सक्रिय दिखी। भाजपा द्वारा प्रतापगढ़ सीट से टिकट फाइनल करने के बाद वह भी राजनीति में निष्क्रिय हो गईं।

### राजा अरिदमन सिंह



आगरा के भदावर राजघराने के राजा अरिदमन सिंह बाह विधानसभा से छह बार विधायक और राज्यमंत्री रह चुके हैं। 2009 में लोकसभा का चुनाव भाजपा उम्मीदवार के रूप में लड़ा, लेकिन हार गए। 2012 से 2017 के बीच वह सपा के भी सदस्य रहे हैं। बाद में वह अपनी पत्नी रानी पक्षालिका सिंह के साथ भाजपा में शामिल हो गए। फिलहाल इस बार उन्हें टिकट नहीं मिला है।

### कुंवर आरपीएन सिंह



कुंवर रतनजीत प्रताप नारायण सिंह (आरपीएन सिंह) कुशीनगर के सैंथवार शाही परिवार से ताल्लुक रखते हैं। वह गृह मंत्रालय में पूर्व राज्यमंत्री रहे हैं। 15वीं लोकसभा में कुशीनगर निर्वाचन क्षेत्र से चुने गए थे। 2014 में उनको भाजपा के राजेश पांडेय से चुनावी मात मिली। 2019 में भी वह हार गए। 2020 में आरपीएन सिंह को एआईसीसी ने झारखंड और छत्तीसगढ़ का प्रभारी बनाया था। 2022 में उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया।

### कुंवर अक्षय प्रताप सिंह



जामोन स्टेट के उत्तराधिकारी कुंवर अक्षय प्रताप सिंह 2004 में सपा से जीते थे। 2009 में राजकुमार रत्ना सिंह से हार गए। पांचवी बार प्रतापगढ़ से एमएलसी बने। अक्षय प्रताप सिंह कई आपराधिक मामलों में जांच का सामना कर रहे हैं। एक जांच सीबीआई कर रही है। फिलहाल लोकसभा-2024 के चुनाव में वह निष्क्रिय दिख रहे हैं।

### राजा अजेय प्रताप सिंह



देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं मांडा स्टेट के राजा वीपी सिंह के पुत्र अजेय प्रताप सिंह जनमोर्चा पार्टी के अध्यक्ष रहे हैं। बाद में पार्टी का कांग्रेस में बिलय हो गया था। 1956 में जन्मे अजेय प्रताप बतौर पार्टी अध्यक्ष कुछ दिनों तक तो राजनीति में सक्रिय रहे, लेकिन 2012 के बाद वह पूर्ण रूप से निष्क्रिय रहे। राजनीतिक गलियारों में अब अजेय प्रताप की चर्चा भी नहीं होती है।

### राजा संजय सिंह



अमेठी स्टेट के राजा संजय सिंह 1980 के दशक में उप्र. में दो बार एमएलए चुने गए और राज्यमंत्री भी रहे। 1990 में कांग्रेस से राज्यसभा पहुंचे। 1998 में लोकसभा का चुनाव लड़कर लोकसभा पहुंचे। 15वीं लोकसभा में भी सदस्य बनकर पहुंचे। राज्यसभा में असम का प्रतिनिधित्व किया। 2019 में उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा दिया और भाजपा में शामिल हो गए। लोग कयास लगा रहे थे कि इस बार सुल्तानपुर सीट से उन्हें टिकट मिल सकता है। लेकिन मेनका गांधी को टिकट मिलने के बाद संजय सिंह लगभग निष्क्रिय दिख रहे हैं।

### बेगम नूर बानो



रामपुर के लोहारू रियासत में अमीन-उद-दीन अहमद खान और शौकत जहां बेगम के घर में जन्मी बेगम नूर बानो 11वीं और 13वीं लोकसभा में सदस्य रही हैं। 10 वर्ष तक राजनीतिक विश्राम के बाद उन्होंने 2023 में फिर से राजनीति में सक्रियता दिखाई और रामपुर की जनता समेत इंडी गठबंधन को भी हैरत में डाल दिया था। हालांकि 2024 में उन्हें टिकट न मिलने से मायूसी हाथ लगी।

### कुंवर भारतेंद्र सिंह



बिजनौर के राजपरिवार के संबंध रखने वाले कुंवर भारतेंद्र सिंह 2014 में 16वीं लोकसभा के लिए चुने गए। इससे पहले 2002 और 2012 में वह विधायक चुने गए थे। 2012 से 2014 तक भारतेंद्र सिंह भाजपा से विधानसभा में सचेतक के तौर पर भी कार्यरत रहे हैं। जाट समुदाय से संबंध रखने वाले कुंवर भारतेंद्र को 2015 में अवैध खनन से जुड़े एक मामले में काफी विवादों के सामने करना पड़ा। 2019 में वह बिजनौर लोकसभा का चुनाव हार गए। इसके बाद वह सक्रिय राजनीति से गायब हैं।

## चुनाव प्रचार की व्यस्तता के बीच योगी ने की गोसेवा

**अमृत विचार,लखनऊः** लोकसभा चुनाव को लेकर युद्धस्तर पर चुनाव प्रचार में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गोरखपुर पहुंच कर गोरखनाथ मंदिर की गोशाला में गोसेवा की। उन्होंने गोशाला का भ्रमण कर उन्होंने गोवंश का हाल जाना और उन्हें अपने हाथों से रोटी-गुड़ खिलाया।

सोमवार को बिहार में चुनाव प्रचार करने के बाद मुख्यमंत्री गोरखपुर पहुंचे थे। मंगलवार पूर्वाह्न पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रचार में जाने से पूर्व उन्होंने प्रातःकाल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। इसके बाद योगी मंदिर की योगी गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में उन्होंने चारों तरफ भ्रमण करते हुए श्यामा, गौरी, गंगा, भोला आदि नामों से गोवंश को पुकारा। बाद में उन्हें योगी ने अपने हाथों से उन्हें रोटी और गुड़ खिलाया।



# गुजरात में क्लीन स्वीप की हैट्रिक लगा सकती है भाजपा

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के गृह राज्य गुजरात में पिछले दो लोकसभा चुनावों से भाजपा क्लीन स्वीप कर रही है। अबकी बार 400 पार का नारा लेकर चल रही भाजपा राज्य में लगातार तीसरी बार सभी 26 लोकसभा सीटें जीतकर क्लीन स्वीप जीत की हैट्रिक लगाने की राह तैयारी में जुटी है। गुजरात में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान एक ही चरण में सात मई को होगा। कांग्रेस ने भाजपा का विजय रथ रोकने के लिए इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी से गठबंधन किया है। राज्य में कांग्रेस 24 और आप दो सीटों भरूच और भावनगर में चुनाव लड़ रही है।

गुजरात में पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा ने सभी 26 सीटें जीती थीं। कांग्रेस के खाते में कोई भी सीट नहीं आई थी। भाजपा जहां फिर से सभी सीटें हथियाने के लिए जोरदार प्रचार अभियान चला रही है, वहीं राज्य में अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही कांग्रेस इस बार आम आदमी पार्टी के साथ मिलकर भाजपा की क्लीन स्वीप जीत की हैट्रिक रोकने के लिए दमखम लगा रही है। 2022 में गुजरात विधानसभा के चुनावों में भाजपा ने सबसे बड़ी जीत हासिसल की थी और 2017 के विधान सभा चुनाव में सत्ता के करीब पहुंची कांग्रेस को केवल 17 सीटों पर समेट दिया था। इसके बाद से 2024 के चुनावों में क्या कांग्रेस वापसी कर पाएगी ? इसे लेकर लगातार अटकलें लग रही हैं।

### कांग्रेस को 40 फीसदी से अधिक वोट मिलने पर ही कुछ सीटें मिल सकतीं हैं

- हालांकि यह भी तथ्य है कि राज्य में जब भी कांग्रेस का वोट शेयर 40 फीसदी से ऊपर गया है, उसके हाथ कुछ सीटें जरूर लगी हैं। 2009, 2004 और 1999 के चुनावी आंकड़े इस बात की गवाही देते हैं। 2009 में कांग्रेस को 11 सीटें मिली थीं और उसे 43 .38 फीसदी वोट हासिल हुए थे जबकि भाजपा को कांग्रेस से करीब तीन फीसदी ज्यादा वोट मिले थे और पार्टी को 15 सीटें मिली थीं। 2004 में भी कमोबेश यही स्थिति थी, भाजपा को तब 45 .02 फीसदी वोट के साथ 14 सीटें मिली थीं और कांग्रेस के हाथ में 43 .86 फीसदी वोट के साथ 12 सीटें आई थीं।



**पिछले चुनाव में कांग्रेस पर थी 30 फीसदी वोटों की बढ़त**

गुजरात
राज्य में भाजपा का जन समर्थन लगातार बढ़ रहा है, और कांग्रेस का जनाधार घट रहा है। भाजपा ने 2014 के लोकसभा चुनाव में 59 .05 फीसदी वोट प्राप्त किए थे, वहीं 2019 में यह आंकड़ा बढ़कर 62 .21 फीसदी पर पहुंच गया। इसके मुकाबले कांग्रेस क्रमश : 32 .86 और 32 .11 फीसदी ही वोट प्राप्त कर सकी थी। 2014 में भाजपा जहां कांग्रेस से वोट शेयर में करीब 27 फीसदी आगे थी, वहीं 2019 में उसकी बढ़त 30 फीसदी से ज्यादा थी।

**32.86** प्रतिशत कांग्रेस को 2014 के चुनाव में मिले थे मत

**32.11** प्रतिशत कांग्रेस को 2019 के चुनाव में मिले थे मत

**59.05** भाजपा का 2014 लोकसभा चुनाव में था मत प्रतिशत

**62.21** प्रतिशत भाजपा को 2019 के लोकसभा चुनाव में मिले मत

**1.17** फीसदी 2014 लोस चुनाव में आप के थे मत

**13.0** आप को 2022 के विस. चुनाव में मिले थे मत

### आप पर विस चुनाव जैसे प्रदर्शन, कांग्रेस पर वोट शेयर बढ़ाने का दबाव

- कांग्रेस और आप नेताओं का कहना है कि विधानसभा चुनावों के आंकड़े अब इतिहास हैं। उनका तर्क है कि मतदाताओं की भावनाओं में बदलाव और एक नए गठबंधन के गठन के साथ दोनों दल लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ अपने एकीकृत मोर्चे के लिए अधिक संख्या में समर्थक जुटाने में सक्षम होंगे। अब यह तो समय ही बताएगा कि दोनों के गठबंधन को एक साथ कितना वोट शेयर मिलता है। लेकिन इतना तय है कि भाजपा को क्लीन स्वीप से रोकने के लिए लोकसभा चुनाव में जहां आम आदमी पार्टी को विधानसभा चुनाव जैसा प्रदर्शन करना होगा, वहीं कांग्रेस को भी सीटें हासिल करने के लिए अपना वोट प्रतिशत 40 के आसपास पहुंचाने के लिए जोर लगाना पड़ेगा, जो मौजूदा परिस्थितियों में आसान नहीं नजर आ रहा है। इसकी वजह यह है कि गुजरात में कांग्रेस अपने सबसे खराब दौर से गुजर रही है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन मोढ़वाडिया, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष अंबरीश डेर ने लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले पार्टी का साथ छोड़ दिया था, तो उससे पहले चार विधायक भी कांग्रेस से नाता तोड़ चुके थे। हाल ही में पार्टी प्रवक्ता रोहन गुप्ता ने भी कांग्रेस को अलविदा कह दिया है। इसके अलावा जिला और पंचायत स्तर पर भी सैकड़ों पदाधिकारी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं।

**■ 2014 और 2019 में भाजपा ने राज्य की सभी 26 लोकसभा सीटों पर हासिल की थी जीत**

**■ कांग्रेस ने किया है आम आदमी पार्टी से गठबंधन लेकिन वोट शेयर में दोनों दल काफी पीछे**

### विस चुनाव में कांग्रेस व आप को 40% तो भाजपा को 52% मत

- भाजपा अपने मजबूत गढ़ गुजरात में जमीनी स्तर पर लगातार अपनी पैठ मजबूत करने पर काम कर रही है। इसके लिए वह चुनाव का इंतजार नहीं करती। भाजपा संगठन हमेशा सक्रिय रहता है। वहीं कांग्रेस का जनाधार लगातार खिसकता जा रहा है। इसी के चलते वह चुनावी चुनौती में भाजपा का मुकाबला नहीं कर पा रही है। जमीनी हालत से वाकिफ कांग्रेस ने इस बार रणनीति बदली है। आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन कर उसे दो सीटें दी हैं। हालांकि 2014 के लोकसभा चुनाव में जब आप अकेले मैदान में उतरी थी तो उसे 1.17 फीसदी वोट ही मिले ही थे, लेकिन 2022 के विधानसभा चुनाव में आप को करीब 13 फीसदी वोट मिले थे। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 52 .50 प्रतिशत वोट मिले थे। इसके मुकाबले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और आप की साझा मतदाता हिस्सेदारी 40 .2 प्रतिशत थी।

# मन में राम...तन में राम

## जात-पात का इम्तिहान ले रहा चुनावी अध्यात्म



**फैजाबाद (अयोध्या) लोकसभा सीट**
**7.20** लाख ओबीसी मतदाता | **4.70** लाख दलित मतदाता
मतदाता होंगे भाजपा को दिव्य और भव्य जीत दिलाने में निर्णायक

ऐसा माना जा रहा था कि भव्य, दिव्य और नव्य अयोध्या यानी फैजाबाद लोकसभा सीट से भाजपा इस बार अपने किसी दिग्गज को चुनाव के मैदान में उतार कर राम मंदिर के संदेश को रामराज्य का ऐसा जयघोष बनाएगी जिससे सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की वह भावना बलवती होगी, जिसमें धार्मिक तथा जातीय आधार की कोई जगह नहीं होगी। लेकिन पार्टी ने इस तरह का कोई भी जोखिम उठाने के बजाए अपने मौजूदा सांसद लल्लू सिंह पर ही भरोसा जताना ठीक समझा। हालांकि भाजपा की संभावित रणनीति से निपटने के लिए समाजवादी पार्टी ने काफी पहले अपने बड़े दलित नेता अवधेश प्रसाद को फैजाबाद सीट से प्रत्याशी घोषित कर प्रचार भी शुरू करा दिया था। जिले की सोहावल और मिल्कीपुर विधानसभा से नौ बार चुनाव जीतने वाले अवधेश प्रसाद सपा से उसकी स्थापना के समय से जुड़े हैं। फैजाबाद और आसपास के क्षेत्र में उनकी अच्छी पकड़ है। वह मुलायम सिंह यादव के करीबी गिने जाते थे। भाजपा और सपा प्रत्याशियों के मुकाबले बसपा सुप्रीमो मायवती ने ब्राह्मण कार्ड खेलते हुए अंबेडकरनगर के भाजपा जिलाध्यक्ष रहे सच्चिदानंद पांडेय 'सचिन' को मैदान में उतारकर चुनावी लड़ाई रोचक बनाने का प्रयास किया है।



**■ लल्लू सिंह को जीत की हैट्रिक का पूरा भरोसा, सपा विधायक अवधेश प्रसाद व बसपा के सच्चिदानंद पांडेय बने रोड़ा**


विवेक सक्सेना, अयोध्या

**अमृत विचार :** अयोध्या (फैजाबाद) लोकसभा सीट ने राम मंदिर बनने से पहले सियासत और आस्था के तमाम उतार-चढ़ाव देखे हैं। सरकारें बनती-बिगड़ती रहीं लेकिन अयोध्या नहीं बदली। हालांकि अब भव्य राम मंदिर के निर्माण और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या जगमग हो उठी है। चारों ओर माहौल राममय है। हर रोज एक लाख दर्शनार्थियों का आगमन, नया रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट, चौड़ी और चमचमाती सड़कें। सरयू के सजे-संवरे घाट, होटलों की श्रृंखला, टाउनशिप का काम, पर्यटकों की सुविधा के हर इंतजाम, अयोध्या के विकास की नई कहानी सुना रहे हैं। लेकिन चुनाव हैं तो हर बात कसौटी पर कसी जाएगी। जाति-बिरादरी की भी बात आएगी। यही वजह है कि चौराहों और चौपालों पर होने वाली चुनावी चर्चा में राम मंदिर और विकास के साथ जाति, वर्ग और क्षेत्र सब कुछ मथा जा रहा है।


फैजाबाद सीट पर 1957 के चुनाव में स्वतंत्रता सेनानी कांग्रेस के राजाराम मिश्र जीते थे। इसके बाद चार चुनावों में कांग्रेस का ही कब्जा रहा। 1967 और 1971 में स्वतंत्रता सेनानी राम कृष्ण सिंहा कांग्रेस से दो बार चुनाव जीते। इमरजेंसी के बाद पहली बार यहां हवा का रुख बदला। जनता पार्टी के अनंतराम जायसवाल सांसद चुने गए। लेकिन 1980 में फिर कांग्रेस ने वापसी की। जय राम वर्मा सांसद चुने गए। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए 1984 के चुनाव में कांग्रेस से निर्मल खत्री जीते। इसके बाद फिर समीकरण बदले और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के मित्रसेन यादव सांसद चुने गए।

### विधान सभा चुनाव में चार सीटों पर खिला कमल एक पर दौड़ी थी साइकिल

- फैजाबाद लोकसभा सीट के तहत पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इसमें दरियाबाद, रुदौली, मिल्कीपुर, बीकापुर और अयोध्या शामिल हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने चार सीटें जीती थीं। दरियाबाद से सतीश शर्मा, रुदौली से रामचंद्र यादव, बीकापुर से अमित सिंह चौहान और अयोध्या से वेद प्रकाश गुप्ता ने कमल खिलाया था, जबकि मिल्कीपुर सुरक्षित सीट से सपा के अवधेश प्रसाद विजयी हुए थे।




### 2014 का जनादेश





| | | | |
|---|---|---|---|
| भाजपा | लल्लू सिंह | 4,91,761 | 48 प्रतिशत |
| सपा | मित्रसेन यादव | 2,08,986 | 21 प्रतिशत |
| बसपा | जितेंद्र कुमार | 1,41,827 | 14 प्रतिशत |
| कांग्रेस | निर्मल खत्री | 1,29,917 | 13 प्रतिशत |

### राम मय माहौल में भी जाति-बिरादरी का गुणा-गणित

- भाजपा की मानबिंदु फैजाबाद (अयोध्या) लोकसभा सीट पर राम मंदिर की स्थापना के बाद बने माहौल में पार्टी और प्रत्याशी लल्लू सिंह को जीत की हैट्रिक का पूरा भरोसा है। इससे पहले यहां से 1991 और 1996 में लगातार दो बार भाजपा से विनय कटियार जीते थे। अब लल्लू सिंह भी पिछले दो चुनाव जीत चुके हैं। उधर, सपा को उम्मीद है कि दलित प्रत्याशी अवधेश प्रसाद पिछड़े और मुस्लिम वोट बैंक में दलितों को जोड़कर भाजपा का खेल खराब कर देंगे। जबकि बसपा ने भाजपा से आए सच्चिदानंद पांडे को इस प्रत्याशा में उतारा है कि वह ब्राह्मण-दलित वोट बैंक को एकजुट करके पार्टी की जीत का रास्ता बनाने का प्रयास करेंगे।

### 2019 का जनादेश




| | | |
|---|---|---|
| भाजपा | लल्लू सिंह | 5,29,021 |
| सपा | आनंद सेन | 4,63,544 |
| कांग्रेस | निर्मल खत्री | 53,383 |

### राम मंदिर आंदोलन में खुला भाजपा का खाता

- 1991 में राम मंदिर लहर में भाजपा ने यहां पहली जीत दर्ज की। फायर ब्रांड नेता विनय कटियार सांसद बने। 1996 के चुनाव में भी उन्होंने जीत दर्ज की। लेकिन 1998 में चुनाव सपा के टिकट से मित्रसेन यादव ने जीता। लेकिन 1999 में हुए चुनाव में फिर से विनय कटियार ने जीत हासिल की। मित्रसेन यादव 2004 में बसपा के टिकट पर चुनाव जीतकर सांसद बने, तो 2009 में कांग्रेस से निर्मल खत्री दोबारा जीते। इसके बाद 2014 की मोदी लहर में जीते भाजपा के लल्लू सिंह 2019 में भी यहां से सांसद बने।

### सपा के पीडीए और बसपा के रणनीतिक कौशल की परीक्षा

- मंदिर और विकास के साथ यहां जीत के लिए जातीय समीकरण भी अहम हैं। हिंदू मतदाताओं में सबसे ज्यादा 7 .20 लाख ओबीसी हैं। इनमें सबसे बड़ी संख्या यादवों की है। इसके बाद कुर्मी, पाल आदि अन्य जातियां हैं। दलित मतदाताओं की संख्या 4 .70 लाख है, तो सामान्य वर्ग के मतदाता 5 .65 लाख गिने जाते हैं। ओबीसी वोटरों की संख्या सर्वाधिक और उनके बाद दलित मतदाता होने से माना जा रहा है कि यहांसपा के पीडीए और बसपा के ब्राह्मण प्रत्याशी उतारने के रणनीतिक कौशल की परीक्षा होगी।

# विरासत की जमीन पर हैट्रिक में शह-मात की सियासत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- तीसरी बार एटा लोकसभा क्षेत्र से सांसद बनने के लिए ताल ठोंक रहे राजवीर सिंह
- भाजपा प्रत्याशी को चुनौती देने के लिए सपा और बसपा ने बिछाई बिसात

**अमृत विचार :** विपक्ष कहता है विरासत से तय नहीं होते सियासत के फैसले तो पक्ष कह रहा है कि सियासी जमीन तो हमने भी तैयार की है। कोई अपनी तैयार सियासी जमीन पर चुनाव जीतने का दावा कर रहा है तो पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की कर्मभूमि पर उनके पुत्र राजवीर विरासत की तैयार पिच पर सियासत की हैट्रिक मारने को आतुर दिख रहे हैं। यह हैट्रिक चुनौती पूर्ण होगी या आसान यह तो चुनाव परिणाम ही बताएगा, फिलहाल गली, गलियारों में विरासत की सियासत की चर्चा तेज है।

प्रदेश ही नहीं बल्कि देश भर में हिंदू हृदय सम्राट की पहचान रखने वाले पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजस्थान के पूर्व राज्यपाल स्व. कल्याण सिंह के नाम से आज भी मतदाता प्रभावित हैं। कल्याण सिंह के पुत्र राजवीर सिंह एटा लोकसभा क्षेत्र से सांसद हैं। पिछले एक दशक से वे अपने पिता की कर्मभूमि में सांसद की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। एटा लोकसभा सीट पर मतदाताओं ने सांसद तो कई बदले, पुराने सांसदों को भी बार-बार मौका दिया, लेकिन एक दशक पहले ऐसा मौका आया जब यहां की सियासत विरासत में तब्दील हो गई। पूर्व सीएम कल्याण सिंह के पुत्र 2014 के बाद 2019 में भी चुनाव जीत गए और इस बार हैट्रिक लगाने को तैयार हैं। इस सीट के मतदाताओं ने 17 चुनाव में कुल 8 सांसद चुने हैं। इनमें सबसे पहले सांसद बने रोहनलाल चतुर्वेदी को चार बार, महादीपक सिंह शाक्य को पांच बार मौका दिया। महादीपक सिंह शाक्य एक बार कासगंज लोकसभा सीट पर भी चुनाव जीते। लेकिन 2009 तक हुए चुनाव में एक भी सांसद ऐसा नहीं हुआ, जिसे यह पद विरासत के तौर पर मिला हो। सभी ने अपनी सियासी जमीन बनाने में कड़ी मेहनत की। 1989 में कांग्रेस से सलीम इकबाल शेरवानी चुनाव लड़े थे, जो भाजपा के महादीपक सिंह शाक्य से हार गए। 2009 में यहां निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने चुनाव लड़ा। जिन्हें सपा ने समर्थन दिया था। वह आसानी से चुनाव जीत गए।

उनके कार्यकाल के बाद यहां की विरासत संभालने का मौका उनके पुत्र राजवीर सिंह को मिला। भाजपा ने उन्हें टिकट दिया और वह सपा प्रत्याशी से बड़े अंतर से जीते। यह विरासत 2019 में भी कायम रही दोबारा उन्होंने सपा के देवेंद्र सिंह को हराया। 2024 में भी भाजपा ने राजवीर पर ही भरोसा जताया है और वह एटा सीट पर महादीपक सिंह शाक्य के बाद दूसरी हैट्रिक लगाने के लिए बेताब हैं। सपा ने यहां प्रत्याशी बदलकर भाजपा का विजय रथ रोकने के लिए मैनपुरी के देवेश शाक्य पर दांव लगाया है। उधर, बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी मो. इरफान मैदान में उतारकर मुस्लिम कार्ड खेला है तो सपा पहले ही मुस्लिम को अपना वोट बैंक मानती है। इस बार शाक्य प्रत्याशी उतारकर उसने नया गणित तैयार किया है। सभी के अपने आंकड़े हैं। ऐसे में गुणा, गणित का दौर तेज हो गया है।


राजवीर सिंह


देवेश शाक्य


मो. इरफान

## नृत्य कर लुभाया...



लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को पूर्ण बहुमत दिलाने की कोशिश में लगातार प्रचार कर रहीं कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने असम के जोरहाट में रैली की। इस दौरान उन्होंने एक कार्यक्रम में महिला मतदाताओं के साथ नृत्य कर उन्हें पार्टी से जोड़ने की भरपूर कोशिश की। प्रियंका के साथ कार्यकर्ता भी उत्साहित नजर आए।





## लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूँ (आरआर 21) 2360-2800 गेहूँ (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 चावल प्रति **कुन्तल** : चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 **दाल दलहन** : चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-6200 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूँग खड़ा 10000-10500 मूँग दाल 10500-11000 मूँग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 **मलका** : 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूँगफली का दाना 11000-12000 **तेल तिलहन** : अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूँगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 **वनस्पति** : बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 **आटा मैदा** : मैदा 3000-3100 आटा 2700-2900 रवा 3000-3050 **किराना** : नारियल 120-140 हल्दी 175-225 लाल मिर्च 225-250 काली मिर्च 660-880 धनिया 100-120 सुपाड़ी 525-550 जीरा 650-660 खटाई 120-140 सौफ 180-300 सोंठ 350-380 अजवाइन 180-225 मेंथी 70-90। **मेवा** : चिरौंजी 2100-2300 छुआरा 150-250 ।

## मेंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1110 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1110 बोल्ड 1155 डीएमओ 885 ।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चाँदी 999 (प्रति किलो) | 85500 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 75100 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56000-56200 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 75,500 |
| सोना रवा | 75,350 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 83,100 |
| चांदी (999) | 83,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 75000 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 74000 |
| सिल्वर (पक्की) | 830 (अनुमानित) |

## लगातार तीसरे दिन भी शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 456 अंक और लुढ़का

### पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव से प्रभावित हो रहा बाजार, निफ्टी में 0.56 प्रतिशत की गिरावट

**मुंबई, एजेंसी**

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 456 अंक और लुढ़क गया। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका के बीच मुख्य रूप से सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में भारी बिकवाली से बाजार नीचे आया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 456.10 अंक यानी 0.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,943.68 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 714.75 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 124.60 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,147.90 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में इन्फोसिस, इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, विप्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में टाइटन, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, मारुति, आईटीसी, पावरग्रिड और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि वैश्विक राजनीतिक तनाव की आशंका और हाल-फिलहाल नीतिगत दर में कटौती की संभावना कम होने के बीच घरेलू बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही। अनुमान से अधिक मजबूत अमेरिकी खुदरा बिक्री के आंकड़ों के बाद चिंता बढ़ी है। इससे यह धारणा बढ़ गई कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर कटौती में देरी कर सकता है। इससे डॉलर सूचकांक और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आईटी क्षेत्र में गिरावट दर्ज की गयी। मुख्य रूप अमेरिका में सोच-विचारकर किए जाने वाले खर्च में कमी की आशंका से कंपनियों की कमाई प्रभावित होने के अनुमान से आईटी कंपनियों में गिरावट आई। इसके अलावा, घरेलू कंपनियों के चौथी तिमाही के हल्के वित्तीय परिणाम का भी बाजार पर असर है। अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाले बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.57 प्रतिशत चढ़ा, जबकि मिडकैप 0.05 प्रतिशत मजबूत हुआ।

## औद्योगिक इस्तेमाल वाले ड्रोन के लिए विचार कर रही सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नागर विमानन सचिव वुमलुनमंग वुअलनाम ने मंगलवार को कहा कि सरकार नागरिक तथा औद्योगिक उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले ड्रोन के वास्ते एक अलग नियामक ढांचा बनाने पर विचार करेगी। उन्होंने ड्रोन परिवेश तंत्र के स्वदेशी विकास की वकालत की और इस बात पर भी जोर दिया कि सरकार ड्रोन को बढ़ावा देने के साथ-साथ उन्नत वायु परिवहन को आगे बढ़ाने के प्रयास करेगी।

राष्ट्रीय राजधानी में ड्रोन पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में उन्होंने कहा कि ड्रोन के नियमों के संदर्भ में बहुत कुछ किया गया है और अभी बहुत कुछ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंत्रालय नागरिक तथा औद्योगिक ड्रोन के लिए एक अलग नियामक ढांचा बनाने पर विचार कर रहा है। ड्रोन और ड्रोन घटकों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना सितंबर 2021 में अधिसूचित की गई थी। ड्रोन और ड्रोन घटकों के भारतीय विनिर्माताओं के लिए मूल्य संवर्धन तथा कुछ अन्य शर्तों के आधार पर 120 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन प्रदान दिया जा रहा है। भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा आयोजित सम्मेलन में वुमलुनमंग वुअलनाम ने कहा कि योजना सफल रही है। उन्होंने ड्रोन परिवेश तंत्र के स्वदेशी विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रोत्साहनों पर निर्भरता नहीं होनी चाहिए और ड्रोन उद्योग को अपने दम पर टिकना चाहिए। नमो ड्रोन दीदी योजना के बारे में उन्होंने कहा कि ड्रोन के लिए विशेष विवरण जल्द जारी किए जाएंगे।

## अच्छे और विविध निवेश अवसर पेश कर सकता है भारत

**न्यूयॉर्क।** कोटक अल्टरनेट एसेट मैनेजर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्रीनिवासन ने कहा कि भारत निवेशकों के लिए सबसे अच्छे तथा सबसे विविध निवेश अवसरों में से एक पेश कर सकता है। श्रीनिवासन ने देशभर में अग्रणी डिजिटल बुनियादी ढांचे का हवाला देते हुए कहा कि भारत ने पिछले 10 वर्षों में सभी सही चीजें की हैं। श्रीनिवासन ने बताया कि वस्तु एवं सेवा कर के कार्यान्वयन, दिवाला विनियमन, व्यापार करने में आसानी सुनिश्चित करने के उपायों, कॉर्पोरेट करों में कमी के साथ-साथ बुनियादी ढांचे में निवेश का हवाला दिया।

## डेयरी ऋण योजना को लेकर भ्रामक जानकारी से रहें सतर्क


**नई दिल्ली, एजेंसी**



राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने नाबार्ड डेयरी ऋण योजना के बारे में वर्तमान में फैलाई जा रही गलत सूचना से लोगों को सतर्क रहने की अपील की है। इस संबंध में नाबार्ड ने स्पष्टीकरण जारी करते हुये उन झूठे दावों का खंडन किया है जिनमें कहा गया है कि नाबार्ड डेयरी उद्यमिता विकास योजना के तहत किसानों को डेयरी व्यवसायों के लिए सीधे ऋण प्रदान करता है।

नाबार्ड ने स्पष्ट किया है कि उक्त दावों में दी गई जानकारी पूरी तरह से गलत है। नाबार्ड ग्रामीण विकास से जुड़ी विभिन्न वित्तीय संस्थाओं और सहकारी संस्थाओं को वित्तीय सहायता और सहयोग प्रदान करने के लिए काम करता है।

नाबार्ड कभी भी अलग-अलग किसानों को सीधे ऋण वितरित नहीं करता है। सभी हितधारकों, विशेषकर किसानों और ग्रामीण उद्यमियों को ऐसी गलत सूचनाओं के संबंध में सावधानी बरतने और उनमें विश्वास करने तथा उनका प्रचार-प्रसार करने से बचने के लिए आग्रह किया गया है।




## पीएचएफ लीजिंग ने जुटाए एक करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली।** जमा स्वीकार करने वाली एनबीएफसी पीएचएफ लीजिंग लिमिटेड (पीएचएफ) ने इक्विटी और ऋण मिलाकर एक करोड़ डॉलर की पूंजी जुटाई है।

कंपनी ने आज यहां कहा कि इसमें लगभग 60 प्रतिशत इक्विटी और 40 प्रतिशत ऋण शामिल है। इस पैसे का उपयोग कंपनी की वृद्धि को वित्तपोषित करने के लिए किया जाएगा। पीएचएफ लीजिंग जमा स्वीकार करने वाली एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है जो 1998 से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पंजीकृत है। कंपनी अचल संपत्ति के लिए बंधक ऋण (एलएपी) प्रदान करती है और ई-वाहनों का वित्तपोषण करती है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### सिरसा में 17 से 19 तक बंद रहेंगे शराब के ठेके

**सिरसा।** हरियाणा के उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त आलोक पासी ने बताया कि राजस्थान में 19 मई को विभिन्न हिस्सों में मतदान होगा, जिसमें हनुमानगढ़ जिला भी शमिल हैं। चुनाव आयोग की हिदायतनुसार मतदान वाले क्षेत्र के साथ लगती राज्य की सीमा के तीन किलोमीटर दायरे में मतदान प्रक्रिया समाप्ति के समय से 48 घंटे पहले शराब ठेके, बार, आहते व शराब संबंधी कारोबार बंद किया जाना आवश्यक है। हनुमानगढ़ जिला की सीमा सिरसा के साथ लगती है। इसलिए हनुमानगढ़ जिला की सीमा के साथ लगते सिरसा के तीन किलोमीटर क्षेत्र में पडने वाले सभी शराब ठेके, बार, आहते 17 अप्रैल को शाम से लेकर 19 अप्रैल को मतदान समाप्ति तक बंद रहेंगे। इस दौरान शराब संबंधी कारोबार पर भी पूर्ण पाबंदी रहेगी। उन्होंने बताया कि आबकारी विभाग की टीमें चुनाव आयोग की हिदायतों की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए संबंधित क्षेत्र में लगातार निगरानी करेंगी। कहीं पर भी उल्लंघना पाई जाती है, तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### सबसे तेज वृद्धि वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा भारत : सीतारमण

**जयपुर।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि बीते तीन वित्त वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था ने दुनिया में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की है और आगामी वर्षों में यह रुख जारी रह सकता है। उन्होंने साथ ही कहा कि आने वाले 25 साल भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं। वह यहां जयपुर के एक दिवसीय दौरे पर आईं थीं। सीतारमण ने औद्योगिक एवं व्यावसायिक संवाद को संबोधित करते हुए कहा कि अगले 25 साल भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण होंगे। आपने देखा वित्त वर्ष 2023-24 की तीनों तिमाही में प्रत्येक तिमाही में वृद्धि दर आठ प्रतिशत या अधिक रही है। तीसरी तिमाही में वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रही। चौथी तिमाही में भी इसी स्तर की वृद्धि दर की हम अपेक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह 2023-24 में औसत वृद्धि दर उस स्तर की ही है। हम आत्मविश्वास बनाए रखते हुए आगे बढ़ सकते हैं कि जैसे पूरी दुनिया में पिछले तीन साल से लगातार हम सबसे तेज वृद्धि दर वाली अर्थव्यवस्था रहे हैं।

## तृणमूल घुसपैठियों को संरक्षण देती है पर सीएए का करती है विरोध : मोदी

### टीएमसी ने बंगाल के लोगों को केंद्रीय योजनाओं के लाभ से कर दिया वंचित

**बालुरघाट, एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि वह घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है, लेकिन शरणार्थियों को नागरिकता देने वाले कानून सीएए का विरोध कर रही है। मोदी ने बालुरघाट में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह भी आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल को गुंडों और घुसपैठियों को पट्टे पर दे दिया है। प्रधानमंत्री ने राज्य में रामनवमी समारोह का कथित तौर पर विरोध करने के लिए सत्तारूढ़ तृणमूल की आलोचना की और कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस फैसले को सच्चाई की जीत करार दिया, जिसमें विश्व हिंदू परिषद (विहिप) को हावड़ा में शोभायात्रा निकालने की अनुमति दी गई थी।

मोदी ने कहा कि इस साल का रामनवमी समारोह थोड़ा अलग है क्योंकि रामलला अयोध्या में अपने घर लौट आए हैं। लेकिन टीएमसी, पिछले वर्षों की तरह राज्य में रामनवमी समारोहों का विरोध कर रही है। उच्च न्यायालय ने सोमवार को विहिप को हावड़ा शहर में रामनवमी पर शोभायात्रा निकालने की अनुमति दे दी थी, साथ ही अदालत ने यह सुनिश्चित करने के लिए कुछ शर्तें भी लगाई थीं कि कार्यक्रम बिना तनाव के संपन्न हो सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध की घटनाओं से पूरा देश स्तब्ध है। देश ने देखा है कि कैसे टीएमसी सरकार ने संदेशखालि में दोषियों को बचाने की कोशिश की। संदेशखालि में हाल में महिलाओं ने कुछ टीएमसी नेताओं पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार और अपराध बड़े पैमाने पर हैं। यहां तक कि जब केंद्रीय एजेंसियां इन भ्रष्टाचार के मामलों की जांच करने की कोशिश करती हैं तो उन पर भी हमला किया जाता है। ऐसा लगता है कि टीएमसी ने राज्य को घुसपैठियों और गुंडों को पट्टे पर दे दिया है। पश्चिम बंगाल सरकार घुसपैठियों को बचाती है, लेकिन नागरिकता संशोधन अधिनियम का विरोध करती है।



भुवनेश्वर में भगवान लिंगराज की रुकुना रथ यात्रा में भाग लेते श्रद्धालु। • एजेंसी

## भ्रष्टाचार के आरोपों से पहले प्रधानमंत्री खुद आईना देखें : ममता

**जलपाईगुड़ी, एजेंसी**

• **एनआरसी की आड़ में दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को बाहर करना चाहती है भाजपा**

पश्चिम बंगाल में केंद्रीय दलों द्वारा की जा रही भ्रष्टाचार संबंधी जांच पर श्वेतपत्र जारी करने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पहले खुद आईना देखना चाहिए। जलपाईगुड़ी जिले के मोइनागुड़ी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि राज्य में तृणमूल कांग्रेस ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से लड़ रही है, जबकि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और कांग्रेस उसके साथ मिलकर काम कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने बंगाल में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए करीब 300 केंद्रीय दलों को भेजा था लेकिन उन्हें कुछ नहीं मिला। अब प्रधानमंत्री मोदी को बंगाल की जनता को जवाब देना होगा कि मनरेगा की धनराशि का क्या हुआ? गरीब लोगों ने योजना के तहत काम किया लेकिन उन्हें भुगतान नहीं किया गया। बनर्जी ने कहा प्रधानमंत्री कहते हैं कि तृणमूल कांग्रेस भ्रष्ट पार्टी है। पहले उन्हें आईना देखना चाहिए। उनकी पार्टी में डकैत भरे पड़े हैं। नोटबंदी का मुद्दा उठाते हुए मुख्यमंत्री ने पूछा कि इससे किसे फायदा हुआ था। उन्होंने भाजपा को बंगाली विरोधी पार्टी बताया और आरोप लगाया कि वह एनआरसी की आड़ में' आदिवासियों, दलितों तथा ओबीसी को बाहर करने की योजना बना रही है। बनर्जी ने कहा कि हम बंगाल में एनआरसी लागू नहीं होने देंगे। माकपा औ र कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि बंगाल में केवल तृणमूल कांग्रेस ही भाजपा से लड़ रही है, जबकि अन्य दोनों विपक्षी दल उसके साथ काम कर रहे हैं। हम राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी गठबंधन 'इंडी' के साथ हैं, लेकिन देश को बचाने के लिए बंगाल में तृणमूल कांग्रेस को जीतना होगा। उन्होंने दावा किया कि अगर भाजपा फिर से सत्ता में आ जाती है तो देश में चुनाव नहीं होंगे।

## अमेरिका में हिंदुओं पर हमलों के मामलों में हुई है वृद्धि : भारतीय-अमेरिकी सांसद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय-अमेरिकी सांसद ने अमेरिका में हिंदुओं और हिंदुत्व के खिलाफ हमलों में काफी वृद्धि होने का दावा करते हुए आगाह किया कि यह नियोजित हिंदू-विरोधी हमलों के शुरुआत भर है। सांसद श्री थानेदार ने सोमवार को यहां नेशनल प्रेस क्लब में हुए संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आज मैं अमेरिका में हिंदुत्व पर हुए हमलों में काफी वृद्धि देख रहा हूं। श्री थानेदार और चार अन्य भारतीय अमेरिकी सांसदों रो खन्ना, राजा कृष्णमूर्ति, एमी बेरा और प्रमिला जयपाल ने हाल ही में न्याय मंत्रालय को पत्र लिखकर हिंदू मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर हमलों में हुई हालिया वृद्धि की जांच कराने का अनुरोध किया था।

## आमिर के प्रवक्ता का दावा, राजनीतिक बयानबाजी से जुड़ा वीडियो फर्जी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

अभिनेता आमिर खान के प्रवक्ता ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने अपने 35 साल के कॅरियर में कभी किसी राजनीतिक दल का समर्थन नहीं किया है और इस संबंध में सामने आया वीडियो फर्जी है। खान के प्रवक्ता के अनुसार इस संबंध में मुंबई पुलिस के साइबर अपराध प्रकोष्ठ में प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है।

यह वीडियो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीक का उपयोग करके बनाया गया लगता है। 27 सैकंड की क्लिप में आमिर खान को कुछ कहते सुना जा सकता है। प्रवक्ता ने कहा कि आमिर खान ने कई वर्ष से निर्वाचन आयोग के जागरुकता अभियानों में भाग लिया है लेकिन कभी किसी राजनीतिक दल का प्रचार नहीं किया। उन्होंने कहा कि हम स्पष्ट करना चाहते हैं कि आमिर खान ने अपने 35 साल के कॅरियर में कभी किसी राजनीतिक दल का समर्थन नहीं किया। उन्होंने कई वर्षों से निर्वाचन आयोग के जन जागरण अभियानों के माध्यम से जागरुकता लाने के प्रयास किए हैं। हम पिछले दिनों वायरल हुए एक वीडियो से चिंतित हैं जिसमें कथित रूप से दर्शाया गया है कि आमिर खान एक खास राजनीतिक दल का प्रचार कर रहे हैं। वह स्पष्ट करना चाहेंगे कि यह एक फर्जी वीडियो है और पूरी तरह असत्य है। उन्होंने इस मुद्दे से संबंधित अनेक अधिकारियों को अवगत करा दिया है और मुंबई पुलिस के साइबर अपराध प्रकोष्ठ में प्राथमिकी दर्ज करा दी है। आमिर खान के प्रवक्ता के अनुसार उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे मतदान करें और चुनाव प्रक्रिया में सक्रियता से हिस्सेदारी निभाएं।

## पंजाब में चार और उम्मीदवारों को मैदान में उतारा

**चंडीगढ़, एजेंसी**

• **आम आदमी पार्टी ने मौजूदा तीन विधायकों पर खेला दांव, एक दलबदलू पर जताया भरोसा**

आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को पंजाब की चार और लोकसभा सीट के लिए अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी। पार्टी ने तीन मौजूदा विधायकों और एक दलबदलू नेता को मैदान में उतारा है। इस घोषणा के साथ ही आप ने पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीट पर अपने उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है। पूर्व विधायक पवन कुमार टीनू को जालंधर (सुरक्षित) सीट से मैदान में उतारा गया है।

पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संदीप पाठक ने सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' पर एक पोस्ट में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। जालंधर (सुरक्षित) लोकसभा सीट से पार्टी ने शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के पूर्व विधायक पवन कुमार टीनू को उम्मीदवार बनाया है। वह कुछ दिन पहले ही आप में शामिल हुए थे। टीनू का मुकाबला कांग्रेस उम्मीदवार व पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सुशील रिंकू से होगा। शिअद ने अभी तक इस सीट पर अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। दलित नेता टीनू 2012 और 2017 में जालंधर जिले की आदमपुर विधानसभा सीट से विधायक चुने गए थे हालांकि 2022 विधानसभा चुनाव में उन्हें कांग्रेस उम्मीदवार सुखविंदर कोटली से हार का सामना करना पड़ा था। टीनू ने 2014 का लोकसभा चुनाव भी लड़ा था लेकिन उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा था। आप ने टीनू के अलावा पार्टी के तीन मौजूदा विधायकों को लोकसभा चुनाव का टिकट दिया है, जिनमें फिरोजपुर से जगदीप सिंह काका बराड़, गुरदासपुर से अमनशेर सिंह कलसी और लुधियाना लोकसभा क्षेत्र से अशोक पाराशर पप्पी शामिल हैं। बराड़, मुक्तसर से विधायक हैं। उन्होंने 2022 विधानसभा चुनाव में शिअद उम्मीदवार कंवलजीत सिंह को हराया था। हालांकि बराड़ ने 2017 का विधानसभा चुनाव भी लड़ा था लेकिन उन्हें हार का मुंह देखना पड़ना था। फिरोजपुर सीट से मौजूदा सांसद शिअद प्रमुख सुखबीर सिंह बादल पहले ही लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा कर चुके हैं।

कांग्रेस, भाजपा और शिअद ने अभी तक फिरोजपुर लोकसभा सीट से अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। आप ने बटाला से विधायक कलसी पर विश्वास जताते हुए उन्हें गुरदासपुर लोकसभा सीट से मैदान में उतारा है। गुरदासपुर लोकसभा सीट पर फिलहाल भाजपा सांसद सनी देओल का कब्जा है। कलसी 2022 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के अश्वनी सेखरी को हराकर बटाला से विधायक बने थे। कलसी का मुकाबला भाजपा उम्मीदवार दिनेश बब्बू और शिअद के दलजीत सिंह चीमा से है।

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 07 | 361 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 07 | 318 |
| सुनील नरेन (कोलकाता) | 06 | 276 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 07 | 12 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 06 | 10 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 05 | 10 |

## खेल डायरी

### यूनान में पेरिस ओलंपिक की लौ जलाई गयी

**प्राचीन ओलंपिया (यूनान)।** पेरिस ओलंपिक में जलने वाली लौ दक्षिणी यूनान में प्राचीन खेलों के स्थल पर जलाई गयी। बादलों के कारण मंगलवार को पारंपरिक तरीके से लौ जलाने के प्रयास विफल हो गये। पारंपरिक तरीके में चांदी की मशाल जलाने के लिए सूरज का इस्तेमाल किया जाता है, जिसके लिए प्राचीन यूनान की पुजारिन की पोशाक पहने एक युवती हाथ में मशाल लिये रहती थी। बल्कि मंगलवार को एक 'बैकअप' लौ का उपयोग किया गया था, जिसे सोमवार को अंतिम 'रिहर्सल' के दौरान उसी स्थान पर जलाया गया था।

### सबालेंका स्टुटगार्ट में पोर्शे ग्रां प्री में बडोसा से भिड़ेंगी

**स्टुटगार्ट (जर्मनी)।** पाउला बडोसा ने डायना श्नाइडर पर 6-3, 6-4 की जीत से स्टुटगार्ट पोर्शे ग्रां प्री टेनिस प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश किया। जिसमें उनका सामना दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका से होगा। सबालेंका स्टुटगार्ट में पिछले तीन साल से उप विजेता रही हैं। वह 2021 में फाइनल में क्रमश: पूर्व नंबर एक एशले बार्टी तथा 2022 और 2023 के फाइनल में मौजूदा नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक से हार गयी थीं। अमेरिका के सचिया विक्रे ने बेलारूस की अलियांकसांद्रा सासनोविच को 7-6, 7-5 से पराजित किया और अब दूसरे दौर में उनका सामना हमवतन कोको गॉफ से होगा।

### दीपिका सोरेंग को हॉकी इंडिया असुंता लाकड़ा पुरस्कार

**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने भारतीय महिला हॉकी टीम की फारवर्ड दीपिका सोरेंग वर्ष के उभरते खिलाड़ी के लिए प्रतिष्ठित हॉकी इंडिया असुंता लाकड़ा पुरस्कार से सम्मानित किया है। दीपिका को वर्ष 2023 के दौरान उनके शानदार प्रदर्शन के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने महिला जूनियर एशिया कप में टीम के लिए पदार्पण करते हुए छह मैचों में सात गोल दागकर टीम को स्वर्ण पदक जीतने में मदद की और टूर्नामेंट में टीम के लिए दूसरे सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी के रूप में उभरीं।

### डी गुकेश ने नेपोमनियाच्ची से ड्रा खेला

**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 10वें दौर में रूस के इयान नेपोमनियाच्ची से ड्रा खेलकर इस खिलाड़ी के साथ संयुक्त शीर्ष बढ़त कायम रखी। भारतीयों के बीच हुए मुकाबले में आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती ने भी अंक बांटे जबकि फैबियानो कारूआना ने फिरोजा अलीरेजा को और हिकारू नाकामूरा ने निजात अबासोव को पराजित किया। अब साल के इस सबसे बड़े टूर्नामेंट में महज चार राउंड बचे हैं। गुकेश और नेपोमनियाच्ची के समान छह छह अंक हैं जबकि प्रज्ञानानंदा, कारूआना और नाकामूरा इनसे आधा अंक पीछे हैं। गुजराती के छह अंक हैं, जिससे वह अकेले छठे स्थान पर काबिज हैं।

### पेरिस ओलंपिक: इंग्लैंड ने की तैराकी टीम की घोषणा

**लंदन।** इंग्लैंड ने पेरिस ओलंपिक 2024 में भाग लेने वाली पूल और मैराथन स्पर्धाओं के लिए अपनी 33 सदस्यीय तैराकी टीम की मंगलवार को घोषणा की। टीम में तीन बार की ओलंपिक चैंपियन एडम पीटी, दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता टॉम डीन और जेम्स गाइ, ओलंपिक चैंपियन अन्ना हॉपकिन, कैथलीन डॉसन, फ्रेया एंडरसन और मैट रिचड्र्स और टोक्यो ओलंपिक 2020 में चार पदक जीतने वाले डंकन स्कॉट का टीम में चयन किया गया है। मैराथन तैराकी के लिए टोक्यो 2020 ओलंपियन और फरवरी में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता हेक्टर पार्डो को भी टीम में शामिल किया गया है।

### आईपीएल-2024 में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ी

आईपीएल 2024 में सर्वाधिक छक्के जड़ने वाले खिलाड़ियों में हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन पहले स्थान पर हैं। वहीं राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग दूसरे, लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन तीसरे स्थान तथा हैदराबाद के अभिषेक शर्मा, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के दिनेश कार्तिक और संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के शिवम दूबे, मुम्बई इंडियंस के रोहित शर्मा और दिल्ली कैपिटल्स के ट्रिस्टन स्टब्स 15 छक्कों के साथ 5वें स्थान पर हैं।

24

हेनरिक क्लासेन

20

रियान पराग

19

निकोलस पूरन

18

दिनेश कार्तिक

18

अभिषेक शर्मा

# कोलकाता नाइट राइडर्स पर भारी बटलर का जोश

## मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को दो विकेट से हराया, अंकतालिका में शीर्ष पर कायम



जोस बटलर

**कोलकाता, एजेंसी**

जोस बटलर की नाबाद 107 रनों की शतकीय और रियान पराग के 34 रनों की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के 31वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को दो विकेट से हरा दिया है। 224 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (19) का विकेट गवां दिया। उसके बाद कप्तान संजू सैमसन (12) भी पवेलियन लौट गये। ध्रुव जुरेल (2), रवि अश्विन (8), शिमरॉन हेटमायर (शून्य) रोवमन पॉवेल (2) रन बनाकर आउट हुये। रोवमन पॉवेल ने 26 रन बनाये।

जोस बटलर ने नौ चौके और छह छक्के लगाते हुए नाबाद 107 रन की शतकीय पारी खेली। राजस्थान ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 224 रन बनाते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम पर दो विकेट से जीत दर्ज की है। राजस्थान की यह सात मैचों में छठी जीत है और वह अंक तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है। कोलकाता की ओर से हर्षित राणा, सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट लिये। वैभव अरोड़ा ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

मंगलवार को ईडन गार्डंस में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ही ओवर में उसने सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट 10 रन का विकेट गवां दिया। फिल को आवेश खान ने अपनी गेंद पर कैच आउट किया। उसके बाद सुनील नारायण ने अंगकृष रघुवंशी के साथ दूसरे विकेट के लिये 85 रन जोड़े। 11वें ओवर में कुलदीप सेन ने अंगकृष रघुवंशी को आर अश्विन के हाथों कैच आउट करा दिया। रघुवंशी ने 18 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 30 रन बनाये। कप्तान श्रेयस अय्यर 11 रन को यजुवेन्द्र चहल ने पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। आंद्रे रसेल 13 रन बनाकर आउट हुये। सुनील नरेन ने 16वें ओवर में 49 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। सुनील नरेन ने 109 रनों की पारी में 13 चौके और छह छक्के लगाये। उन्हें 18वें ओवर में बोल्ट ने बोल्ड आउट किया। वेंकटेश अय्यर आठ रन बनाकर आउट हुये। रिंकू सिंह एक चौका और दो छक्के लगाकर 20 रन बनाकर नाबाद रहे। रमनदीप सिंह भी एक रन बनाकर नाबाद रहे। कोलकाता ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 223 रन का स्कोर खड़ा किया। राजस्थान रॉयल्स की ओर से आवेश खान और कुलदीप सेन ने दो-दो विकेट लिये। ट्रेंट बोल्ट और युजवेंद्र चहल को एक-एक विकेट मिला।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 | +0.677 |
| कोलकाता | 6 | 4 | 2 | 8 | +1.399 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.726 |
| हैदराबाद | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.502 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 3 | 6 | +0.038 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.637 |
| पंजाब | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.218 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.234 |
| दिल्ली | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.975 |
| बेंगलुरु | 7 | 1 | 6 | 2 | -1.185 |

### कोलकाता 223/6
20 ओवर, अतिरिक्त : 21

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट कॉट एण्ड बोल्ड आवेश | 10 | 13 | 1/0 |
| सुनील नरेन बोल्ड बोल्ट | 109 | 56 | 13/6 |
| अंगकृष का अश्विन बो के सेन | 30 | 18 | 5/0 |
| श्रेयस अय्यर पगबाधा चहल | 11 | 07 | 1/1 |
| रसेल का जुरेल बो आवेश | 13 | 10 | 2/0 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 20 | 09 | 1/2 |
| वेंकटेश का जुरेल बो के सेन | 08 | 06 | 1/0 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** ट्रेंट बोल्ट 4-0-31-1, आवेश खान 4-0-35-2, कुलदीप सेन 4-0-46-2, युजवेंद्र चहल 4-0-54-1, रवि अश्विन 4-0-49-0

### राजस्थान 224/8
20 ओवर, अतिरिक्त : 16

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी का वेंकटेश बो वैभव | 19 | 09 | 3/1 |
| जोस बटलर नाबाद | 107 | 60 | 9/6 |
| संजू सैमसन का नरेन बो हर्षित | 12 | 08 | 2/0 |
| रियान पराग का रसेल बो हर्षित | 34 | 14 | 4/2 |
| ध्रुव जुरेल पगबाधा नरेन | 02 | 04 | 0/0 |
| अश्विन का रघुवंशी बो चक्रवर्ती | 08 | 11 | 1/0 |
| हेटमायर का श्रेयस बो चक्रवर्ती | 00 | 01 | 0/0 |
| रोवमन पॉवेल पगबाधा नरेन | 26 | 13 | 1/3 |
| ट्रेंट बोल्ट रन आउट (श्रेयस/स्टार्क) | 00 | 01 | 0/0 |
| आवेश खान नाबाद | 00 | 00 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** मिचेल स्टार्क 4-0-50-0, वैभव अरोड़ा 3-0-45-1, हर्षित राणा 4-0-42-2, सुनील नरेन 4-0-30-2, वरुण चक्रवर्ती 4-0-36-2, आंद्रे रसेल 1-0-17-0

# ऑस्ट्रेलिया से निपटने को बेहतर पासिंग की जरूरत

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व ड्रैग फ्लिक विशेषज्ञ रूपिंदर पाल सिंह को लगता है कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम बेहतर रक्षात्मक तालमेल और बेहतर पासिंग से ऑस्ट्रेलिया की आक्रामक खेल शैली से निपट सकती है। हाल में भारत को पर्थ में हुई पांच टेस्ट की श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। यह दौरा भारत के लिए निराशाजनक रहा जबकि इससे पहले टीम ने एफआईएच प्रो लीग में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था।

टीम से जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक में तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक से बेहतर या इसके बराबरी वाले प्रदर्शन की उम्मीद है। भारत की 2014 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य सिंह हालांकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस नतीजे से ज्यादा चिंतित नहीं हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि टीम प्रत्येक मैच के साथ सुधार करती गयी। सिंह ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, ''हम पहला मैच 5-1 से हारे लेकिन इसके बाद टीम ने सुधार किया और स्कोर बराबरी का रहा। हमने कुछ मौके गंवाये जिसे देखते हुए ओलंपिक से पहले कुछ काम करने की जरूरत है। यह श्रृंखला पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए थी।

## स्टार खिलाड़ी होने के नाते मैक्सवेल दबाव में था : पोंटिंग




**नयी दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने मंगलवार को ग्लेन मैक्सवेल के प्रति सहानुभूति दिखाते हुए कहा कि लगातार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का स्टार खिलाड़ी होने का दबाव उन पर हावी हो गया और उन्होंने खेल से अनिश्चिकालीन 'मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य' ब्रेक लेकर सही फैसला किया। मैक्सवेल ने अपने करियर में दूसरी दफा इस तरह का ब्रेक लिया है। आईपीएल के इस चरण में लगातार कम स्कोर के बाद इस ऑस्ट्रेलियाई ऑलरांउडर ने सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में आराम दिये जाने के बारे में कहा। पोंटिंग ने पीटीआई से कहा, ''आरसीबी की टीम में ग्लेन जैसे खिलाड़ी का होना, वह विराट कोहली के साथ टीम का बड़ा खिलाड़ी है जिससे उस टीम में खेलते हुए इन दोनों खिलाड़ियों पर काफी दबाव होता है। अगर वे अच्छा नहीं करते और नतीजे अच्छे नहीं आते तो दबाव होता है।'' आरसीबी इस समय 10 टीम की तालिका में सात मैच में छह हार से अंतिम स्थान पर चल रही है। पोंटिंग ने कहा, ''अगर आप देखो कि टूर्नामेंट में उन्होंने कैसा प्रदर्शन किया है तो दबाव व्यक्तिगत खिलाड़ी पर भी आ जाता है। मैंने आज सुबह वो लेख देखा कि ग्लेन हटना चाहते हैं।''

# गुजरात और दिल्ली को निरंतरता की तलाश

**अहमदाबाद, एजेंसी**

- मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।

निरंतरता हासिल करने की कोशिश में जुटी गुजरात टाइटन्स और दिल्ली कैपिटल्स दोनों ही टीम बुधवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में बेहतर प्रदर्शन कर एक-दूसरे को पराजित करने के इरादे से मैदान में उतरेंगी। पिछले दो चरण की तरह गुजरात टाइटन्स अभी तक एकजुट होकर शानदार प्रदर्शन नहीं कर सकी है, हालांकि उनके पास अपनी कमियों को पूरा करने का अब भी काफी समय है।

गुजरात टाइटन्स ने तालिका में शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 10 अप्रैल को अंतिम गेंद में जीत हासिल की थी और अगर उसे अपने अभियान में जान फूंकनी है तो उसे ऐसा ही प्रदर्शन करने की जरूरत है। टीम अपने पहले छह मैच में केवल दो में ही जीत सकी है और अभी आठ मैच बाकी हैं तो शुभमन गिल की अगुआई वाली टीम के पास चीजों का रुख बदलने के लिए काफी समय है। शमी की अनुपस्थिति हालांकि उसके लिए नुकसानदायक रही है लेकिन उन्हें अपने सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध गेंदबाजों का सही इस्तेमाल करना होगा।


## बॉलीवुड हलचल

### आम्रपाली दुबे स्टारर कभी खुशी कभी गम का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** प्रदीप पांडेय चिंटू, आम्रपाली दुबे और संचिता बनर्जी स्टारर फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यशी फिल्म्स - अभय सिन्हा एवं रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट प्रस्तुत और निर्माता निशांत उज्जवल की फिल्म कभी खुशी कभी गम का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में प्रदीप पांडेय चिंटू, आम्रपाली दुबे और संचिता बनर्जी के बीच की कहानी दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करने वाली है।फिल्म में महानायक कुणाल सिंह सिंह की दमदार उपस्थिति भी है। निर्माता निशांत उज्जवल ने कहा कि फिल्म कभी खुशी कभी गम इंसानी रिश्तों की धूप छांव की कहानी है। ट्रेलर में इसकी एक झलक देखने को मिल रही है, लेकिन जब दर्शक इसे बड़े परदे पर देखेंगे तो दंग रह जायेंगे। उन्होंने बताया कि फिल्म कभी खुशी कभी गम के लिए एक बार फिर से आम्रपाली दुबे और संचिता बनर्जी लकी चार्म साबित होंगी, जिन्हें दर्शक फिल्म निरहुआ हिंदुस्तानी 2 के बाद फिर से एक साथ देख पाएंगे। इनकी जोड़ी जब भी आती है, फिल्म का हिट होना तय माना जाता है, और वैसे भी यदि देखा जाए तो दोनों गजब की अदाकारा हैं, जिन्होंने चिंटू के साथ मिलकर फिल्म के ग्राफ को और भी बढ़ा दिया है। अब फिल्म को जल्द ही रिलीज करेंगे।

### खेसारी की रंग दे बसंती 7 जून को होगी रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की बहुचर्चित भोजपुरी फिल्म 'रंग दे बसंती' 07 जून को रिलीज होगी। फिल्म के निर्माता रौशन सिंह ने बताया कि सेंसर बोर्ड के प्रॉब्लम के बाद अब यह फिल्म रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म अपने ओरिजिनल नाम के साथ ही 07 जून को पैन इंडिया सिनेमाघरों में होगी।इस फिल्म को बड़े पैमाने पर रिलीज किया जा रहा है, फिल्म मल्टीप्लेक्स में भी दिखाई देगी। उन्होंने बताया कि अभी देशभर के मल्टीप्लेक्स और सिंगल स्क्रीन में इस फिल्म के ट्रेलर चल रहे हैं, जो पहली बार हुआ है, जब बॉलीवुड फिल्मों के बीच में ट्रेलर चल रहा है। यह फिल्म 250 से ज्यादा स्क्रीन पर पैन इंडिया रिलीज होने वाली है। फिल्म रंग दे बसंती के निर्माता रौशन सिंह और सह निर्माता शर्मिला आर सिंह हैं। निर्देशक प्रेमांशु सिंह हैं। इस फिल्म में खेसारीलाल यादव, रति पांडे और डायना खान के साथ अमिताभ भट्टाचार्य, फिरोज खान और मास्टर ऋषभ यादव राज प्रेमी, मीर सरवर, अमित तिवारी, समर्थ चतुर्वेदी, प्रकाश जैश, ज्योति कलश, संजय महानंद, रीना रानी, श्रद्धा नवल, सुजान सिंह, सोनू पांडेय, रितु चौहान, रिंकू भारती, नेहा पाठक, खुशबू यादव, संजय वर्मा, अखिलेश कुमार अक्की, सूर्या द्विवेदी, निकिता भारद्वाज और चाहत प्रमुख भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी मनोज कुशवाहा ने लिखी है। संगीतकार ओम झा हैं। गीतकार प्यारेलाल यादव, अरविंद तिवारी, राकेश निराला, डॉ. कृष्णा एन शर्मा और सत्य सावरकर हैं। डीओपी वासु, कोरियोग्राफर रिकी गुप्ता, कला राजीव शर्मा का है।

### मिस्टर एंड मिसेज माही देखने के लिए एक्साइटेड हैं अभिनेत्री आलिया भट्ट



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट, राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही देखने के लिए एक्साइटेड हैं। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। आलिया भट्ट ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम की स्टोरी पर ''मिस्टर एंड मिसेज माही'' का पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर को आलिया ने ने जाह्नवी और राजकुमार को टैग करते हुए कैप्शन में लिखा कि इंतजार नहीं हो रहा शैरी। मिस्टर एंड मिसेज माही 31 मई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# कांग्रेस ने की आयरलैंड में भारत के राजदूत को बर्खास्त करने की मांग



- राजदूत द्वारा कांग्रेस की आलोचना करने पर जयराम रमेश ने जताई आपत्ति

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आयरलैंड में भारत के राजदूत द्वारा एक स्थानीय दैनिक के संपादकीय का जवाब देते हुए कांग्रेस की आलोचना करने पर मंगलवार को कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि एक राजनयिक का सरेआम पार्टी सदस्य की तरह विपक्षी दलों पर हमला करना शर्मनाक व्यवहार है और उन्हें बर्खास्त करना चाहिए।

'द आइरिश टाइम्स' को दिए अपने जवाब में भारतीय राजदूत अखिलेश मिश्रा की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश उन पर निशाना साधा। अखबार में 11 अप्रैल को छपे संपादकीय को लेकर भेजे जवाब में मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को न केवल भारत में बल्कि विश्वस्तर पर अभूतपूर्व लोकप्रियता और कद हासिल है। यह नवीन, समावेशी शासन और सतत विकास पर त्रुटिहीन व्यक्तिगत चरित्र और ईमानदारी और विचारवान नेतृत्व के कारण है। राजदूत ने यह भी लिखा भ्रष्टाचार की गहरी जड़ें जमा चुके तंत्र (भारत में एक ही वंशवादी पार्टी द्वारा 55 साल के शासन द्वारा निर्मित) के खिलाफ लड़ाई मोदी की लगातार बढ़ती लोकप्रियता के पीछे एक प्रमुख कारक है। उनकी इस टिप्पणी को लेकर रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि भारत सरकार का बचाव करना एक बात है और (एक राजनयिक से) इसकी उम्मीद भी की जानी चाहिए, लेकिन एक पक्ष की तरह इस तरह से विपक्षी दलों पर खुलेआम हमला करने की उम्मीद नहीं की जाती है।

# राजधानी की घेराबंदी मामले में जांच आयोग ने आईएसआई के पूर्व प्रमुख को दी क्लीन चिट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में एक जांच आयोग ने एक कट्टरपंथी धार्मिक समूह के कार्यकर्ताओं द्वारा 2017 में राजधानी इस्लामाबाद और रावलपिंडी में धरने को लेकर 'इंटर सर्विस इंटेलिजेंस' (आईएसआई) के पूर्व महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) फैज हमीद को दोष मुक्त कर दिया है।

चरमपंथी समूह तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) ने 2017 में इस्लामाबाद की घेराबंदी की थी और फ्रांस में ईशनिंदा कार्टून के प्रकाशन के कारण फ्रांसीसी राजदूत के निष्कासन की मांग की थी। बाद में मौजूदा प्रधान न्यायाधीश काजी फैज़ ईसा के नेतृत्व वाली उच्चतम न्यायालय की एक पीठ ने 2019 में एक फैसले में प्रदर्शन की जांच करने और अपराधियों की पहचान करने का आदेश दिया। शीर्ष अदालत के एक फैसले के बाद जांच आयोग का गठन किया गया।आयोग ने अपनी रिपोर्ट में खुफिया एजेंसियों और उनके शीर्ष अधिकारियों को क्लीन चिट देते हुए कहा कि प्रांतीय और संघीय सरकारों के तत्कालीन उच्च पदस्थ अधिकारियों में से किसी ने भी एजेंसियों या किसी अन्य अधिकारी पर टीएलपी प्रदर्शनकारियों की मदद करने का आरोप नहीं लगाया।

## अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल के पास गिरा हिमखंड, चंद्रा नदी का बहाव रुका

# हिमाचल प्रदेश में मौसम ने बजाई खतरे की घंटी

शिमला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश के अटल टनल रोहतांग के नार्थ पोर्टल के समीप हिमखंड गिरा है। हिमखंड गिरने से चंद्रा नदी का बहाव रुक गया है। इस दौरान लाहौल-स्पीति पुलिस ने लाउडस्पीकर के जरिए सिस्सू व आसपास आए पर्यटकों को आगाह किया है कि नदी के तट पर न जाएं। पुलिस ने क्षेत्र में पेट्रोलिंग शुरू कर दी है, ताकि कोई भी पर्यटक अनजाने में नदी तट की ओर रुख न करे। लाउड स्पीकरों के माध्यम से कहा गया कि कभी भी नदी विकराल रूप धारण कर सकती है। नदी का जलस्तर सिस्सू की तरफ कभी भी बढ़ सकता है।

बता दें हिमपात से हिमस्खलन की आशंका बनी हुई है। प्रशासन ने लोगों से आग्रह किया कि मौसम की स्थिति देखते हुए ही वह घरों से बाहर निकलें। हिमाचल प्रदेश के लिए मौसम का पूर्वानुमान जैसा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पूर्वानुमान लगाया है, अगले पखवाड़े में बारिश, तूफान, बर्फबारी और रुक-रुक कर शुष्क दौर की उम्मीद है। प्रदेश के मध्य और ऊंची पहाड़ियों में ठंड की स्थिति बनी हुई है, जो हाल की बर्फबारी से और बढ़ गई है।

राजधानी शहर का औसत तापमान 13-14 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता है, जो वर्षा के साथ और भी गिर जाता है। आज चुनिंदा मध्य ऊंचाई वाले इलाकों और अलग-अलग निचले इलाकों में हल्की बारिश या हिमपात हो सकता है। आगामी 17 अप्रैल को छोड़कर अगले पांच दिनों तक राज्य में नमी और बादल छाए रहने की संभावना है। बर्फ रुक-रुक कर गिर रही है, जिससे परिदृश्य एक प्राचीन सफेद परत में ढक गया है। ताजा बर्फ पहाड़ों में एक शांत सुंदरता लाती है, जो साहसी आत्माओं को शीतकालीन वंडरलैंड का पता लगाने के लिए लुभाती है। ऊंचे इलाकों में कभी-कभार हिमपात के अलावा, निचले इलाकों में ताजा बारिश की बौछारें हो रही हैं। बारिश एक स्वागत योग्य राहत है, जो वनस्पतियों और जीवों को पुनर्जीवित करती है और घाटियों में जीवन लाती है। बारिश और बर्फ का यह मिश्रण सड़क पर फिसलन की स्थिति पैदा कर सकता है, इसलिए यात्रियों को सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है।



शिमला के ठियोग में एंटी-हेल नेट से ढका सेब के बगीचा ● एजेंसी

## एक नजर




### इंडोनेशिया में मलबे से निकाले शव भूस्खलन में अब तक 20 की मौत

**ताना तोराजा (इंडोनेशिया)।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर बचावकर्मियों द्वारा तीन वर्षीय एक बच्ची एवं उसकी मां के शवों को निकाले जाने के साथ ही भूस्खलन में जान गंवााने वालों की संख्या बढ़ कर 20 हो गयी है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि घटनास्थल पर खड़ी चट्टानों के कारण भारी उपकरण नहीं ले जाये जा सके। ऐसे में बचावकर्मियों ने छोटे औजारों की मदद से ही मिट्टी हटाई। इस बचाव एवं तलाश कार्य में कम से कम 20 बचाव कर्मियों/अधिकारियों एवं दर्जनों स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। स्थानीय पुलिस प्रमुख गुनार्डी मुंडू ने बताया कि शनिवार को दक्षिण सुलावेसी प्रांत में ताना तोराजा जिले के दक्षिण मकाले गांव में मूसलाधार वर्षा के कारण भूस्खलन हुआ और चार मकान मलबे के नीचे दब गए।

### संरा ने सूडान में जारी हिंसा को समाप्त करने का किया आह्वान

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने सूडान में लंबे समय से जारी हिंसा को समाप्त करने की अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से मांग की है। नरसंहार रोकथाम पर संयुक्त राष्ट्र की विशेष सलाहकार ऐलिस नेडेरिटु ने यहां जारी बयान में सूडान में जारी संघर्ष को पूरा एक साल हो गया है। इस दौरान यहां के लोगों, विशेषकर महिलाओं और युवतियों के लिए यह समय भयावह रहा है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से सूडान में संघर्ष को खत्म करने का आह्वान किया है। उन्होंने आगे कहा कि इस संघर्ष में भयावह मानवीय संकट गहरा रहा है।

### जॉर्डन ने हवाई क्षेत्र के उल्लंघन को रोकने के लिये बढ़ाई उड़ानों की संख्या

**अम्मान।** जॉर्डन की वायु सेना ने हवाई क्षेत्र के उल्लंघन को रोकने के लिए उड़ानों की संख्या बढ़ा दी है। जॉर्डन समाचार एजेंसी ने मंगलवार को जॉर्डन के सशस्त्र बलों के एक प्रवक्ता का हवाला देते हुए बताया कि यह निर्णय किसी भी पार्टी को किसी भी उद्देश्य के लिए देश के हवाई क्षेत्र का उपयोग करने की अनुमति नहीं देने की जॉर्डन की दृढ़ स्थिति की पुष्टि करता है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बताया कि शनिवार रात को ईरान की इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गॉर्ड कोर ने इजरायली क्षेत्रों में पहला सीधा तीन सौ से अधिक ड्रोन और मिसाइल हमला किया। आईडीएफ प्रवक्ता डेनियल हगरी ने कहा कि उनके सैन्य बलों ने ईरान की ओर से दागे गए 99 प्रतिशत सभी ड्रोन और मिसाइल हमलों को रोक दिया।

### अपराध की श्रेणी में आएगा बिना सहमति के डीपफेक तस्वीरें बनाना

**लंदन।** ब्रिटिश सरकार ने मंगलवार को कहा कि अश्लील डीपफेक सामग्री बनाने वाले लोगों को एक नए कानून के तहत मुकदमे का सामना करना पड़ेगा। यह कानून इस समय संसदीय प्रक्रिया से गुजर रहा है। डीपफेक से आशय ऐसी छवियों और वीडियो से है जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अथवा अन्य तकनीकों से तैयार की जाती हैं और जिसमें आमतौर पर पीड़ित की सहमति नहीं होती। नए कानून के तहत बिना सहमति के इस तरह की तस्वीरें बनाने वाले लोगों को आपराधिक कार्यवाही और भारी जुर्माने का सामना करना पड़ेगा। कानून में प्रस्तावित प्रावधान के अनुसार अगर डीपफेक सामग्री व्यापक रूप से फैल जाती है तो दोषियों को जेल भेजा जा सकता है।

# आधुनिक युग में विकसित देशों से कदमताल मिला रहा भारत : क्रूस

## हिंद प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस और जापान के साथ भारत का सहयोग मजबूत

- अमेरिकी खुफिया अधिकारी बोले- भारत ने सेना को आधुनिक बनाने और रूसी हथियारों पर निर्भरता कम करने के लिए उठाए कदम

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के एक शीर्ष खुफिया अधिकारी ने संसद को बताया कि साल 2023 में भारत ने हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन की गतिविधियों का मुकाबला करने की अधिक इच्छाशक्ति प्रदर्शित करते हुए अपनी सेना के आधुनिकीकरण और रूस के उपकरणों पर निर्भरता कम करने के लिए कदम उठाए। रक्षा खुफिया एजेंसी के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल जेफरी क्रूस ने चीन को लेकर रक्षा खुफिया पर संसद में एक सुनवाई के दौरान यह बात कही थी।

क्रूस ने सदन की सशस्त्र सेवा समिति और खुफिया उपसमिति के सदस्यों को बताया कि पिछले वर्ष भारत ने जी-20 के आर्थिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करके खुद को एक वैश्विक अगुआ के रूप में प्रदर्शित किया और पूरे हिंद प्रशांत क्षेत्र में पीआरसी (पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना) की गतिविधि का मुकाबला करने की इच्छाशक्ति प्रदर्शित की। उन्होंने कहा कि भारत ने प्रशिक्षण और रक्षा बिक्री के माध्यम से फिलीपीन जैसे दक्षिण चीन सागर के क्षेत्रीय दावेदारों के साथ हिंद प्रशांत क्षेत्र में साझेदारी बढ़ाई है और अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस व जापान के साथ अपने सहयोग को और मजबूत किया है। क्रूस ने कहा कि वर्ष 2023 में भारत ने चीन से प्रतिस्पर्धा करने और रूसी उपकरणों पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए अपनी सेना को आधुनिक बनाने के लिए कदम उठाए। भारत ने स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत का समुद्री परीक्षण किया और प्रमुख रक्षा प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण पर कई पश्चिमी देशों के साथ बातचीत भी की। भारत ने रूस-यूक्रेन युद्ध पर अपना तटस्थ रुख बरकरार रखा है।

क्रूस ने कहा कि रूस भारत का सबसे बड़ा रक्षा साझेदार है और भारत ने अपनी रक्षा खरीद साझेदारी में विविधता लाने की इच्छा के बावजूद रूस से सतह से हवा में मार करने वाली एस-400 मिसाइल प्रणाली जैसे हथियारों खरीद जारी रखी है। उन्होंने सांसदों से कहा कि भारत सरकार आगामी लोकसभा चुनाव को सुरक्षित करने, आर्थिक विकास को बनाए रखने और अपनी 'मेक इन इंडिया' पहल को सैन्य आधुनिकीकरण के लिए तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेगी जिसका उद्देश्य चीन का मुकाबला करना है।

### सुरक्षा परिषद को पुनर्गठन की आवश्यकता : भारत

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने एक पुनर्गठित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की आवश्यकता को रेखांकित किया है, जो आज के संयुक्त राष्ट्र की भौगोलिक और विकासात्मक विविधता को बेहतर ढंग से दर्शाए। साथ ही भारत ने इस बात पर जोर दिया कि संयुक्त राष्ट्र के अधिकतर सदस्य शक्तिशाली यूएनएससी में स्थायी सीटों की संख्या बढ़ाए जाने के आह्वान का समर्थन करते हैं। भारत विशेष रूप से ग्लोबल साउथ का नेतृत्व करते हुए संयुक्त राष्ट्र में सुधारों की मांग करता रहा है। साथ ही यह 15 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्य के रूप में जगह पाने की मांग करने में सबसे आगे रहा है।

### अमेरिका में भारतीय विद्यार्थियों को बेहतर माहौल देने की कोशिश जारी : गुरदीप



- 2024 में तीन गुना बढ़ी है भारतीय विद्यार्थियों की संख्या
- विद्यार्थियों को सतर्क रहने की जरुरत

**वाशिंगटन।** अमेरिका भारत से आने वाले विद्यार्थियों को बेहतर माहौल प्रदान करने की अपनी कोशिश जारी रखे हुए है। एक प्रख्यात भारतीय-अमेरिकी शिक्षाविद ने इस वर्ष भारतीय मूल के या भारत से आने वाले 11 विद्यार्थियों की मौत की खबरों के बीच सोमवार को यह बात कही। अमेरिका में भारतीयों पर हमले की घटनाओं ने भारतीय समुदाय और भारत में रहने वाले विद्यार्थियों के परिजनों की चिंता बढ़ा दी है। अमेरिका में हुई इन मौतों के पीछे हमलावरों के मकसद का फिलहाल पता नहीं चल पाया है और भारतीय राजनयिक मिशनों ने विद्यार्थियों के साथ संपर्क साधने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें छात्र संघों के साथ संपर्क करने और विद्यार्थियों के लिए समय-समय पर जारी निर्देशों से अवगत कराना शामिल है। वर्जीनिया के जॉर्ज मेसन यूनिवर्सिटी में स्कूल ऑफ कंप्यूटिंग के डिविजनल डीन गुरदीप सिंह ने बताया यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस वर्ष ऐसी घटनाएं हुईं और इतनी तादाद में हुईं।

# बिशप व पादरी पर हमले को आतंकवादी कृत्य मान रही ऑस्ट्रेलियाई पुलिस



गिरजाघर पर चाकूबाजी के बाद ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने बढ़ाई चौकसी। ● एजेंसी

सिडनी, एजेंसी

ऑस्ट्रेलियाई पुलिस का कहना है कि सिडनी में एक गिरजाघर में प्रार्थना के दौरान एक बिशप व पादरी पर चाकू से किए गए हमले के कारण वहां मौजूद और ऑनलाइन प्रार्थना देख रहे लोग सकते में आ गए। पुलिस इसे आतंकवादी कृत्य मान रही है। पुलिस ने क्राइस्ट द गुड शेफर्ड चर्च में हुई चाकू से हमले की घटना के बाद मंगलवार को 16 वर्ष के एक किशोर को गिरफ्तार किया। घटना में बिशप मार मारी इमैनुएल और एक पादरी घायल हुए हैं।

न्यू साउथ वेल्स पुलिस आयुक्त कारेन वेब ने बताया कि संदिग्ध की टिप्पणियां हमले के लिए धार्मिक मकसद की ओर इशारा करती हैं। अधिकारी ने बताया हमें लगता है कि यह हमला एक सोची-समझी साजिश के तहत किया गया क्योंकि इस व्यक्ति ने हमले के लिए ऐसे स्थान को चुना, जो उसके घर के आसपास तक नहीं है। आरोपी चाकू के साथ आया और गिरजाघर में घुसकर बिशप व पादरी पर उसने चाकू से हमला किया। किशोर को पुलिस जानती थी लेकिन वह निगरानी सूची में नहीं था। मुख्य खुफिया एजेंसी ऑस्ट्रेलियन सिक्योरिटी इंटेलिजेंस ऑर्गनाइजेशन (एएसआईओ), ऑस्ट्रेलियन फेडरल पुलिस और प्रांतीय पुलिस मामले की जांच में आतंकवाद रोधी कार्यबल का सहयोगी कर रही हैं।

## दीदार-ए-ताज



दुनिया की सबसे खूबसूरत इमारतों और भारत के एकमात्र अजूबे में शुमार ताज का दीदार पूरी दुनिया करना चाहती है इसीलिए आगरा में पर्यटकों का तांता लगा रहता है। मंगलवार को बॉलीबुड अभिनेत्री माहिरा शर्मा ने भी ताजमहल का दीदार किया। ● एजेंसी

# समझौते की शर्तों को हमास ने किया खारिज

- युद्धविराम पर कोई समझौता नहीं चाहता सिनवार, कहा- अमेरिकी प्रस्तावों के बाद भी पीड़ित होते रहेंगे गाजावासी

गाजा, एजेंसी

फिलिस्तीनी चरमपंथी संगठन हमास ने नवीनतम बंधक समझौते के प्रस्ताव के सभी शर्तों को खारिज कर दिया है, जिससे समझौते के तहत इजराइल द्वारा रिहा किए जाने वाले फिलिस्तीनी कैदियों की संख्या में बढ़ गई है। द टाइम्स ऑफ इजराइल अखबार ने मंगलवार को एक वरिष्ठ इजराइली अधिकारी के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा कि इसके अलावा, हमास समझौते के पहले चरण के हिस्से के रूप में केवल लगभग 20 बंधकों (50 से अधिक उम्र की महिलाओं और पुरुषों) को रिहा करने किया जाना है।

रिपोर्ट में बताया कि हमास ने यह भी मांग की है कि बंधकों को रिहा करने से पहले इजरायल छह सप्ताह के युद्धविराम पर सहमत हो। अखबार ने अधिकारी के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा है, सिनवार (गाजा पट्टी में हमास प्रमुख याह्या) कोई समझौता नहीं चाहता है। उसे इसकी परवाह नहीं है कि अमेरिकी प्रस्ताव के सभी मापदंडों के संबंध में इजराइल के असाधारण लचीलेपन के बाद भी गाजावासी पीड़ित होते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर, 2023 को, हमास ने इजराइल की सीमा में घुसकर और गाजा से बड़े पैमाने पर रॉकेट से हमला किया था। हमले के दौरान इजराइल में करीब 1,200 लोग मारे गए और अन्य 240 लोगों को हमास के लड़ाके बंधक बना कर ले गए थे। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में अब तक 33,700 से अधिक लोग मारे गए हैं।

### इजरायल के खिलाफ ईरान की प्रतिक्रिया होगी और तेज

**अंकारा।** तुर्की में ईरानी राजदूत मोहम्मद हसन हबीबुल्लाहजादेह ने मंगलवार को कहा कि तेहरान इस क्षेत्र में तनाव बढ़ाना नहीं चाहता है लेकिन इजराइल के जवाबी कदमों पर ईरान की प्रतिक्रिया तेज और व्यापक होगी। तुर्की अखबार आयडिनलिक ने राजदूत के हवाले से कहा कि ईरान द्वारा इजरायल पर हमला केवल दमिश्क में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर आतंकवादी हमले में इस्तेमाल किए गए सैन्य लक्ष्यों पर निर्देशित था।

### इजराइल की गोलीबारी में दो फिलिस्तीनियों की हत्या

**रामल्ला।** फिलिस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि वेस्ट बैंक के नब्लस शहर के दक्षिण में इजरायल की ओर से की गोलीबारी में कम से कम दो फिलिस्तीनी मारे गए। मंत्रालय ने बताया कि मारे गए दो लोगों की पहचान 30 वर्षीय अब्दुलरहमान माहेर बानी फादेल और 21 वर्षीय मोहम्मद अशरफ बानी जामे के तौर पर हुई है। अकरबा के मेयर सलाह बानी जाबेर ने कहा कि कई बाशिंदों ने अकरबा शहर के उपनगर खिरबेट अल-तवील में फिलिस्तीनियों के एक समूह पर हमला किया, जिसके कारण दो लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए।

### ब्रिटेन के प्रार्थना प्रतिबंध पर भारतीय मूल की प्रधानाचार्या को मिली जीत

**लंदन।** अक्सर ब्रिटेन की सबसे सख्त प्रधानाध्यापिका बताई जाने वाली भारतीय मूल की एक स्कूल प्रधानाचार्या ने मंगलवार को ब्रिटेन के उच्च न्यायालय के उस फैसले का स्वागत किया जिसमें उनके द्वारा प्रार्थना पर लगाए गए प्रतिबंध को बरकरार रखा गया।

प्रार्थना को भेदभावपूर्ण बताते हुए एक मुस्लिम छात्र ने इसे कानूनी रूप से चुनौती देने की मांग की थी। उसके बाद प्रधानाचार्या ने प्रार्थना पर रोक लगा दी थी। भारतीय-गुयाना मूल की कैथरीन बीरबलसिंह ने बताया था कि वेम्बली में लड़कों और लड़कियों के लिए एक धर्मनिरपेक्ष माध्यमिक विद्यालय- मिशेला स्कूल ने समावेशी माहौल को बढ़ावा देने के लोकाचार के अनुरूप धार्मिक प्रार्थनाओं की अनुमति नहीं दी गई। स्कूल में आधे छात्र मुस्लिम हैं और बड़ी संख्या में सिख, हिंदू और ईसाई छात्र भी हैं। बीरबलसिंह ने बताया जैसा कि शासी निकाय को ज्ञात है, स्कूल विभिन्न कारणों से विद्यार्थियों के उपयोग के लिए प्रार्थना कक्ष उपलब्ध नहीं कराता है।

# परमाणु संयंत्र पर हमले को लेकर आईएईए ने दी चेतावनी

- मारियानो ग्रॉसी बोले- बढ़ रहा है रेडियोलॉजिकल हादसों का जोखिम, तुरंत बदं हो हमले

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

रूस और यूक्रेन ने यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर हुए हमलों के लिए सोमवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के समक्ष एक दूसरे पर दोषारोपण किया। इसको लेकर अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख ने कहा कि इसने दुनिया को खतरनाक रूप से परमाणु हादसे के करीब पहुंचा दिया है। आईएईए महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी ने कहा कि उनकी एजेंसी ने 7 अप्रैल से जापोरीजिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के खिलाफ तीन हमलों की पुष्टि की है। उन्होंने सुरक्षा परिषद से कहा कि ये लापरवाह हमले तुरंत बंद होने चाहिए। हालांकि, सौभाग्य से, इस बार उनके कारण कोई रेडियोलॉजिकल हादसा नहीं हुआ है, लेकिन इससे जोखिम काफी बढ़ जाते हैं जहां परमाणु सुरक्षा से पहले ही समझौता किया जा चुका है।

ग्रॉसी ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि संयंत्र पर हमला करने वाले ड्रोन की रिमोट-नियंत्रित प्रकृति का मतलब है कि यह निश्चित रूप से पता लगाना असंभव है कि उन्हें किसने संचालित किया। उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ कहने के लिए हमारे पास सबूत होना चाहिए।

## खतरे का अंदेशा


### आने वाले दिनों में भू चुम्बकीय सौर तूफान पृथ्वी के ध्रूवों तक पहुचने की आशंका

# जबरदस्त विस्फोटों की चपेट में है सूर्य

अमृत विचार, नैनीताल

वर्तमान सौर चक्र आसमान छूने में लगा है। जबरदस्त विस्फोटों की चपेट में सूर्य रोजाना आग उगल रहा है। आने वाले दिनों में सूर्य की सतह पर जबरदस्त विस्फोट होने की संभावना वैज्ञानिक जता रहे हैं। जिनसे निकलने वाले सौर चुम्बकीय तूफानों का असर धरती के वातावरण तक असर डालेंगे।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व कार्यवाहक निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा वहाब उद्दीन ने बताया कि सौर गतिविधि दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। सूर्य की सतह पर जटिल चुंबकीय क्षेत्र वाले कई सनस्पॉट समूह बने हुए हैं। सूर्य के उत्तरी और दक्षिणी गोलार्ध में पूर्वी सौर हिस्से में उभरते हुए सनस्पॉट समूह अधिक सक्रिय हैं । इन सन स्पॉट समूहों से बड़े भीषण ज्वालाएँ उत्पन्न हो सकती हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान सूर्य ने आधा दर्जन एम-श्रेणी की सौर ज्वालाएँ उत्पन्न की हैं। यह स्पॉट सूर्य के उत्तरपूर्वी छोर पर स्थित हैं। एक बड़ा सन स्पॉट संख्या ए आर 3639 लगातार अपना आकार बड़ा रहा है, जो कुछ दिनों के अंतराल में लाखों किमी फैलकर चौगुना हो गया है। अब इसकी दिशा पृथ्वी के सामने की ओर बड़ रही है। इसमें जियोइफेक्टिव सोलर फ्लेयर्स (ज्वाला) की संभावना है। इन दिनों सूर्य की सतह सन स्पॉट से भरी हुई है। इस सौर चक्र में अभी तक हजारों विस्फोट हो चुके हैं। इनसे निकलने वाले सौर तूफानों का असर पृथ्वी के ध्रूवों तक नजर आया है। जिनमें सभी सबसे बड़ी ज्वाला एक्स श्रेणी की कई बार निकल चुकी हैं। दुनियाभर के सौर वैज्ञानिकों की नजरें इन पर लगी हुई हैं।



सूर्य की सतह पर उभरे सन स्पॉट।

### रिकॉर्ड तोड़ विस्फोटों की झड़ी लगी है सूर्य पर

डा वहाब उद्दीन के अनुसार सूर्य का यह दौर अत्यधिक सक्रियता से गुजर रहा है, जो 2025 तक बना रह सकता है। इस दौर में वैज्ञानिकों की अपेक्षा से कहीं अधिक विस्फोट हो चुके हैं। आने वाले दिनों में भी सौर सक्रियता का दौर जारी रहेगा। जिनसे हमारे सैटेलाइट, पृथ्वी पर इलेक्ट्रिक्स व इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के अलावा हवाई सेवाओं व मोबाइल नेटवर्क में भी असर पड़ने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।

# वृन्दावन में 70 मंजिला मंदिर से पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा



- आठ करोड़ डॉलर की लागत से बन रहा है वृन्दावन हेरिटेज टॉवर

वाशिंगटन, एजेंसी

इस्कॉन के एक शीर्ष पदाधिकारी ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश के वृंदावन में भगवान श्रीकृष्ण का गगनचुंबी मंदिर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय संस्कृति के एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरेगा और भारत में पर्यटन और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा। ग्लोबल हरे कृष्णा मूवमेंट के उपाध्यक्ष और इस्कॉन बैंगलोर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंचलपति दास ने कहा कि आध्यात्मिकता के लिए कोई टूटा-फूटा बुनियादी ढांचा नहीं हो सकता और मंदिर हमेशा जर्जर स्थिति में नहीं रह सकते। वृन्दावन हेरिटेज टॉवर 70 मंजिल ऊंचा और 210 मीटर होगा, जो आठ करोड़ अमरीकी डालर की लागत से बनाया जा रहा है। दास ने निर्माणाधीन वृन्दावन हेरिटेज टॉवर के बारे में कहा कि जब वे भारत आयेंगे तो निःसंदेह वे अच्छे हवाई अड्डे देख सकते हैं। वे आध्यात्मिकता की भी तलाश में होंगे। अब ऐसे में हमार पास विदेशियों को भारत लाने और उन्हें दिखाने के लिए धार्मिक बुनियादी ढांचा होना चाहिए, जिन पर आप गर्व कर सकें।